

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण



वर्ष : 12 | अंक : 342 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | गुरुवार, 19 दिसंबर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य – ₹ 2


## एक नजर

### सेना के अभ्यास के दौरान बम विस्फोट, दो सैनिकों की मौत



**बीकानेर।** बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आज (18 दिसंबर) प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान टैंक में गोला–बारूद लोड करते समय कम से कम दो सैनिकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया, एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा फायरिंग रेंज में इस सप्ताह यह दूसरी घातक घटना है।

रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा ने कहा, घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई है और एक घायल है। विस्फोट की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। लूणकरणसर (बीकानेर) के सर्किल ऑफिसर नरेंद्र कुमार पूनिया ने कहा तीन सैनिक टैंक के साथ अभ्यास कर रहे थे। विस्फोट में आशुतोष मिश्रा और जितेंद्र की मौत हो गई। घायल सैनिक को हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ ले जाया गया है। जहां मिश्रा उत्तर प्रदेश के देवरिया से थे, वहीं जितेंद्र राजस्थान के दौसा से आए थे। उनके शवों को सूरतगढ़ सैन्य स्टेशन ले जाया गया।

### बांग्लादेश में हसीना की पार्टी के 400 लोगों की हत्या



**ढाका।** बांग्लादेश में हिन्दुओं समेत अल्पसंख्यकों को तो निशाना बनाया ही जा रहा है, वहां पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी के कार्यकताओं को भी चुन–चुनकर ठिकाने लगाया जा रहा है। हसीना की पार्टी अवागी लीग का दावा है कि जुलाई से लेकर अब तक उसके 400 कार्यकताओं का कत्ल कट्टरपंथियों के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यकाल में हुआ है।

**कौन है हत्यारा :** उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट छात्र आंदोलन की आड़ में किया गया था। तख्तापलट के समय बांग्लादेश में काफी हिंसा हुई थी। शेख हसीना वहां से भागकर भारत आ गई थीं।

### दिल्ली में 60से अधिक के बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को घोषणा की कि दिल्ली में उनकी पार्टी के सत्ता में लौटने पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के नि :शुल्क उपचार के लिए संजीवनी योजना शुरू की जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि इस योजना के लिए पंजीकरण 2–3 दिन में शुरू हो जायेगा। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में प्रस्तावित है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि आम आदमी पार्टी के स्वयंसेवी इस योजना के लिए पात्र बुजुर्गों का पंजीकरण कराने के लिए घर–घर जाएंगे। चुनाव के बाद आप सरकार इस योजना को लागू करेगी।

उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न कई परिवारों में भी बुजुर्गों का ध्यान नहीं रखा जाता है। लेकिन, चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि उनका यह बेटा अभी जीवित है। योजना में इनकम लिमिट भी नहीं होगी।

## झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार का बड़ा अल्टीमेटम, मोदी सरकार को दी कोयला पर बड़ी चेतावनी कहा-

# कोयले का एक ढेला बाहर नहीं जाने देंगे

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड की सत्ता संभालने के बाद से हेमंत सोरेन पूरी तरह एक्शन में हैं। हेमंत सोरेन लगातार केंद्र सरकार पर प्रदेश की बकाया राशि को लेकर हमला कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति ये है कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार और केंद्र की मोदी सरकार आमने-सामने हैं। हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखते हुए कहा कि झारखंडियों के हक में इस बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है - फिर भी भाजपा सरकार द्वारा इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है।



**हेमंत का तीखा हमला :** उन्होंने आगे लिखा कि हम इसे होने नहीं देंगे। झारखंड भाजपा अगर इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ अपनी आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह साफ माना जाएगा कि वे इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

**केंद्र का इनकार :** ध्यान रहे कि झारखंड सरकार केंद्र सरकार से कोयला रॉयल्टी के एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये का दावा कर रही है। केंद्र सरकार ने इसे ठुकरा दिया है। लोकसभा में बिहार से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बकाया पैसों का मुद्दा उठाया और पूछा कि केंद्र सरकार झारखंड का पैसा देने में देरी क्यों कर रही है। उसके जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि झारखंड सरकार का कोयला राजस्व का पैसा केंद्र सरकार के पास लंबित नहीं है।

**झामुमो की चेतावनी**

संसद में वित्त राज्य मंत्री की ओर से इस तरह का जवाब आने के बाद झामुमो सरकार पूरी तरह केंद्र पर हमला कर रही है। झामुमो के प्रवक्ता ने भी कहा है कि अब झारखंड की जमीन से रेलवे की होने वाली माल ढुलाई पर भी रॉयल्टी लेंगे। झामुमो की ओर से निजी कंपनियों को चेतावनी जारी की गई है। उसमें कहा गया है कि राज्य सरकार बकाया पैसा जमा करे। फिलहाल ये मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है। खासकर हेमंत सोरेन के एक्स पर लिखने के बाद।

### हेमंत सोरेन का ट्वीट- 1.36 लाख करोड़ की मांग हवा-हवाई नहीं है बाबूलाल जी

लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा एक सवाल के जवाब में यह कहा गया कि झारखंड सरकार का कोई पैसा केंद्र पर बकाया नहीं है. इस जवाब के बाद झारखंड की राजनीति गरमा गई है. एक तरफ सरकार ने बकाये को लेकर तमाम तरह के तथ्य व दस्तावेज दिये हैं, कानूनी कार्रवाई करने की बात की है. वहीं झामुमो ने विरोध में आंदोलन की बात की है. वहीं भाजपा के द्वारा 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाये और इसकी मांग को हवा-हवाई बताया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कहा कि झामुमो ने हवा-हवाई बातें की. केंद्र सरकार पर 1.36 करोड़ रुपये बकाये का भ्रामक आरोप लगाये. इसके जवाब में बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है. झारखंडी हकों का आपका विरोध वाकई दुखद है. जब आपको अपने संगठन की पूरी ताकत लगाकर हमारे साथ खड़ा होना था, तब आप विरोध कर रहे हैं. खैर, हम अपना हक अवश्य लेंगे. क्योंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक है।

## झारखंड की दुष्कर्म पीड़िता से मिलने गुजरात के भरूच पहुंचीं दीपिका पांडेय सिंह, कहा-

# बेहतर ईलाज के लिए करेंगे एयर लिफ्ट

### हम उसे इलाज के लिए दूसरे सेंटर ले जाने को तैयार है : मंत्री

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पलामू जिले पांकी की रहनेवाली एक दस साल की बच्ची के साथ गुजरात में पलामू के ही एक विजय नाम के शख्स ने दुष्कर्म किया. मामले की जानकारी मिलने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने इसे गंभीरता से लिया. तत्काल ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह गुजरात रवाना हुईं. उन्होंने भरूच में दस साल की रेप पीड़िता से मुलाकात की. भरूच में मीडिया से मुखातिब दीपिका ने कहा कि पीड़िता की हालत गंभीर है. झारखंड सरकार मामले को लेकर काफी गंभीर है. झारखंड सरकार हर संभव मदद करेगी. जरूरत पड़ने पर पीड़िता को बेहतर ईलाज के लिए एयर लिफ्ट भी कराया जा सकता है. बताते चलें कि 30 वर्षीय आरोपी विजय विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ललकीमाटी टोला का रहने वाला है. तीन भाइयों में सबसे बड़ा है. उसकी मां जीतू देवी वार्ड नंबर 7 की सदस्य है. वह 14 साल से भरूच में मजदूरी करता है. पत्नी और दो बच्चे पलामू में रहते हैं।



दीपिका पांडये सिंह ने भरूच में कहा कि दुष्कर्म की शिकार 10 साल की बच्ची का फिलहाल बडोदरा के एसएसजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. रेप पीड़िता, उसके परिवार और डॉक्टरों से मुलाकात की. उन्होंने बताया कि बच्ची की हालत गंभीर है. आगे के इलाज के लिए अगर उन्हें हायर सेंटर ले जाना होगा तो झारखंड सरकार तैयार है. उन्होंने बताया- घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हम यहां मिले आए हैं. हमारे साथ एडीजी सुमन गुप्ता जी (आईपीएस) और समाज कल्याण विभाग के निदेशक किरण पासी हैं. वहीं कहा कि झारखंड सरकार ने तीन सदस्यीय टीम भेजी है. झारखंड सरकार ने लड़की के परिवार को चार लाख की सहायता दी है. मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुजरात सरकार से मांग की कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले. आरोपी भी झारखंड का है, लेकिन आरोपी कोई भी हो उसे सजा मिलनी चाहिए।

### क्या है पूरा मामला

आरोपी पीड़ित लड़की के घर के बगल में ही रहता है और उसके पिता के साथ उसी कारखाने में काम भी करता है. पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को गिरफ्तार किया है. सोमवार को लड़की अपने घर के पास खेल रही थी. उसी समय विजय वहां आया और उसे अगवा करके अपने साथ झाड़ियों में ले गया. वहां अपनी हवस का शिकार बनाया और लड़की की प्राइवेट पार्ट में रॉड डाल दिया. इससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें आई हैं. उसे बड़ोदरा के एसएसजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. डॉक्टर ने बताया- बच्ची के पेट व मुंह पर गंभीर जख्म है. स्थिति नाजुक है. पीड़ित बच्ची बार-बार कह रही है कि पड़ोस में रहने वाले विजय ने पहले उसे पत्थर मारा, चाकू मारा, फिर गलत काम किया।

# प्रिंयका, मनीष तिवारी होंगे एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में शामिल : सूत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सूत्रों ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में लोकसभा से प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत और राज्यसभा से रणदीप सुरजेवाला शामिल होंगे। मंगलवार को तीखी बहस के बाद लोकसभा में एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था वाले दो विधेयक पेश किए गए। विपक्ष ने इस कदम को तानाशाहीपूर्ण बताया जबकि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह कानून राज्यों को प्राप्त शक्तियों से छेड़छाड़ नहीं करेगा।



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने करीब 90 मिनट की बहस और मत विभाजन के बाद संविधान (129वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश किया। विधेयक के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 सदस्यों ने मतदान किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि अनुसूची 7 से परे मूल ढांचा है जिसे बदला नहीं जा सकता और विचाराधीन विधेयक संविधान पर हमला है।

उन्होंने विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की। तिवारी के विरोध के बाद कई अन्य विपक्षी दलों ने भी यही रुख अपनाया कि यह विधेयक संविधान की भावना के खिलाफ है। सपा नेता धर्मेंद्र यादव, टीएमसी के कल्याण बनर्जी और डीएमके के टीआर बालू, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी उन प्रमुख नामों में शामिल थे जिन्होंने विधेयक का विरोध किया।

**टीएमसी से कल्याण बनर्जी और साकेत गोखले :** तृणमूल कांग्रेस ने एक साथ चुनाव संबंधी विधेयकों पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से संसद की प्रस्तावित संयुक्त समिति के लिए अपने लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी और उनके राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले के नाम सुझाए हैं। अन्य पार्टियां भी प्रस्तावित समिति में अपने सदस्यों के नाम सुझाने की प्रक्रिया में हैं।

## कलुंगा रेलवे फाटक पर भीषण रेल दुर्घटना

# तीन बाइक सवार ट्रेन की चपेट में, पांच लोगों की मौत



एजेंसी

**राजगांगपुर।** कलुंगा रेलवे फाटक के पास एक भीषण रेल दुर्घटना में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तीन बाइक सवार फाटक पार करने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आकर सभी की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय फाटक बंद था, लेकिन बाइक सवार जल्दबाजी में फाटक के नीचे से गुजरने की कोशिश कर रहे थे। तभी तेज गति से आ रही ट्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना इतनी भीषण थी कि मौके पर ही पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने राउरकेला और राजगंगपुर स्टेशन पर गाड़ियों को रोक दिया है। फिलहाल रेल यातायात बाधित है, और राहत व बचाव कार्य जारी है। पुलिस और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं और मामले की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक घटना ने इलाके में शोक और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। प्रशासन ने लोगों से रेल फाटक पार करते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

# फ्रांस में चक्रवात चिडो ने मचाई तबाही, सैकड़ों लोगों की मौत

एजेंसी

**पेरिस।** फ्रांस के मायोट द्वीप पर चक्रवात चिडो ने भारी तबाही मचाई है. इस विनाशकारी तूफान के कारण सैकड़ों लोगों की जान चली गई और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है. बताया जा रहा है कि यह चक्रवात पिछले 90 वर्षों में मायोट में आया सबसे भयंकर तूफान है. इस त्रासदी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया और फ्रांस को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्वमायोट में चक्रवात चिडो के कारण हुई तबाही से मैं बहुत दुखी हूं. मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व में फ्रांस इस संकट से मजबूती से उबरेगा. भारत इस कठिन समय में फ्रांस के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने को तैयार है.ह्व मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस चक्रवात में मरने वालों की संख्या सैकड़ों में है, जो करीब एक हजार या उससे भी अधिक हो सकती है. अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का सही आंकलन करना बेहद मुश्किल हो रहा है। चक्रवात की वजह से मायोट में एयरपोर्ट और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति पहुंची है. बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है. फ्रांस सरकार ने राहत और बचाव कार्यों के लिए 140 नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन कर्मियों को तैनात किया है। यह खतरनाक चक्रवात दक्षिण-पूर्वी हिंद महासागर से होकर गुजरा, जिससे कोमोरोस और मेडागास्कर भी प्रभावित हुए हैं. हालांकि, मायोट इस चक्रवात की सीधी चपेट में आया, जिससे यहां सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे मायोट के पुनर्निर्माण और राहत कार्यों में फ्रांस की सरकार जुटी हुई है. दुनियाभर से संवेदनाएं और समर्थन की पेशकश की जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख



## 54 नक्सली वारदातों में शामिल रहे

# कुख्यात नक्सली से एनआईए कर रही पूछता

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** तोपचांची थाना उड़ाने समेत 54 नक्सली वारदातों में शामिल रहे कुख्यात नक्सली रामदयाल महतो से एनआईए पूछताछ कर रही है. एनआईए ब्रांच रांची ने रामदयाल महतो को चार दिनों की रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ शुरू कर दी है. रामदयाल महतो ने इस साल 28 सितंबर को आधिकारिक रूप से गिरिडीह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।



**तोपचांची थाना उड़ाने और एसएलआर सहित लगभग 07–08 हथियार लूटने में था शामिल:** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पीपराडीह निवासी रामदयाल महतो उर्फ बच्चन धनबाद के तोपचांची थाना उड़ाने एवं एसएलआर सहित लगभग 07-08 हथियार को लूटने के मामले में अहम भूमिकी निभाई थी. इसके अलावा साल 2022 में रामदयाल की अगुवाई में ही डुमरी थाना के तेलियाबहियार गांव में उप मुखिया असलम अंसारी को पुलिस मुखबिर घोषित कर गोली मारकर हत्या की गई थी.रामदयाल के विरुद्ध झारखण्ड में लंबा आपराधिक इतिहास रहा है. गिरिडीह व धनबाद जिले के 54 नक्सली वारदातों में वह शामिल रहा है. गिरिडीह जिले के 43 कांड एवं धनबाद जिले के 11 कांडों में पुलिस को रामदयाल की तलाश थी।

# अश्लील फोटो और वीडियो मामले में सोशल साइट्स पर भी दर्ज होगी एफआईआर

♦ ब्लैकमेल करने वाले सीआईडी के रडार पर

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** किसी के फोटो और वीडियो से छेड़छाड़ कर उसे अश्लील बनाकर सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल करने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं. झारखंड में भी कई मासूम बच्चियों समेत कई वीआईपी के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं. कई के मामले थाने तक पहुंचे जिसमें गिरफ्तारियां भी हुईं लेकिन ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए अब झारखंड सीआईडी को बड़ा टास्क दिया गया है.



**इन वजहों से लिया गया यह फैसला**

झारखंड में सोशल मीडिया साइट पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी, अश्लील फोटो, वीडियो वायरल करने के मामले सामने आए हैं. आम से लेकर खास तक इसके शिकार हुए हैं. कई बार तो सोशल साइट हैक करके अश्लील वीडियो वायरल कर ठगी भी की गई है. इन मामलों में पुलिसिया कार्रवाई भी हुई, आरोपियों को पकड़ा भी गया, लेकिन इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं. इसी वजह से झारखंड पुलिस ने यह कदम उठाया है। इसी साल दिसंबर महीने में झारखंड की एक पूर्व महिला विधायक का अश्लील वीडियो और फोटो सोशल साइट पर वायरल किया गया था, यह मामला काफी चर्चित हुआ था। 12 दिसंबर को पश्चिम बंगाल की नाबालिग लड़की को डरा धमकाकर और उसकी अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने के मामले में मालदा निवासी शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अकार्पाराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा के खिलाफ नगड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। 10 अक्टूबर को झारखंड सरकार के झारगोव टीवी के फेसबुक और इंस्टाग्राम को अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक साथ हैक कर लिया था. हैक करने के बाद उसमें अश्लील वीडियो और फोटो डाल दिए गए थे. मामले को लेकर रांची के गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### नौका पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत, कई लापता

एजेंसी

**कांगो।** अफ्रीकी देश कांगो में मंगलवार को यात्रियों को ले जा रही एक नौका के नदी में पलटने से नौका सवार कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई वहीं कई लोग लापता हैं। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी।

बताया जा रहा है कि कांगो की राजधानी किंशासा के उत्तर-पूर्व में इनोंगो शहर से रवाना हुई इस नौका में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। यह हादसा फिमी नदी में हुआ। लापता लोगों की तलाश के लिए मंगलवार को अभियान प्रारंभ किया गया। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इनोंगो के रिवर कमिश्नर डेविड कालेम्बा ने कहा, नौका में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे।

# झारखंड में 20 दिसंबर को होगी बारिश, 21 से फिर बढ़ेगी कनकनी

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ठंड का कहर दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है. लेकिन अब इससे थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. 18 और 19 दिसंबर को मौसम थोड़ा शुष्क रहेगा. साथ ही ठंडी हवाओं से झारखंडवासियों को राहत मिलेगी. जिससे कंपकंपी ज्यादा नहीं होगी. इसी बीच 20 दिसंबर से झारखंड के मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा. 20 दिसंबर को कई जिलों में बारिश की संभावना है।

**20 को बारिश 21 से फिर बढ़ेगी ठंड**

मौसम केंद्र रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 18 और 19 दिसंबर को मौसम शुष्क रहेगा. जिससे शीतलहर से लोगों के थोड़ी राहत मिलेगी. उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम भारत में हिमालय की ओर से आने वाली ठंडी हवाओं के झोंके से राहत मिली है. जिससे न्युतम पारा बढ़ेगा और ठंड से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि 20 और 21 दिसंबर को झारखंड में बारिश की संभावना है. झारखंड के दक्षिणी और मध्य इलाकों में हल्के या मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है. जिससे इन दिनों तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी. मौसम विभाग के मुताबिक, 21 दिसंबर से फिर से ठंड बढ़ेगी, वहीं कई इलाकों में कोहरे छाए रहेंगे. वहीं 22 दिसंबर को 22 को ओडिशा से सटे कुछइलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना है।



## जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



दबंग हिन्द, संवाददाता

**रामगढ़।** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमवार संचालित योजनाओं व विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला सुपरवाइजर्स को 28 दिसंबर तक शत प्रतिशत गर्भवती व धात्री माताओं का डाटा पोषण ट्रैकर ऐप में अंकित करने एवं ससमय सभी को पोषाहार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों यथा इन्फैंटोमीटर, स्टेडिओमेटर, वेट स्केल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र वार वर्तमान में आवश्यकता अनुसार ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों का आकलन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रभावी संचालन को लेकर उपायुक्त ने वर्तमान में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की रिक्तियों की जानकारी लेते हुए आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 46 एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के 4 पदों पर रिक्तियां भरे जाने हेतु निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने एवं नियुक्ति हेतु आयोजित होने वाली आम सभा का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। कुपोषण उन्मूलन की दिशा में किया जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को उनके उनके क्षेत्र में प्रभावित तरीके से गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके उपचार हेतु नजदीकी एमटीसी केंद्र में उन्हें भर्ती करने का निर्देश दिया।

# गुमला नगर भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दबंग हिन्द, संवाददाता

**गुमला।** मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के निर्देश पर डी जी पी महोदय झारखण्ड के मार्गदर्शन में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण हेतु गुमला जिला में जिला स्तर पर दूसरी बार ह्यह्यजन शिकायत समाधान कार्यक्रमह्यह्य का आयोजन नगर भवन, गुमला में किया गया है। उक्त कार्यक्रम के मॉनिटरिंग हेतु पुलिस अधीक्षक, गुमला स्वयं उपस्थित रहे, साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), गुमला, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, पुलिस उपाधीक्षक (परिवीक्ष्यमान), गुमला सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

**नगर भवन, गुमला के अतिरिक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन :**

- गुमला अनुमण्डल अन्तर्गत थाना परिसर, घाघरा,
- बसिया अनुमण्डल अन्तर्गत, थाना परिसर, बसिया तथा



- चैनपुर अनुमण्डल अन्तर्गत, थाना परिसर, रायडीह,

**थाना परिसर, डुमरी तथा थाना परिसर, चैनपुर में किया गया:** जन शिकायत समाधान कार्यक्रमके तहत दिनांक 10.09.2024 को गुमला जिला अन्तर्गत कुल -223 शिकायत प्राप्त हुए त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित थाना प्रभारी एवं वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया था इसमें से 200 शिकायत पत्रों का निश्पादन हो चुका है। दिनांक 10.09.2024 से दिनांक 30.11.2024 तक कुल -377 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 247 आवेदनों का निश्पादन किया जा चुका है, शेश शिकायतों का त्वरित समाधान हेतु अग्रतर कार्यवाही की जा रही है।

गुमला जिलान्तर्गत जन शिकायत समाधान कार्यक्रमह्यह्य के तहत कुल-87 शिकायत पत्र प्राप्त हुए। सभी का पंजीकरण करते हुए प्राप्ति रसीद दिया गया तथा त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित थाना प्रभारी एवं वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रमह्यह्य के तहत गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नये आपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफ०आई०आर० एवं ऑन लाईन एफ०आई०आर डायल-112 तथा 1930 (साईबर फ्रॉड), एस०सी०/एस०टी० अत्याचार निवारण अधिनियम, डायन प्रथा, सम्पति मूलक अपराध, सड़क सुरक्षा, साईबर अपराधियों द्वारा ठगी के तरीके तथा अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चिटफंड, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों का सेवन/बिक्री की रोकथाम आदि के बारे में जानकारी दी गई।

आगे भी आम जनों द्वारा अपने शिकायतों/समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु गुमला पुलिस द्वारा जारी मोबाईल नं0/व्हाट्सएप नं0: $91-9508165460 एवं ई.मेल आई0डी0- janshikayatgumla@jhpolice.gov.in पर अपनी शिकायत/समस्याओं को साझा किया जा सकता है।

## किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी को दो घंटे कब्जे में रखा, पुलिस ने मुक्त कराया



दबंग हिन्द, संवाददाता

**चाईबासा ।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मौलानगर में 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला आया है. घटना के बाद आक्रोशित सैकड़ों लोगों की भीड़ ने आरोपी को पकड़ लिया. सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर आरोपी रहीमाबाद निवासी मोहम्मद अजमल को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने पुलिस व ग्रामीणों के समक्ष अपना जुर्म कबूल कर लिया है. इस मामले को लेकर किरीबुरु डीएसपी, जगन्नाथपुर डीएसपी सहित कई थानों के प्रभारी दलबल के साथ जगन्नाथपुर पहुंचे हैं।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम करीब सात बजे किशोरी घर के पीछे मौलानगर आंगनबाड़ी केंद्र के पास बेहोश पड़ी थी. उसे अस्त-व्यस्त अवस्था को देख परिजनों की रूह कांप गयी. उसे फौरन जगन्नाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. यहां डॉक्टरों ने नाजुक हालत देख रेफर कर दिया. उसे चंपुआ अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर मृत घोषित कर दिया।

# घाघरा थाना क्षेत्र में नहीं रुक रहा है अवैध बालू का उठाव

## किस अधिकारी के संरक्षण में चल रहे हैं अवैध बालू का खेल

दबंग हिन्द, संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र में बालू के कारोबार पर बालू माफियो का है राज धड़तले से चल रहा है अवैध बालू का कारोबार चाहे रात के अंधेरे हो य दिन का उजाला बेखौफ होकर बालू माफियो अवैध बालु का करते हैं उठाव ।घाघरा थाना के गेट के सामने से औ प्रखंड कार्यालय के गेट के सामने से रोजाना बालू की तस्करी की जाती है दर्जनो ट्रैक्टर से सुबह से रात तक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर गुजरती है जानकारी के अनुसार घाघरा थाना क्षेत्र के परसाटोली गुटुवा कोयल नदी से टांगर शिकवार होते हुए घाघरा मुख्य सड़क एवम थाना के गेट के सामने से अवैध बालू लेकर आराम से गेट के पास से गुजरते हैं अवैध बालू लदा ट्रैक्टर का चालक भी आधे से ज्यादा नाबालिक चालक रहते हैं और तो और गाड़ी में नंबर भी नहीं रहता है



जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है सेटिंग ऐसा की बालू माफिओ है के ट्रैक्टर में भी नंबर नहीं रहते एवं चालक भी नाबालिक होते हैं जिससे आए दिन बालू माफियाओं के ट्रैक्टर से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है फिर भी प्रशासन रहते हैं मौन

**आखिर किन अधिकारियों का है संरक्षण बालू माफियाओं पर:** बालू माफियाओं सेटिंग ऐसा की कुछ बालू माफिया है प्रखंड कार्यालय के गेट के सामने तो कुछ बालू माफिया थाना गेट के सामने खड़े रहकर सारे गतिविधियों की जानकारी दूरभाष के द्वारा ड्राइवर तक पहुंचाते हैं जिससे बालू लदे ट्रैक्टर को आसानी से पार करा सके बालू माफियाओं में अधिकारियों का थोड़ा भी भय नहीं है बेखौफ होकर रफ्तार से अवैध बालू का कर रहे हैं उठाव जिससे सरकार को रोजाना हो रहा है लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान आलम यह है कि अब बालू ट्रैक्टर से घाघरा में बेचा जा रहा है एवं हाईवा से अंधेरी रात में रांची भी भेजा जा रहा है अवेध बालू फिल्मी स्टाइल में चल रहा अवैध बालू का खेल।

## रेल मंडल के कलूंगा स्टेशन के पास बड़ा हादसा, तीन की मौत, दो गंभीर



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर रेल मंडल के कलूंगा स्टेशन के पास शुक्रवार को एक भीषण रेल हादसा हुआ, जिसमें तीन बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंद रेल फाटक को पार करने के प्रयास में तीन बाइक मालगाड़ी की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और सवारों के परखच्चे उड़ गए। घटना स्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे के बाद रेलवे और प्रशासन ने लोगों से बंद रेल फाटकों को पार करने की कोशिश न करने की अपील की है। यह घटना रेलवे सुरक्षा और सतर्कता की कमी को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर रही है।

## विधान से समाधान के तहत मुख्यालय के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दबंग हिन्द, संवाददाता

**घाघरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के तत्वावधान में बुधवार को घघरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिलाओं के हितार्थ कानूनी एवं लाभकारी योजनाओं की दृष्टिगत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा सचिव रामकुमार लाल गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार एवं स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । महिलाओं की सुरक्षा के लिये बनाये गए कानून प्रावधानों और योजनाओं से जुड़े कई जानकारियां प्रदान की गई। डालसा सचिव रामकुमार लाल गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, एलडीएसएस चीफ डी एन ओहदार, पैनल अधिवक्ता शारदा पांडे,सहित न्यायिक स्वयंसेवक जोशिन्ता कुजूर ने कार्यक्रम को किया



संबोधित ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराध जैसे एसिड हमला, दुष्कर्म, अपहरण, मानव तस्करी, क्रूरता, दहेज उत्पीड़न अथवा अन्य किसी भी अपराध के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस तरह की घटनाएं पीड़िता को झकझोर कर रख देती है। दोषियों को सजा देने का कार्य न्यायालय का है, जरुरत है समय रहते आवाज उठाने की।यदि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहेंगी तभी अपने आस-पास के लोगों की मदद कर सकती है। उन्होनें कहा कि समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार अगर बात वेतन मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता है। कायर्स्थल पर हुए यौन उत्पीड़न अधिनियम के अनुसार आपको यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का पूरा अधिकार है।शिकायत पर तत्काल करवाई होगी । यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को नाम न छापने देने का अधिकार है।अपनी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए यौन उत्पीड़न की शिकार हुई महिला अकेले अपना बयान किसी महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी मे या फिर जिलाधिकारी के सामने दर्ज करा सकती है। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि यदि किसी मामले में अगर आरोपी एक महिला है तो उस पर की जाने वाली कोई भी चिकित्सा जांच प्रक्रिया किसी महिला द्वारा या किसी दूसरी महिला की उपस्थिति में ही की जानी चाहिए।

## पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज का हुआ आगमन



**रामगढ़।** पूज्य मुनि ने कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और धर्म के मार्ग पर चलना है। आप अपने अच्छे कर्म करते रहे निश्चित आपका जीवन उज्वल एवम सकारात्मक होगा। मनुष्य को अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए और सदा अहिंसा, सत्य और त्याग के पथ पर चलना चाहिए। मानिक चंद जैन ने कहा की पूज्य मुनि का आगमन पूरे रामगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उनकी प्रेरणादायी शिक्षाएं आने वाले समय में लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगी।

## भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलयारी कर्मचारी संघ ने प्रबंधन के साथ की बैठक



दबंग हिन्द, संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा रेस्ट हाउस के कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलयारी कर्मचारी संघ के द्वारा कामगारों के हित से संबंधित 63 सूत्री मांगों को लेकर भुरकुंडा परियोजना प्रबंधन के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रबंधन की ओर से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, माईन ए मैनेजर कमर फहीम, पर्सनल मैनेजर देवेंद्रु कुमार, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद कुमार, ईएंडएम के प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ, भुरकुंडा अस्पताल के डॉ नदीम अनवर और संगठन की ओर से महामंत्री शशी भूषण सिंह, केंद्रीय मंत्री सह क्षेत्रीय सचिव शंभु प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य श्रीकांत गुप्ता, संगठन मंत्री जेपी अग्रवाल, उपाध्यक्ष ललन प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रबंधन से वार्ता के दौरान भुरकुंडा परियोजना सीसीएल सीकेएस के सचिव अनिल पासवान अध्यक्ष, नौशाद आलम ने कामगारों से संबंधित सभी मुद्दों पर बात रखते हुए इसके समाधान के लिए प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिसपर प्रबंधन ने जल्द से जल्द सभी मुद्दों का तय समय सीमा के अंदर सुलझाने का आश्वासन दिया। मौके पर कन्हैया सिंह यादव, लक्ष्मी प्रसाद, दिनकर सिंह, नौशाद आलम, दुधेश्वर महतो, फारुख रजा, आरिफ हुसैन, भावग्राही महंतो, राहुल कुमार, आदित्य कुमार, राहुल रॉय, रामशरण, राजकुमार, महेंद्र सिंह यादव, शिवकुमार, बिंदेश्वर मुंडा आदि मौजूद थें।

# आंगनबाड़ी केंद्र में खड़ी 5 बाइक को अज्ञात अपराधियों ने किया आग के हवाले

## दीवार तोड़कर सभी 5 पेंटर की ग्रामीणों ने मिलकर बचाई जान

दबंग हिन्द, संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलागड़ा पंचायत के नवाटोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पेंटिंग का काम करने के लिए आए लोहरदगा जिला के 5 पेंटरों की बाइक को अज्ञात अपराधियों के द्वारा बीती देर रात आग के हवाले कर दिया गया।जिससे सभी बाइक जलकर पूरी तरह से राख हो गई।पीड़ित लोहरदगा किस्को निवासी अजय उरांव ने बताया छोटू राम, नंदेश्वर बाड़ईक, बादल एवं रामदुलार चिक बड़ाईक यह पांचो नावा टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में फोटो, कार्टून व अल्फाबेट पेंटिंग का काम करने के लिए ठेकेदार रामवीर के निर्देश पर मंगलवार की शाम को पहुंचे थे। वहीं बरामदा में सभी 5 बाइक खड़ाकर बगल के रूम में सोए हुए थे। देर रात जलने की गंध आने पर बाहर निकले तो पाया कि सभी पांचो बाइक आग से धधक रही थी। ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब



तक सभी जलकर राख हो चुके थे। बाइक में आग लगने की वजह से अंदर सो रहे लोगों का दम घुटने लगा। जिसके बाद पीछे का दीवाल को ग्रामीणों के सहयोग से तोड़कर कर सभी को किसी तरह बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि जांच उपरांत प्रथम दृष्टया मामला शरारती तत्वों का लग रहा है हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**अपराधियों के द्वारा इन गाड़ियों को जलाया गया :**

- सीटी 100 मोटर साइकिल जे एच 01जे3266
- सीडी डीलक्स जे एच 08ए8209
- हीरो होंडा स्प्लेंडर जे एच 01ई 3836
- सीबी साइन जे एच 08जी 2787
- टीवीएस स्टार जे एच 01एन6370

**घाघरा थाना क्षेत्र में बढ़ती घटनाएं पुलिस को दे रही है चुनौती :** पुलिस की तमाम प्रयास के बाद भी अपराध कम नहीं हो रहे हैं । जिससे लोगों में दहशत का माहौल है । अपराधी बेखौफ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे कर पुलिस को दे रहे हैं चुनौती । एक घटना का पुलिस पदार्फाश नहीं कर पाती है तब तक अपराधी दूसरी घटना को अंजाम दे देते हैं । लगातार चुनौती मिलने से पुलिस की बेचैनी बढ़ गई है । वहीं लोगों में भय का माहौल भी बना हुआ है ।

## झारखंड ग्रामीण चिकित्सक संघ के रक्त दान शिविर में 165 यूनिट रक्त संग्रह



दबंग हिन्द, संवाददाता

**चक्रधरपुर ।** झारखंड ग्रामीण चिकित्सक संघ ने अपने स्थापना दिवस पर 14वा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मंगलवार को झारखंड आंदोलन के शहीदों की स्मृति में झारखंड ग्रामीण चिकित्सक संघ के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर चक्रधरपुर सोनुआ मुख्य मार्ग में स्थित सुमित्रा देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सिल्फोरी में आयोजित किया गया। इस दौरान रक्तदान महादान के तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया।

शिविर में 165 यूनिट रक्त संग्रह हुआ, रक्तदान शिविर को चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के द्वारा झारखंड आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उद्घाटन किया गया। विधायक ने शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से मिलकर उनका हौसला भी बढ़ाया। चाईबासा ब्लड बैंक के सहयोग स यह शिविर आयोजित किया गया।

जानकारी देते हुए संघ के सचिव डॉक्टर जे जे सारंगी ने कहा कि वर्ष 2011 से यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है यह पहला सिविर है जिसे गांव में लगाकर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का काम पिछले 13 सालों से करते आ रहे हैं। संघ का मकसद यही है कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को बीमारी और उससे बचाव के लिए जागरूक किया जाए साथ ही साथ लोगों में सेवा भावना भी जगाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता रामलाल मुंडा, राहुल आदित्य, पीरु हेंब्रम, सदानंद होता, शेषनारायण लाल, पवन शंकर पांडे, ललित मोहन गिलवा, सोनाराम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### ब्रेन मलेरिया से पीड़ित गोइलकेरा पारली पोस की बच्ची की मौत



**चक्रधरपुर ।** मंगलवार को गंभीर हालात में एक बच्ची को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उस बच्ची को मृत घोषित कर दिया. मृतक बच्ची 4 वर्षीय छोटी मोहंती गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पारलीपोस गांव की रहने वाली है. बच्ची ब्रेन मलेरिया से ग्रसित थी. परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची विगत एक सप्ताह से सर्दी और बुखार से पीड़ित थी. उसका इलाज गांव के ही एक ग्रामीण चिकित्सक के भरोसे चल रहा था. उसने उस बच्ची की मलेरिया की जांच की थी और जांच में मलेरिया के लक्षण भी पाए गए थे. हलांकी उसके बाद उसे मलेरिया रोधी दवा और इंजेक्शन भी दिया गया था. किंतु उस बच्ची की स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ. बाद में उसकी हालात बिगड़ने पर बच्ची के परिजनों ने आज मंगलवार को उसे मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए. किंतु अस्पताल पहुँचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी।

### गणित सप्ताह के तीसरे दिन वैदिक गणित पर विद्यार्थियों को सोलह सूत्रों पर किया चर्चा



**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में गणित सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को गणित के वरीय शिक्षक महेश प्रसाद ने वैदिक गणित के सोलह सूत्रों पर चर्चा करते हुए वर्ग एकादश विज्ञान के विद्यार्थियों को गणित के जटिल सिद्धांतों और अंकों के गुणन की विधि को सरल करके बतलाया। वैदिक गणित के सूत्रों के द्वारा बताए गए इस पूर्ण विधि से जटिल से जटिल गुना को बहुत कम समय में किया जा सकता है। दो एवं तीन संख्याओं का वर्ग निकालने वर्गमूल निकालने, मैजिक स्क्वायर की पद्धति के माध्यम से गणित को सरल करके दिखलाया। वैदिक गणित एक ऐसी पद्धति है जिसमें बच्चों ने पाया कि इसके माध्यम से गणित की समस्याओं को सहजता और सरलता से कम से कम समय में किया जा सकता है। आज के इस प्रतियोगी युग में समय की कीमत बहुत अधिक होती है ऐसे में वैदिक गणित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। बच्चे इसका प्रयोग करके अपनी संगणक क्षमता का विकास कर सकते हैं।

### विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा सेमिनार का आयोजन



**हजारीबाग ।** विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर आज 18 दिसंबर को जिला कल्याण कार्यालय में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी श्री सुभाष कुमार ने राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि ओबीसी,एसटी/एससी व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए कल्याण विभाग में कई योजनाएं चलाई जाती हैं जो विशेष कर इन समुदायों के आर्थिक उत्थान के लिए सहायक होती है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया तथा योजना का लाभ लेने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्याओं को उन तक अवगत कराने को भी कहा। आपको बता दें हर वर्ष 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### अजित सिंह की घातक गेंदबाजी, एम०सी०सी० चाईबासा ने यंग झारखंड को किया पराजित



**चाईबासा ।** आदित्य पुष्कर (66 रन) की शानदार बल्लेबाजी एवं तेज गेंदबाज अजित कुमार सिंह की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब चाईबासा ने गत वर्ष की चैंपियन टीम यंग झारखण्ड क्रिकेट क्लब चाईबासा को 48 रनों से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। जीत के साथ ही एम० सी० सी० के चार मैच में कुल छः अंक हो गए हैं और अंक तालिका में ये दूसरे स्थान पर बनी हुई है। कल ग्रुप लीग मुकाबले में एम० सी० सी० चाईबासा का अंतिम गत वर्ष की उपविजेता टीम मैच सेरसा चक्रधरपुर से निर्धारित है। कल के मैच में यदि मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब सेरसा चक्रधरपुर को पराजित कर देती है तो इसका फाईनल में खेलना पक्का हो जाएगा। वहीं गत वर्ष की विजेता टीम यंग झारखण्ड क्रिकेट क्लब की ये लगातार तीसरी हार है और अंक तालिका में ये सबसे नीचले पायदान पर है। अपने शेष बचे दो मैचों में अगर ये जीतने में कामयाब नहीं होती है तो ये रेलेगेट होकर बी-डिविजन में उतर जाएगी।चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस यंग झारखंड क्रिकेट क्लब के कप्तान ने जीता तथा एम० सी० चाईबासा को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उनका यह निर्णय सही साबित हुआ जब एम० सी० सी० के सात विकेट मात्र 73 रन के स्कोर पर गिर गए। परंतु आठवें विकेट के लिए आदित्य पुष्कर एवं अजित कुमार सिंह ने 85 रनों की बेशकीमती साझेदारी निभाकर टीम को संकट से उबारा। आदित्य पुष्कर ने छः चौकों एवं चार छक्के की मदद से 66 रन एवं अजित कुमार सिंह ने एक चौका एवं चार छक्के की सहायता से 38 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में कुमार करण ने 31 तथा राकेश कुमार ने 17 रनों का योगदान दिया। यंग झारखंड की ओर से अयान कुमार ने 41 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। सत्यम यादव एवं सन्नी मिश्रा को दो-दो तथा विकास यादव एवं अभय द्विवेदी को एक-एक सफलता हाथ लगी। जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग झारखण्ड क्रिकेट क्लब को उस समय तगड़ा झटका लगा जब मैच के पहले ही ओवर में तेज गेंदबाज अजित कुमार सिंह ने चार बल्लेबाजों को चलता कर दिया। इस प्रारंभिक झटके से यंग झारखण्ड की टीम उबर नहीं पाई और पूरी टीम 25.2 ओवर में 132 रन बनाकर आल आउट हो गई। एम सी सी चाईबासा की ओर से अजित ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 19 रन देकर चार विकेट तथा आदित्य पुष्कर ने 21 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। तन्मय तंतुबाई को दो तथा आशीष कुमार को एक सफलता हाथ लगी। यंग झारखण्ड क्रिकेट क्लब की ओर से अभय द्विवेदी ने 33, विकास यादव ने 26 नाबाद, सन्नी मिश्रा ने 19, अरविंद कुमार ने 14 तथा अजित यादव ने 13 रन बनाए। एस० आर० रुंगटा ए-डिवीजन लीग में कल सेरसा चक्रधरपुर का मुकाबला एम० सी० चाईबासा से होगा।

### इलाज रत पीड़िता से पीएलबी राजेश सिंह मुलाकात तथा इलाज का समुचित व्यवस्था कराया



**गुमला ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री रामकुमार लाल गुप्ता के आदेश पर पीएलबी राजेश सिंह बृंदा नायक टोली बिंदेश्वर लोहरा के घर पहुंचा और वहां पूछने पर पता चला कि उसकी पीड़िता बेटी बालकी देवी सदर अस्पताल गुमला में एडमिट है, इस पर राजेश सिंह सदर अस्पताल गुमला गए और पीड़िता से भेंट की तथा उसका इलाज का समुचित व्यवस्था कराया तथा उसे मिल रहे सारी सुविधाएं की जानकारी ली । ज्ञात हो कि अखबार में संदीप संदीप लोहरा की मृत्यु तथा उनकी पत्नी बालकी देवी को मारपीट करने का मामला छपा था जिसे डालसा गुमला ने अपने संज्ञान में लिया और पीएलबी राजेश सिंह को वहां की स्थिति जानने के लिए भेजा गया था ।इस मामले में सचिव महोदय ने कहा कि पीड़िता को सभी प्रकार के सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा जिसका वह हकदार है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम : आमजन की सुनी गई समस्याएं



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** रांची को छोड़कर झारखंड के सभी 23 जिलों में आज (18 दिसंबर) को झारखंड पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन कर रही है. इस कार्यक्रम में आम लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और उसका समाधान भी किया जा रहा है. डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर शुरू की गयी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्याएं सुनी गई और उनकी मदद की जा रही है।

**कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे आईजी, डीआईजी और कमांडेंट रैंक के अफसरः** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 23 जिलों में 23 आईजी, डीआईजी और कमांडेंट रैंक के अफसर प्रतिनियुक्त किये हैं. प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है या नहीं, आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार सम्मानजनक है या नहीं और जिले के एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान : हाड़ कंपा देने वाली ठंड में टूटा आशियाना

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** देश समेत पूरे झारखंड में हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है. इस बीच रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के चलते रांची के बिरसा चौक पर रहने वाले 205 परिवारों के घर उजड़ गए हैं. नतीजतन, सभी को टेंट और आग के सहारे ये सर्द रातें गुजारनी पड़ रही हैं.



**रात काटना हुआ मुश्किल :** जब तक अलाव जलता है, तब तक नींद आती है, लेकिन जैसे ही अलाव बुझता है, नींद फिर टूट जाती है और फिर ठंड के कारण नींद नहीं आती. अपना दर्द बयां कर रही दुलारी देवी पिछले 44 वर्षों से वहां मकान बनाकर रह रही थीं, लेकिन चूंकि जमीन रेलवे की थी, इसलिए रेलवे ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दुलारी देवी जैसे 204 परिवारों के मकानों पर बुलडोजर चला दिया. जिन लोगों के मकान तोड़े गए हैं, वे बताते हैं कि वे इस जमीन पर तब रहने आए थे, जब यहां जंगल हुआ करता था. उस समय किसी को पता नहीं था कि यह जमीन रेलवे की है. तब से उन्होंने यहां अपनी झुग्गी-झोपड़ी डाल ली और रहने लगे।

**44 सालों से रह रहे थे कई परिवार :** हाड़ कंपा देने वाली ठंड में रेलवे द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के कारण 204 परिवारों के मकान उजड़ गए हैं और अब वे सड़क पर आ गए हैं. जिन लोगों के मकान तोड़े गए हैं, वे बताते हैं कि वे बिरसा चौक के पास अपनी झुग्गी-झोपड़ी बनाकर पिछले 44 वर्षों से रह रहे थे. उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि वे कहां जाएं और क्या करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बिरसा चौक के पास जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उनमें से अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूर हैं. वे प्रतिदिन मेहनत करके अपना घर चलाते थे. इसी मेहनत के बल पर उन्होंने कुछ ईंट जोड़कर एक अस्थायी छत बनाई थी. जिसमें उनके सपने साकार हो रहे थे और बच्चे पढ़ाई कर रहे थे. लेकिन अब सब कुछ बदल गया है, सब कुछ बर्बाद हो गया है।

**चुनाव में किया गया इस्तेमाल :** जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उनमें से कई लोग अपने शहर लौटने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि कुछ को उम्मीद है कि सरकार की ओर से उन्हें कुछ मदद मिलेगी. जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उन्होंने सरकार पर भी उंगली उठाई है. उनका कहना है कि झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले अधिकांश परिवारों ने अबुवा आवास के लिए आवेदन किया था. चुनाव से पहले उनसे कहा गया था कि सभी को जल्द से जल्द अबुवा आवास मिल जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, इसके विपरीत चुनाव खत्म होते ही उन्हें बेदखल कर दिया गया।

**किराए का घर लेने का भी नहीं दिया गया मौका :** 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला कुसुम देवी ने बताया कि वे पिछले 45 वर्षों से इस जमीन पर झोपड़ी बनाकर रह रही थीं. लेकिन अचानक सब कुछ तबाह हो गया, इतना भी समय नहीं दिया गया कि वे किराए का मकान ले सकें. एक तरफ सरकार गरीबों को बसा रही है, वहीं जिला प्रशासन उन्हें बेदखल करने में लगा है. दिहाड़ी मजदूरी करने वाले दिनेश का घर भी बुलडोजर से ढहा दिया गया है। दिनेश का कहना है कि वह पुरुष हैं और बाहर रह सकते हैं, लेकिन महिलाएं इस स्थिति में कैसे रहेंगी, यह बहुत मुश्किल सवाल है. दिनेश के मुताबिक पहले रेलवे प्रशासन ने कहा था कि वे 15 दिन का समय देंगे, लेकिन अचानक बुलडोजर आया और उनके घरों को ढहाकर चला गया।

## एक नजर

### झारखंड हाईकोर्ट में लगा ब्लड डोनेशन कैंप, वकीलों ने किया रक्तदान



**दबंग हिन्द,रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया. झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस समेत हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने ब्लड डोनेशन कैंप की शुरूआत की. रक्तदान शिविर के उद्घाटन के मौके पर हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत हाईकोर्ट के अन्य न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे. इस मौके पर एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार, अन्य अधिवक्ताओं, हाईकोर्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया. कैंप में इकट्ठा किये जाने वाले ब्लड थेलेसिमिया से पीड़ित मरीजों को दिया जायेगा. ब्लड डोनेशन कैंप के उद्घाटन के मौके पर झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है. इसीलिए सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए. अपने शरीर से जीवित रहते किया गया दान काफी महत्वपूर्ण होता है।

### झारखंड होमगार्ड में 26 कर्मियों को मिली प्रोन्नति



**दबंग हिन्द,रांची।** झारखंड होमगार्ड में 26 कर्मियों को प्रोन्नति मिली है. साथ ही आठ कर्मियों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू है. गौरतलब है कि इससे पहले होमगार्ड कमांडेंट के पद पर काम करने वाले अफसरों को भी प्रोन्नति देने के मामले को लेकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है.

**होमगार्ड के कमांडेंट पद पर बहाल होनेवाले अफसरों को नहीं मिलती प्रोन्नति :** बता दें कि झारखंड लोक सेवा आयोग से बहाल राज्य पुलिस सेवा के अफसर प्रोन्नति मिलती है और वे आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति पा चुके हैं. जबकि होमगार्ड में जेपीएससी के माध्यम से बहाल झारखंड गृह रक्षा वाहिनी सेवा के कमांडेंट पुराने पदों पर ही बने हुए हैं. राज्य पुलिस सेवा में उनके समक्ष कई अफसर आईपीएस संवर्ग पा चुके हैं. उन्हें आईजी तक प्रोन्नति भी मिल जाती है. लेकिन होमगार्ड के कमांडेंट पद पर बहाल होनेवाले अफसरों को प्रोन्नति नहीं मिलने पर वे इसी पद पर रिटायर हो जाते हैं।

### स्कूली छात्राओं से छेड़खानी मामले में महिला थाना प्रभारी पिंकी साव सस्पेंड




**दबंग हिन्द,रांची।** एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने रांची की महिला थाना प्रभारी पिंकी साव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और कोतवाली थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार सिन्हा के निलंबन एवं विभागीय के कार्यवाही की अनुशंसा डीआईजी रांची से की है. इसके पहले भी वरीय पुलिस अधीक्षक ने दिनांक 14 दिसंबर को बरियातू थाना के अरकशंकर ठाकुर एवं मुंशी शशि कुमार को इसलिए निलंबित किया था क्योंकि एक मोबाइल गुम होने की शिकायत लेकर आवेदिका बरियातू थाना गई थी तो उन दोनों ने आवेदिका का आवेदन न लेकर मामले का क्षेत्राधिकार लालपुर थाना का बताते हुए लालपुर थाना जाने की सलाह दी थी।

### केबीसी 16 में देखे कॉस्ट्यूम से जुड़ा किस्सा और 1 करोड़ की चुनौती



**दबंग हिन्द,रांची/ मुंबई।** केबीसी 16 पर लखनऊ के प्रशांत त्रिपाठी, जो रेवेन्यू विभाग में एक समर्पित लैंड रिकॉर्डर प्रशासनिक अधिकारी हैं। जब वह 1 करोड़ के सवाल का जवाब देने की कोशिश करते हैं, जो रोमांचक बना देती हैं ! एबी पुरानी फिल्मों के बारे में बताते हैं, दीवार के दमदार एक्शन की शूटिंग को पूरा करने के बाद, मुझे कश्मीर जाना पड़ा कभी-कभी की शूटिंग करने के लिए, जो रोमांस से भरपूर है। यह बहुत अजीब लग रहा था, अचानक गियर बदलना। तो उन्होंने कहा, नहीं, नहीं, सब कुछ ठीक हो जाएगा। तो मैंने यूं ही पूछ लिया, कॉस्ट्यूम कैसी होगी? चूंकि मुझे 2 दिन में निकलना था, और उन्होंने कहा, ह्यतुम्हारे पास घर पर जो भी है वही पहनो। आप फिल्म में जो भी कपड़े देखेंगे, वे मेरे अपने हैं। एबी ने हंसते हुए आगे कहा, और आज तक, वे कपड़े मुझे वापस नहीं किए गए हैं। गुरुवार को, प्रशांत एक रोमांचक चुनौती का भी सामना करेंगे।

### तेनाली की टोली का हिस्सा बनने के लिए है तैयार युवा कलाकार



**दबंग हिन्द,रांची/ मुंबई।** सोनी सब का शो तेनाली रामा 16 दिसंबर रात 8 बजे से हास्य और बुद्धिमत्ता की नई कहानिया तैयार है। चार युवा प्रतिभाशाली - पद्मावती, लच्छम्मा, बाल भद्र और वाचस्पति के साथ तेनाली युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करते नजर आते है।श्रेया पटेल और त्रिशान को दो प्रतिभाशाली भाई-बहनों, पद्मावती और वाचस्पति की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। जो अपनी प्रतिभा का उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। तेनाली रामा में पद्मावती की भूमिका निभा रहीं श्रेया पटेल ने कहा, पद्मावती एक बहुत ही बढ़िया किरदार है ! मुझे बहुत पसंद है कि वह कितनी आत्मविश्वासी और चतुर है। तेनाली रामा में वाचस्पति की भूमिका निभा रहे त्रिशान ने कहा, वाचस्पति बुद्धिमान और दयालु हैं। वह ऐसी बातें करता है जो आपको बहुत सोचने पर मजबूर कर देता है।

### पिठोरिया में रंगदारी के लिए युवक पर किया जानलेवा हमला, ग्रामीणों में आक्रोश



**दबंग हिन्द,रांची।** रांची के पिठोरिया थाना के थानेदार गौतम कुमार रॉय पर लगातार कुख्यात अपराधियों को संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। इससे पिठोरिया इलाके के कुख्यातों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। बुधवार को कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन और उसके गुर्गों ने रंगदारी के लिए कोकदोरो निवासी सफदर सुल्तान पर जानलेवा हमला किया। इससे सफदर सुलतान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। थानेदार पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना से पहले से ही पिठोरिया थानेदार पर लगातार संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। चूंकि कई एफआईआर दर्ज होने के बाद भी थानेदार सजाउद्दीन और उसके गुर्गों को गिरफ्तार करने के बजाय राहत दे रहे हैं, जबकि सजाउद्दीन जिला बदर अपराधी रह चुका है। कई मामलों में वारंटी भी है।

**20 लाख मांगी रंगदारी, फिर किया जानलेवा हमला :** जानलेवा हमला करने की घटना को लेकर सफदर सुल्तान ने कोकदोरो निवासी सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद अंसारी उर्फ छोटू उर्फ तारीफ अंसारी, रमीज अंसारी, इरशाद अंसारी, खालिक अंसारी, बबलू उर्फ अर्सलान अंसारी, समशाद अंसारी, शहबाज अंसारी, और उपरकोनकी निवासी साहिल अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि बुधवार की सुबह करीब 9 बजे एक जमीन पर उनकु झाड़ियों की साफ-सफाई करवा रहे थे। इस दौरान वहां बलेनो कार (JH01-FB-3929) में सवार होकर सभी अपराधी पहुंचे और 20 लाख की रंगदारी की मांग की और जान मारने की धमकी दी। इसके बाद चारदीवारी को लात से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद करीब 11:55 बजे संबंधित जमीन से 500 मीटर की दूरी पर स्थित वे अपने निर्माणाधीन मकान और मार्केट में अपने छोटे बच्चे के साथ खड़े होकर निर्माण कार्य देख रहे थे। उसी दौरान वहां महिंद्रा थार (JH01-FF-1471) और बलेनो कार (JH01-FB-3929) में सवार होकर पहुंचे और जान मारने की नीयत से हमला कर दिया।

**कोर्ट के बाहर से पकड़ाया, पुलिस ने कुछ बाद देर बाद छोड़ दिया :** पीड़ित परिवार के अनुसार, 12 दिसंबर को कुख्यात सेजाउद्दीन अपने गुर्गों के साथ कोर्ट पहुंचा था।

## राज्यपाल ने NIAMT में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

**कहा-फाउंड्री व फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण**

औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन पर दिया जोर



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्यूफैक्करिंग टेक्नोलॉजी (NIAMT) की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया. NIAMT के Departmenft of Foundry and Forge और The Institute of Engineers (India), Jharkhand द्वारा आयोजित कार्यक्रम सम्मेलन का विषय "Advances inFoundry and Forming Technology" था. सम्मेलन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति और सतत विकास में योगदान देना है. लगातार. इन के अनुसार, राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि फाउंड्री और फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. इन तकनीकों का उपयोग निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में किया जाता है।

**औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन पर जोर :** राज्यपाल ने NIAMT की समृद्ध परंपरा और तकनीकी अनुसंधान में उसके योगदान की भी सराहना की. उन्होंन औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण-संवेदनशील नवाचार सतत विकास के लिए नये अवसर प्रदान कर सकते हैं।

**आत्मनिर्भर भारत व ह्यविकसित भारत 2047 के लक्ष्य को मिलेगी गतिः** राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

## अल्पसंख्यकों से जुडें 32 सुत्री मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर हज हाउस रांची में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान आमया संगठन के द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को 32 सुत्री मांग पत्र सौपा गया। जिसमें 10 जून 2022 रांची गोलीकांड में पीड़ित परिवार को न्याय देने, मॉबलीचिंग रोकने हेतु कानून बनाने, 4401 उर्दू सहायक शिक्षक के बैकलॉग 3712 पद को अल्पसंख्यक आयोग आदेशवाद संख्या 174/2015 के अनुसार भरने, 543 उर्दू स्कूल जिनका उर्दू स्टेटस और जुमा की सप्ताहिक छुट्टी समाप्त कर दी गई उन स्कूलो में पुना स्टेटस बहाल करने, मदरसा आलिम फाजिल की परीक्षा विश्विद्यालय स्थापित कर करवाने, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में +2 विधालय की स्थापना करने,



अल्पसंख्यकों के लिए बजट में बढ़ोतरी करने, अल्पसंख्यक छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति देने, अल्पसंख्यक युवको स्किल्ड ट्रेनिंग देने, यूपीएस, जेपीएससी, जेएससीए के लिए अल्पसंख्यक कोचिंग संस्थान चालू करने, अल्पसंख्यक निदेशालय का गठन करने, बुनकरों एवं ट्रेलरिंग पेशा से जुड़े अल्पसंख्यकों को सरकारी कार्य आवंटित करने, अल्पसंख्यक भूमिहीन को जमीन आवंटन करने, अल्पसंख्यक किसानों के लिए योजना शुरू करने, अल्पसंख्यक संवेदक व सप्लायर को कार्य आवंटित करने, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के तर्ज पर झारखंड में भैंस वंसीय पशुओं के स्लॉटर की अनुमति देने आदि प्रमुख मांग रखा गया, जिसपर मंत्री ने मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। इस मौके पर आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली, समाजसेवी तनवीर अहमद, मो बाबर, मुस्लिम अंसारी, मौलान जियाउल होदा, इसमे आजम आदि शामिल थे।

## भाजपा का चुनावी समीक्षा एंव सदस्यता अभियान के निमित बैठक बेड़ों में हुई

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल एवं नरकोपी मंडल के संयुक्त तत्वधान में सरस्वती विद्या मंदिर बेड़ो में चुनावी समीक्षात्मक एवं सदस्यता अभियान के संबंध में एक आवश्यक बैठक हुई बैठक में चुनाव में हुई कमियों की समीक्षा की गई एवं जिन कारणों से विजय नहीं प्राप्त किया जा सका इस पर गहरी समीक्षा एवं आगामी तैयारी की रणनीति बनाई गई उपस्थित बूथ अध्यक्ष पंचायत प्रभारी एवं कार्यकताओं ने अपने विचार प्रकट किए, प्रत्याशी रहे सन्नी टोप्पो ने कहा कि जिस तरह से भाजपा का वोट मांडर में बढ़ा है वह एक बड़ी बात है और आने वाले समय में इसका सकारात्मक लाभ आने वाले चुनाव में मिलेगा ।पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि जनता का जनादेश हमें विपक्ष में रहकर जनता के हक अधिकार और न्याय के लिए आवाज उठाने और



उनके लिए सदैव तत्पर रहने का मिला है जो हमें स्वीकार है और मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता को उनका हक अधिकार दिलाने के लिए उनके हर सुख दुख में भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है, भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के लिए कार्य करता है और आगामी कार्य सदस्यता अभियान सहित अन्य कार्यों में सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ लगेंगे एवं झारखंड के हित के साथ-साथ राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। बैठक की अध्यक्षता बेड़ो मंडल अध्यक्ष श्री बलराम सिंह जी एवं संचालन मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु के द्वारा किया गया इस बैठक मुख्य रूप प्रभारी पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर एंव रामबालक ठाकुर जी विधानसभा चुनाव प्रभारी रिपुसुदन साहु जी हमारे लोकप्रिय प्रत्याशी श्री सन्नी टोप्पो जी नरकोपी मंडल अध्यक्ष तेजु दास, प्रदेश के नेता भीखा उरांव, अरूण गुप्ता, गणेश महथा, सुमंती देवी, आदित्य, राजेश, रंजन, संजय लाल,रविशंकर, मनोज सिंह, कमलेश, पुनम देवी, सरिता देवी, बसंती देवी,सुखदेव कच्छप, अनिल, पिन्टु,भूषण, धनंजय, पवन, इन्दरजीत,जितेन्द्र, हरिचरण, महादेव, बन्धना, रूप देव,प्रदीप, नारायण, बिगलु,राजेन्द्र, बुधू, भौरा, ठेपाई, दुखहरण, अंकित सोनी,शंकर, सीताराम, बन्नू, फागु,प्रताप, बिरसा, आलोक, सत्यनारायण, महेन्द्र, संदिप के साथ - साथ बेड़ो एवं नरकोपी मंडल के अनेकों देवतुल्य कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

**पेयजल योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कहा**

## लापरवाह संवेदकों के खिलाफ लें लीगल एक्शन: योगेन्द्र प्रसाद



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने मंगलवार को विभागीय योजनाओं की समीक्षा की. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने पेयजलापूर्ति योजनाओं को लंबे समय से शत- प्रतिशत धरातल पर नहीं उतारे जाने पर नाराजगी भी जाहिर की. साथ ही कहा कि संबंधित संवेदकों के खिलाफ गोल मोल या ढुलमुल रवैया अपनाना अब छोड़ दें. सीधा लीगल एक्शन लें. इसमें कोई कोताही ना हो. उन्होंने आश्चर्य जाहिर करते कहा कि कोई भी जिला और उस जिले के इंजीनियर ऐसे नहीं हैं जो कह सके कि उसके यहां लंबे समय से जारी जलापूर्ति योजनाएं शत-प्रतिशत पूरी की जा चुकी हैं. मंत्री ने चेतावनी देते कहा कि वे अब स्वयं भी जिलों में विजिट कर विभागीय योजनाओं की वास्तविकता का पता लगाएंगे. अफसरों से उम्मीद जताते उन्होंने कहा कि वे भी राजधानी से निकलकर जिलों, गांवों में जाकर योजनाओं की समीक्षा करते उसे धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे. मौके पर विभाग के प्रधान सचिव एम एस मीणा, निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा, विशेष सचिव राजीव रंजन, अपर सचिव विजय गुप्ता, अभियंता प्रमुख चंदन प्रसाद, सभी अधीक्षण अभियंता, सभी मुख्य अभियंता और विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## गौतम अडानी मामले और मणिपुर हिंसा के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज देशभर में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता गौतम अडानी और उनके साथियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और मणिपुर में जारी हिंसा, केंद्र की मोदी सरकार के राज में देशभर में फैले भ्रष्टाचार और अराजकता के खिलाफ मार्च और प्रदर्शन कर रहे हैं. झारखंड की राजधानी रांची में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में राजभवन मार्च के लिए प्रस्थान किया है। कांग्रेस के राजभवन मार्च में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य विभागों के नेता शामिल हैं. बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में राजभवन मार्च के लिए निकले कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ने और अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते नजर आए.कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव




महतो कमलेश ने कहा कि वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शहीद स्थल से कांग्रेस भवन होते हुए राजभवन तक के लिए मार्च पर निकले हैं. उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि गौतम अडाणी मामले में किस तरह से रिश्वतखोरी और जालसाजी हुआ है. साथ ही जिस तरह से मणिपुर में लगातार हिंसा हो रही है, कर्फ्यू लगा हुआ है, गोलियां चल रही हैं, बावजूद केंद्र सरकार मौन है. आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गए, साथ ही वहां के सीएम भी विफल साबित हुए हैं, फिर भी उन्हें अपदस्थ नहीं किया जा रहा है, जिसके खिलाफ आज कांग्रेस राजभवन मार्च कर रही है. कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर के साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं, जैसे मणिपुर राज्य का हिस्सा ही नहीं है ।वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि गौतम अडानी, जिनके खिलाफ अमेरिका में मामला दर्ज है, को यहां ईडी ने समन तक नहीं भेजा है. आज पंडित नेहरू और बाबा साहब के बारे में बेबुनियाद बातें कही जा रही हैं. भाजपा और उसके नेताओं का आरक्षण विरोधी रुख उजागर हो गया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी न डरने वाले हैं और न ही पीछे हटने वाले हैं. 2025 संघर्ष का साल होगा. हम गांव-गांव से संपर्क स्थापित करेंगे और कांग्रेस जनता की आवाज उठाती रहेगी. वहीं झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केंद्र पर हमारा एक लाख छत्तीस हजार करोड़ से ज्यादा बकाया है, जिसे हर हाल में केंद्र को वापस करना होगा. शिल्पी नेहा ने कहा कि झारखंड को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। राजभवन मार्च में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आज लोगों में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, उससे साफ पता चलता है कि आम लोगों ने भाजपा को हटाने का मन बना लिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को संबोधित करते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि यह देश बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के संविधान और राहुल गांधी के विचारों पर चलेगा.कांग्रेस के राजभवन मार्च को देखते हुए रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे. एडीएम लॉ एंड ऑर्डर खुद माइक के जरिए आक्रोशित प्रदर्शनकारियों को राजभवन के पास लगी बैरिकेडिंग से दूर रहने की सलाह देते नजर आए. बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में राजभवन तक मार्च करने वाले कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ने और अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते नजर आए. झारखंड कांग्रेस द्वारा आयोजित राजभवन मार्च में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिसार साहू, पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप बलमुचू, विधायक ममता कुमारी, कृषि बोर्ड के चेयरमैन रवींद्र सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा सहित विभिन्न जिलों से आए कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## विधायक ने उपायुक्त को विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निष्पादन हेतु किया पत्राचार



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** विधायक श्वेता सिंह ने बिंदुवार सभी मामले को जैसे गोमदीडीह ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की कमी को देखते हुए विद्यालय में ज्यादा शिक्षको का प्रतिनियोजन किया जाए जिससे कि गांव के बच्चे बिना अवरुद्ध के शिक्षा ग्रहण कर सके।ग्राम पंचायत मांगों स्थित विद्यालय की चाहरदिवारी के अधूरे कार्य को जल्द से जल्द डीएमएफटी फंड के माध्यम से पूर्ण किया जाए जिससे कि सरकारी संपति की रक्षा होगी और भू माफियों से यह जमीन सुरक्षित रहेगी।ग्राम कुम्हरी के आवेदक हातिम अंसारी के चौकीदार पद पर नियुक्ति के संदर्भ में जांच करने के संदर्भ में इन सभी मामलों में जल्द से जल्द विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर कार्यों को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया।श्रीमती सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए हर एक कार्य को सम्पन्न करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा।यह जानकरी कुंज बिहारी पाठक ने दी।

# सुशासन सप्ताह, प्रशासन गाँव की ओर अभियान को सफल बनाएं : डीडीसी

- जिले के सभी प्रखंडों में 19 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह, आयोजित होगा शिविरफोटो



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** आगामी 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह गुड गवर्नेंस वीक का आयोजन किया जाना है।जिले में इसके सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।इस दौरान वीडियो संवाद के माध्यम से विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी जुड़े रहें।उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जाना है। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित होंगे।कहा कि सुशासन सप्ताह मनाने का उद्देश्य है कि आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान, ग्रामीणों को सरकार योजनाओं की जानकारी देना, अंतिम लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना है।अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों और स्थानीय शहरी निकायों नगर निगम चास नगर पंचायत फुसरों क्षेत्र में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को सुशासन सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।कहा कि शिविर में इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से चलाएं जा रहें विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी।इन शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जाएगा।

## कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन , ढोरी में मातृ पितृ पूजन सह सम्मान समारोह का आयोजन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**फुसरो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, ढोरी में बोकारो बाल संस्कार महिला समिति के द्वारा दादा-दादी नाना-नानी सम्मान सह मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से बोकारो बाल संस्कार महिला समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर और पुष्पार्चन कर किया गया अतिथियों में मुख्य रूप से धनबाद विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे , कस्तूरबा विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे, अनपति के सचिव अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह उपस्थित थे। परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने कराया। इस दादा दादी, नाना नानी सम्मान सह मातृ पितृ पूजन क हमारा समाज मातृ देवो पितृ देवो भवः के स्लोगन को आधार मानकर चलता है। शांति मंत्र के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने दिया विनोद बिहारी महतो को श्रद्धांजलि



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता बिनोद बिहारी महतो का 33 वाँ पुण्यतिथि बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम सोनाबाद एवं बिनोद बिहारी महतो विस्थापित स्टेडियम चन्दनकियारी रोड स्थित रामडीह मोड़ के आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया।श्रद्धांजलि सभा में सभी आंदोलनकारियों ने एक स्वर में कहा कि बिनोद बाबू के बताये गए मार्ग में ही चलकर हम सभी आंदोलनकारिओं को हक और अधिकार मिलेगा।हक और अधिकार पाने के लिए सभी आंदोलनकारियों को एक मंच में आकर लड़ना होगा।श्रद्धांजलि सभा में मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजदेव माहथा, केंद्रीय संयुक्त सचिव हाबूलाल गोराईं, वरीय आंदोलनकारी पार्वती चरण महतो,प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष नंदराज महतो, मिडिया प्रभारी खगेन्द्र नाथ वर्मा,सचिव संजय लाल महतो, वरीय आंदोलनकारी खिरोधर महतो, सचिव राजकिशोर महतो, ज्योतिलाल महतो, रामपद महतो, तेज नारायण महतो, सुदर्शन महतो, बेचाराम महतो दिगम्बर महतो, निरंजन महतो, सुनील महतो, शत्रुघ्न महतो,उमेश चन्द्र महतो, बिमल चन्द्र महतो,देवानंद त्रिवेदी,, खिरुलाल महतो सहित सैकड़ों की संख्या में अलग राज्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी खगेन्द्र नाथ वर्मा ने दी।

## मनसा मांझी व लालधन मांझी को सात वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार का जुमार्ना

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने अवैध हथियार रखने के आरोप में मनसा मांझी और लालधन मांझी को दोष सिद्ध पाने के बाद सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा और पांच हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई ।मालूम हो कि वाद के सूचक तत्कालीन पेटरवार थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बयान दर्ज कराया कि 28/11/2016 को अपर पुलिस अधीक्षक अभियान बोकारो संजय कुमार के नेतृत्व में माओवादी के विरुद्ध विशेष अभियान टीम का गठन किया गया था।अभियान के क्रम में चरगी के समीप पहुंचा तो देखा कि दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में तेजी से जा रहे हैं।उन्हें आवाज देकर रुकने को कहा तो वे लोग दौड़कर भागने लगे । संदेह होने पर अपने सशस्त्र बल के मदद से पीछा कर पकड़ा। पूछने पर अपना नाम मनसा मांझी और लालधन मांझी बताया जो महुवाटांड़ थाना अंतर्गत पुतकाडीह निवासी बताया।

# मशहूर तबलावादक जाकिर हुसैन के निधन पर कलाकारों ने जताया शोक



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** सुप्रसिद्ध तबलावादक पद्मविभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से बोकारो का संगीत जगत भी मर्माहत है।बोकारो के संगीतज्ञों ने भी उनके निधन को संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की है। भारतीय संगीत कला अकादमी के अध्यक्ष व वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पं. राणा झा, सचिव व तबला वादक डॉ राकेश रंजन, संस्कार भारती के राष्ट्रीय मंत्री डॉ संजय कुमार चौधरी, बोकारो जिला इकाई अध्यक्ष अमरजी सिन्हा, महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय, वरिष्ठ तबला वादक पं. बच्चनजी महाराज, निमेष राठौर, बलराम मजुमदार, भास्कर रंजन डे, अरुण कुमार, रुपक कुमार झा, संगीतज्ञ शिवेन चक्रवर्ती, संजीव मजुमदार, विक्की आनंद पाठक, रंजीत कुमार, जय प्रकाश सिन्हा, अरुण पाठक, गायिका करिश्मा प्रसाद, रंजू सिंह, रंगकर्मी राजेन्द्र कुमार, शंभु झा, बोकारो संगीत कला अकादमी के अरुप रक्षित, प्रसेनजीत शर्मा, अमित सरकार, धनंजय चक्रवर्ती, नृत्यांगना अंकिता चक्रवर्ती, अर्चना कुमारी, बोकारो कलाकार संघ के अध्यक्ष जगदीश बाबला, सचिव मनबोध मिश्रा, मृत्युंजय भट्टाचार्या, अशोक बाबला, विजय झा, दीपक झा, रागिनी सिन्हा अंबष्ठ, रमण चौधरी, अलका श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, रेणु साह, सच्चिदानंद पाठक, शशि कांत शर्मा, प्रमोद कुमार, विश्वनाथ गोस्वामी, उमेश झा, हरेकनाथ गोस्वामी, श्याम बिहारी, पूर्णेन्दु सिंह, राम सागर, घनश्याम प्रजापति, राजेश चौधरी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके निधन से संगीत जगत में आई रिक्तता की भरपाई को असंभव बताया है।

# जिला परिषद अध्यक्ष ने बैद्यनाथ को बनाया मीडिया प्रभारी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो ।** जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी ने बैधनाथ प्रसाद लालू को जिला मीडिया प्रभारी एवं चास प्रखंड सह अंचल प्रतिनिधि बनाये जाने पर माराफारी मंडल भाजपा ने खुशी जाहिर करते हुये जिला परिषद अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुये बैधनाथ प्रसाद को बधाई दी !साथ ही आशा व्यक्त कि चास प्रखंड समेत बोकारो जिला के लोगों की समस्याओ का समाधान में अपनी महती भूमिका निभाएंगे, एवं बोकारो जिला परिषद के चेयरमैन की आवाज बनकर जिला प्रशासन एवं आमजनो के बीच सेतु का काम कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगे ।मनोनयन पर माराफारी मंडल अध्यक्ष धनंजय चौबे,बीरभद्र प्रसाद सिंह, ,डॉ अशोक कुमार, जलेश्वर साह, मनोज कुमार मुर्मू, द्वारिकानाथ सिंह, जंगबहादुर चौरसिया,संतोष वर्मा, प्रेम प्रकाश विद्यार्थी, अनिल गोराई, उदय रवानी, राधा देवी सहित अन्य ने बधाई दी।

# मजदूर कंपनी के अंग है उनके सुख सुविधा का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व है: जीएम रंजय



दबंग हिन्द,संवाददाता

**फुसरो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिंहा के साथ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का 20 सूत्री मांगों को लेकर एजेंडा बैठक महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार मे हुआ। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल जोन के अध्यक्ष ने कटौती ना कर महाप्रबंधक अपने विचार प्रकट करते हुए प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाए कि सर्वप्रथम श्रमिकों का वेलफेयर, सुरक्षित उत्पादन और लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में सुनिश्चित करना है।गम श्री सिन्हा ने कहा कि मजदूर कंपनी के अंग है उनके सुख सुविधा का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व है।उत्थान के लिए हम सबैठक मे पीओ शैलेश प्रसाद,राजीव कुमार सिंह व रंजीत कुमार, एसओईएंडएम जी मोहंती, एसओपी माला कुमारी, मनोज कुमार, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह सहित यूनियन के वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, हरेंद्र प्रसाद सिंह, वृज बिहारी पांडेय, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह,राजेश्वर सिंह, जयराम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह, रवि शंकर ठाकुर, प्रदीप सिंह,मोहम्मद कलीमुद्दीन, मनोज ठाकुर, महफूज आलम, साधु बाउरी, श्रीकांत मिश्रा ,नारायण महतो सहित शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद थे।

## चिकित्सकों की टीम ने सुरक्षा की मांग की और दुर्व्यवहार की बात से अवगत कराया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**फुसरो।** सीसीएल ढोरी केंद्रीय अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर आर एन झा के नेतृत्व में चिकित्सको की एक टीम ने ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा से कार्यालय मे मुलाकात किया। चिकित्सकों की टीम में डॉ नीतीश कुमार, डॉ रोहित शर्मा, डॉ पुनीत गुप्ता, डॉ शादाब अहमद, डॉ राहुल कुमार, डॉ राहुल रंजन, सुवेंदु सिंह, डॉ अंकित गौरव, डॉक्टर बी सतीश, डॉ ए डॉन, डॉ देवरंजन भट्टाचार्य, डॉ स्वेता शरण, डॉ शल्या, डॉ यामिनी, डॉ ज्योति रेड्डी, डॉ रुखसाना शामिल थे।चिकित्सको ने जीएम से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।उन्होंने एक जनप्रतिनिधि के द्वारा चिकित्सक के साथ किये गये दुर्व्यवहार की जानकारी दी। जीएम रंजय सिन्हा ने चिकित्सकों को आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा का ध्यान और मान सम्मान की रक्षा की जायेगी।जीएम के आश्वासन के बाद सभी चिकित्सक अपने काम पर लौट गये।

## एक नजर

### डीएवी विद्यालय के बच्चों ने किया अमृत पार्क फेज 5 का शैक्षणिक भ्रमण

चास।नगर निगम अंतर्गत निर्मित अमृत पार्क फेज पांच में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 वी एससीटी के बच्चों के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य एनइपी के तहत बैग लेस डे कम स्कूल पिकनिक का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पार्क में स्थित वैज्ञानिक ढांचे पार्क की हरियाली एवं स्थापित यंत्रों की जानकारी दी गई।पार्क परिसर में आने के बाद बच्चे काफी उत्साहित थे ,पार्क निर्मित सामग्री को जानने की काफी उत्सुकता थी।बच्चे मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान भी अजित किए ।इस पार्क में भ्रमण में 530 बच्चे उपस्थित हुए ।प्राचार्य एस एस कर के नेतृत्व में बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक भी उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती राजेश्वरी, श्रीमती के सुल्ताना एवं बीके सिंह आदि उपस्थित थे ।पार्क संचालक श्री अमरेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि पार्क आधुनिक तथा वैज्ञानिक तथ्यों को अधिष्ठापित करने तथा ज्ञान अनुरूप डालने के लिए तत्पर है। विदित हो की नगर निगम अंतर्गत संचालित अमृत पार्क सुव्यवस्थित रूप से संचालित एवं मनोरंजन के साथ साथ ज्ञानवर्धन के उद्देश्य को भी पूरा करता है। अपर नगर आयुक्त सह प्रशासक संजीव कुमार के द्वारा पार्को को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु सभी संचालको को स्पष्ट निर्देश दिए ।

### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान, 1 ट्रैक्टर किया जब्त

**बोकारो ।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न स्थानों पर खनिज लदे वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें खेतको नदी घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में सेक्टर 12 थाना अंतर्गत जोशी कॉलोनी, पुलिस केंद्र के समीप अवैध रूप से स्टोन चिप्स खनिज का परिवहन करते हुए 1 ट्रैक्टर को पकड़ा गया, जिसे जब्त करते हुए सेक्टर 12 थाना को सुपुर्द किया गया।साथ ही, अंचल अधिकारी चंद्रपुरा से प्राप्त सूचना के आधार पर चंद्रपुरा थाना अंतर्गत स्टेशन रोड महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज के समीप अवैध रूप से भंडारित स्टोन चिप्स एवं बालू खनिज को पकड़ा गया, जिसे विधिवत जब्त किया गया।उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार एवं सीताराम टुडू, पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### पेंशन योजना के लाभुकों का सत्यापन कार्य में लाएं तेजी: गिरिजा

**बोकारो ।** उधर, उप विकास आयुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के तहत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभुकों का सत्यापन कार्य के प्रगति का भी समीक्षा किया।उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने को कहा।सभी बीडीओ सीओ को सत्यापन कार्य शत प्रतिशत 20 दिसम्बर तक पूरा करने का निर्देश दिया। जानकारी हो कि, जिले में सामाजिक सुरक्षा विभाग के तहत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभुकों की संख्या कुल 2,26,692 है।जिनका सत्यापन किया जाना है। वहीं, प्रखंड अंचल कार्यालय में संचालित आधार शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं छूटे हुए लोगों का आधार कार्ड बनाने, आधार में व्याप्त त्रुटि को दूर करने का निर्देश दिया। मौके पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पियूष, डीआइओ धनंजय कुमार, युआइडी डीपीओ शैलेंद्र मिश्र व अन्य उपस्थित थे।

### ज्यादा से ज्यादा किसानों का धान क्रय के लिए करें पंजीकरण,2400 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित: एसी

**बोकारो ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने धान अधिप्राप्ति वित्तीय वर्ष 24-25 के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, संबंधित पैक्सों के अध्यक्ष, संबंधित राइस मीलों के मालिक आदि उपस्थित थे।अपर समाहर्ता ने क्रमवार अब तक हुए धान क्रय की जानकारी ली। कहा कि धान क्रय के लिए जो चिन्हित पैक्स हैं, उसका व्यापक प्रचार झ प्रसार करें।उन्होंने कृषक मित्रों व अन्य माध्यमों से किसानों को धान क्रय के माध्यम से धान बेचने को लेकर जागरूक करने को कहा। कहा कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विटंल की जानकारी दें।साथ ही, अपर समाहर्ता ने जिले के ज्यादा से ज्यादा किसानों का पंजीकरण करने को कहा, ताकि इससे ज्यादा से ज्यादा किसान लाभांवित हो सकें। अपर समाहर्ता ने बैठक में उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी * को विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध कार्य करने को कहा। वहीं, किसानों को धान बेचने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए अतिरिक्त पैक्सों को भी पंचायतों से टैग करने को लेकर निर्देश दिया। वहीं, चिन्हित सभी पैक्सों का निरीक्षण प्रतिनियुक्त बीसीओ जन सेवक को करने एवं साप्ताहिक धान क्रय झ मीलिंग आदि का प्रतिवेदन जिला को समर्पित करने की बात कहीं। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी को भी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, पैक्सों द्वारा किए जा रहे कार्य की मानीटरिंग करने को कहा। बैठक में राइस मीलों के संचालक प्रतिनिधियों, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी आदि को धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

### व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों का हुआ व्यय लेखा जांच

**बोकारो सिटी ।** विधानसभा आम चुनाव के अभ्यर्थियों का व्यय संबंधित लेखा की जांच व्यय प्रेक्षक आर नतेश की अध्यक्षता में बुधवार को किया गया।मौके पर निवार्ची पदाधिकारी बेरमो सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा आदि उपस्थित थे। इस दौरान 34 गोमिया एवं 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधि चुनावी व्यय मिलान हेतु उपस्थित हुए।क्रमवार सभी अभ्यर्थी मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित हुए, जिसका मिलान कोषांग के टीम द्वारा किया गया।

### अदानी व सेल के बीच का समझौता हो निरस्त: गोराई

**बोकारो ।** सेल प्रबंधन व केन्द्र सरकार की मजदूर व प्लांट विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू युनियन द्वारा कुरमीडीह मनसा सिंह गेट के समक्ष गेट मीटिंग की गई। प्रतिरोध सभा को संबोधित करते हुए आर के गोरांई व आर एन सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने पहले से ही कोल इंडिया के माइन्स को एमडीओ माइन्स डेवलपर आपरेटर मॉडल में डालकर निजीकरण की ओर धकेल दिया है।लेकिन वहां चल रहे मजदूर आंदोलन के दबाव में सफल नहीं हो पाई है।लेकिन इसी बीच राउरकेला स्टील प्लांट के तालडीह माइन्स को आगामी 25 साल के लिए अडाणी ग्रुप को एमडीओ मोड में दे दिया गया है। हमें यह याद रखना चाहिए कि किसी भी कारखाने के लिए माइन्स लाइफ लाइन होता है ।आज वहां के हजारों नियमित और ठीका मजदूर अडाणी के हाथों की जा रही निजीकरण के खिलाफ पिछले 28 नवंबर से आंदोलन में सड़कों पर हैं।मजदूर हड़ताल पर पूरे परिवार के साथ डटे हुए हैं।लेकिन इसी बीच मजदूरों व उनके परिजनों के उपर पुलिसिया जुल्म ढाया जा रहा है ।जिसकी सीटू तीव्र निन्दा करती है और अविलंब अडाणी ग्रुप के साथ सेल प्रबंधन के साथ की गई करार को निरस्त करने की मांग करती है।ऐसा नहीं होने पर सेलव्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा।आज की प्रतिरोध सभा की अध्यक्षता आर बी सिन्हा ने किया।सभा में आर आर पन्ना, सुरेश साव, उपेन्द्र कुमार सहित सभा में सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

### झारखंड +2 शिक्षक संघ ने डी गुकेश को दी बधाई

**बोकारो ।** झारखंड +2 शिक्षक संघ जिला इकाई बोकारो ने आनलाइन बैठक कर शतरंज की दुनिया में सबसे कम उम्र में विश्व चैंपियन बन भारत का पूरे विश्व में नाम रौशन करने पर डी गुकेश को बधाई दी। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने इस उपलब्धि के लिए श्री गुकेश एवं उनके पूरे परिवार को बधाई दी।सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने डी गुकेश के बचपन के दिनों को याद किया जिसमें वे दुनिया के सबसे कम उम्र के शतरंज का विश्व चैंपियन बनने का सपना देखा करते थे,जो सपना मात्र अठारह वर्ष की आयु में पूरा हुआ ।संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक ने भारत के डी गुकेश के सबसे युवा विश्व चैंपियन बनने को देश के विकसित राष्ट्र बनने की तरफ उठाया गया एक सकारात्मक कदम बताया। संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा ने डी गुकेश के सबसे कम उम्र में विश्व चैंपियन बन भारत को शतरंज का महाशक्ति बनाने की उपलब्धि को हर भारतीय के लिए गर्व का पल बताया। सदस्य जितेन्द्र कुमार,प्रियंका कुमारी एवं अशोक कुमार महतो ने भी डी गुकेश के सबसे युवा विश्व चैंपियन बनने पर उन्हें बधाई दी और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया।बैठक में छात्रा शिवानी कुमारी ने भी डी गुकेश को शुभकामनाएं दीं।

# लोगों में जागरूकता फैलाने सड़क पर उतरे न्यायाधीश

## 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ




**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड राज्य विधिक प्राधिकरण के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ आज प्रभातफेरी निकाल कर किया गया। प्रभातफेरी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सिविल कोर्ट धनबाद से निकलकर रणधीर वर्मा चौक, सिटी सेंटर चौक तक गयी। न्यायाधीश ने वहां महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा नाटक का मंचन कर लोगों में कानूनी जागरूकता फैलाने का काम किया गया। इसके बाद प्रभातफेरी वहां से वापस सिविल कोर्ट आयी। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि 90 दिनों तक न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम हर एक क्षेत्र में जाकर कानूनी जागरूकता फैलाएगी। उन्होंने बताया कि नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, डायन-बिसाही मामले को लेकर हेल्पलाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर के विषय में लोगों को बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन हेल्पलाइन नंबर पर एक बार जरूर कॉल करें और जानने का प्रयास करें कि यह काम करता है या नहीं। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि 90 दिनों के कार्यक्रम के दौरान न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम, जिसमें एनजीओ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी शामिल हैं। डोर-टू-डोर जाकर लोगों को कानून व विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच वाद विवाद, निबंध, पेंटिंग, भाषण, प्रभातफेरी आदि का आयोजन किया जाएगा। बाल विवाह, साइबर ठगी, ड्रग, डायन-बिसाही, बाल मजदूरी आदि के बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। महिला, दिव्यांगजन, एसटी-एससी, वृद्धजन आदि की मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पीएलवी एक-दूसरे के सहयोग से कार्य को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय टी हसन, एसएन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, प्रभाकर सिंह, कुमार साकेत, कुलदीप, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला, सत्यभामा, श्वेता कुमारी, ऐंजोलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, हेमंत सिंह, समेत तमाम न्यायिक पदाधिकारी, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक काउंसिल नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, कन्हैयालाल ठाकुर, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, राजेश सिंह, पारा लीगल वालंटियर हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, श्वेता किन्नर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बाघमारा में जन शिकायत समाधान शिविर में सैंकड़ों मामले निष्पादित

## ऑन द स्पॉट समस्या का निष्पादन करना उद्देश्य : सिटी एसपी



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य के पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड के निदेर्शानुसार बाघमारा अनुमंडल के सभी 17 थाना व ओपी के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कतरास के राजस्थानी समाज धर्मशाला में ऑन द स्पॉट किया गया। इसका उद्घाटन बाघमारा एसडीपीओ, चिकित्सक डॉ उमाशंकर सिंह, डॉ मधुबाला, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जन शिकायत समाधान शिविर को संबोधित करते हुए धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि जो समस्या शिविर में आयी है, उसका ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। कुछ मामले को तत्काल निष्पादित किया जायेगा। शिविर में जमीन के सबसे ज्यादा मामले आये, जिसे सम्बंधित अधिकारियों से संपर्क कर समाधान किया जायेगा। शिविर में बाघमारा एसडीपीओ पुरषोत्तम सिंह, डॉ उमाशंकर सिंह, डॉ मधुबाला, नगर निगम के अधिकारी, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह, तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव, रामकनाली ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर, मधुबन थाना प्रभारी पीकू प्रसाद, राजगंज प्रभारी अलीशा कुमारी अग्रवाल, भाटडीह ओपी प्रभारी अनिल कुमार, महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार, हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल, अंगारपथरा ओपी विशाल दास विधाता, बाघमारा थाना प्रभारी चरणजीत प्रसाद, धमाबाँध ओपी प्रभारी कमलेश कुमार, सोनारडीह ओपी प्रभारी, ईस्ट बसूरिया ओपी प्रभारी रूपेश कुमार दुबे, कपूरिया ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा, खरखरी ओपी प्रभारी, हरिहरपुर थाना, कतरास, बाघमारा थाना, महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी मिंज ने महिला अत्यचार से सम्बंधित मामले के निष्पादन के लिए व सोशल मीडिया में ठगी को लेकर विस्तार से बताया। सभी थाना व ओपी के प्रभारी पुलिस टीम के साथ जन शिकायत समाधान शिविर में उपस्थित थे। बाघमारा प्रखंड के सभी क्षेत्र के फरियादी, समाजसेवी व गणमान्य लोग भी मौजूद थे। शिविर में सबसे ज्यादा जमीन विवाद को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। रामकनाली ओपी के कुम्हार टोला में परियोजना विस्तार के लिए कुम्हारों पर होने वाले खतरे को लेकर आवेदन दिया गया। कतरास थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# बाबा हाईटेक कंपनी पर प्रदूषण फैलाने का आरोप



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** मैथन ओपी क्षेत्र के मेंढ़ा ग्राम के पास चल रही सरिया बनाने वाली कंपनी बाबा हाईटेक पर वहां के ग्रामीणों ने गंभीर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुए झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सामूहिक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि मेढ़ा ग्राम स्थित बाबा हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गंभीर प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के साथ दैनिक जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। इसलिए कंपनी की जांच कर उचित कार्रवाई की जाये। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कंपनी द्वारा बिना समुचित उपाय किये कच्चा धुआं निकाला जाता है, जिससे क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारी होने की संभावना है। कई लोगों में खांसी की शिकायत होने की खबर है। पत्र की कॉपी मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन के साथ अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी प्रेषित किया गया है। मेढ़ा ग्राम के समाजसेवी उपेंद्र राय ने कहा है कि संध्या होते ही कंपनी के कारखाना से काला धुआं निकलने लगता है, जिससे आस-पास के क्षेत्र के लोगों का रहना काफी मुश्किल हो रहा है। इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे लोगों को प्रदूषण से राहत मिल सके। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि बाबा हाईटेक मामले की शिकायत मिली है, जिसे प्रदूषण नियंत्रण विभाग को भेज दिया गया है।

# आमसभा में डीवीसी पेंशनर्स समाज का चुनाव संपन्न



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** डीवीसी पेंशनर्स समाज द्वारा मैथन में आयोजित दूसरी वार्षिक आमसभा में केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति का चुनाव हुआ, जिसमें अशोक कुमार जैन अध्यक्ष और द्वारिका प्रसाद महासचिव चुने गयै। वार्षिक आमसभा के खुले सत्र में डीवीसी पेंशनर्स समाज पेंशनर्स डे के अवसर पर डीएस नकारा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। समाज द्वारा प्रकाशित स्मारिक और कैलेंडर का विमोचन किया गया। सांगठनिक सत्र में गिरिजेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में डीवीसी की विभिन्न परियोजनाओं से आये प्रतिनिधियों ने रिटायर्ड कर्मचारियों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। पेंशन भुगतान और कैशलेस मेडिकल चिकित्सा में होने वाली परेशानियों पर मुख्य रुप से चर्चा की गयी। सीपीपी के माध्यम से पेंशन भुगतान के तरीके को बदलने पर जोर दिया गया। कैशलेस मेडिकल सुविधा को सुलभ बनाने के उपाय पर जोर दिया गया। डीवीसी पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन और महासचिव द्वारिका प्रसाद ने कहा कि पेंशन के सीपीपी तरीके को बदलने और कैशलेस मेडिकल चिकित्सा को आसान बनाने के लिए संगठन लगातार डीवीसी प्रबंधन के संपर्क में है। उन्हें उम्मीद है कि रिटायर्ड कर्मचारियों की परेशानियाँ दूर कर ली जाएंगी। मौके पर रुद्रप्रताप सिंह, आरएस पाण्डेय, सुजीत राय, इन्द्रजीत सिन्हा, मनोज आचार्य, एमजी गांगुली, सत्यजीत बसु, ज्योतिर्मय सरकार, कल्याण दत्ता, मोइनुद्दीन, गोपी रंजन घोष, अशोक सिंह, कैलाशपति महतो आदि ने आमसभा को संबोधित किया, जबकि संचालन गिरिजेश्वर प्रसाद ने किया।

# चोरी के सात बोरी चावल के साथ एक गिरफ्तार



**दबंग हिंद संवाददाता**

**निरसा।** बीती रात निरसा के एफसीआई गोदाम से चावल चोरी करते चंदन भुइयां नामक चोर को निरसा थाने की रात्रि गश्ती पुलिस ने रंगेहाथ सात बोरी चावल के साथ पकड़ा, जिसे आज जेल भेज दिया गया। उक्त जानकारी निरसा थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने दी। उन्होंने बताया कि बीती रात निरसा थाने की पुलिस रात्रि गश्ती में निकली थी। इस दौरान गश्ती दल के इंचार्ज रणजीत उरांव ने देखा कि एक व्यक्ति एफसीआई गोदाम से चावल निकाल रहा है। पुलिस को देखते वह भागने लगा, जिसा पीछा कर पकड़ा गया। चोर निरसा थानां क्षेत्र के सिंहपुर बस्ती के चंदन भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया। वह अकेले ही घटनां को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तार चंदन भुइयां ने अपना अपराध स्वीकार किया है। प्रेसवार्ता में निरसा थानां प्रभारी सह इंस्पेक्टर मंजीत कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# मृत कैजुवल कर्मी के आश्रित को 13 लाख देगा डीवीसी



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** डीवीसी प्रबंधन की ओर से मृत कैजुअल कर्मी साहेब लाल मुर्मू के स्वजन को 13 लाख 60 हजार 275 रुपए का भुगतान डीवीसी के स्थानीय प्रबंधन 15 दिन के अंदर मुआवजे के रूप में देगा। यह निर्णय डीवीसी कैजुअल कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आज दोपहर बाद डीवीसी मैथन के उप महाप्रबंधक अनूप पुरकायस्थ संग हुई बैठक में लिया गया। बैठक में सहमति बनी कि उक्त रुपया प्रबंधन 15 दिनों के अंदर मृतक साहेब लाल मुर्मू को स्वजन को देगा। मालूम हो कि 10 महीना पहले साहब लाल मुर्मू का निधन डीवीसी के कल्याणेश्वरी सब स्टेशन में कार्य के दौरान हो गया था।

# डिगवाडीह में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जब तक लोगो में अच्छे नागरिक बनने की समझ नहीं आएगी, तब तक समाज में कुरीतियां बढ़ती रहेंगी, जिसमें उलझकर लोग परेशान होंगे और समस्याओं का बोझ बढ़ता जायेगा। लोगों की समस्या खत्म करने को लेकर सबसे पहले अपने घर, उसके बाद मोहल्लों में अच्छा नागरिक बनना होगा, तभी उसकी तथा समाज की समस्या खत्म होगी। उक्त बाते आज पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस महानिरीक्षक झरखंड की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह कम्युनिटी हाल में आयोजित जन समस्या समाधान कार्यक्रम में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कही। इस दौरान सिटी एसपी ने कुजामा से आई फरियादी रजवा देवी को बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने लोगो से कहा कि वे बिना भय के अपनी शिकायतों को अपने थाना क्षेत्र के स्टॉल में दर्ज करायें। शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान बिना भेदभाव के प्राथमिकता के तौर पर किया जाएगा। हालांकि जन समस्या समाधान कार्यक्रम में अपेक्षा के अनुरूप फरियादी नहीं पहुंचे। कार्यक्रम में प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, पारिवारिक विवाद और सुरक्षा जैसे मुद्दे छाये रहे। इस दौरान सिटी एसपी ने कहा कि कोई भी समस्या का स्थाई समाधान पुलिस प्रशासन से नहीं, बल्कि सामाजिक परिधान से ही संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम तथा संचालन जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने किया। सिंदरी अनुमंडल एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि पुलिस तथा अन्य विभाग द्वारा कोई भी समस्या है, तो उनका समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी गंभीर हैं। कार्यक्रम में फरियादियों की शिकायत सुनने के लिए सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना एवं ओपी के अलग अलग स्टॉल लगाये गये थे, जिसमें कुल 44 आवेदन आये। इनमें जोड़ापोखर के 16, झरिया के 9, पाथरडीह के 6, सुदामडीह के 4, सिंदरी के 2, बलियापुर के 2, घनुआडीह के 2, अलकडीहा, बोर्रागढ़, भौरा से एक-एक आवेदन प्राप्त हुए, जबकि लोदना, तीसरा, गौशाला से एक भी आवेदन नहीं मिला। कार्यक्रम में झरिया सीओ मनोज कुमार, पुलिस निरीक्षक पंकज भूषण, संजय कुमार, ए रौशन, सूरज रजक, रंजीत कुमार के अतिरिक्त अनुमंडल के सभी थाना के प्रभारी, निवर्तमान पार्षद आफताब अंसारी, विनय रजवार, आरिफ सिद्धीकी सहित झमाडा, टाटा, बीसीसीएल के कई अधिकारी मौजूद थे।

# डीआईजी के समक्ष पीड़ितों ने रखी समस्या

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर भवन में आज गिरिडीह पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग जोन के डीआईजी सुनील भाष्कर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डीआईजी सुनील भाष्कर, एसपी डॉ. विमल कुमार, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, अंचलाधिकारी असलम समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद डीआईजी ने झारखण्ड पुलिस द्वारा चलाये गये जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में सम्बन्ध में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद शहर, मुफ्फसिल व अन्य थाना क्षेत्रों से अपनी समस्या को लेकर पहुंचे पीड़ितों ने अपनी बातों को रखा और समस्या के समाधान को लेकर पहल करने की अपील की कार्यक्रम में सबसे अधिक जमीन से सम्बन्धित मामले आये, जबकि कई ऐसे भी मामले आये, जिसमें पुलिस-प्रसाशन के पदाधिकारियों द्वारा लोगों की बातों को थाना में नहीं सुना जाता है। इन सब बिन्दुओ को डीआईजी ने गंभीरता से लेते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर थाने पहुंचते हैं, उनकी बातों को गंभीरता से सुनें और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

# पुण्यतिथि पर बिनोद बिहारी महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को धनबाद रेलवे स्टेशन रोड चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर समाजसेवी उदय प्रताप सिंह व युवा संघर्ष मोर्चा, जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बिनोद बाबू ने झारखंड के शोषित, दलित एवं आदिवासियों के अधिकार की लड़ाई लड़ी, जिसके फलस्वरुप अलग राज्य का गठन हुआ, लेकिन विनोद बाबू के सपनों का झारखंड आज तक नहीं बना। उनके सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी को समर्पित भाव से संघर्ष करना होगा। उनका कहना था पढ़ो और लड़ो। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को शिक्षा से समाज का कल्याण होने का संदेश दिया, ताकि यहां के लोग जागरुक हों और झारखंड भारत का अग्रणी राज्य बन सके। उन्होंने समाज सुधारक के रूप में महत्ती भूमिका निभाई। दिलीप सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य विनोद बाबू की परिकल्पना का प्रतिफल है। शिक्षा के साथ झारखंडी संस्कृति को आगे बढ़ाने में उनका अहम योगदान रहा है। कार्यक्रम में उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, राजा तिवारी, पिंटु मोदी, अजय पांडे, बजरंगी, शेखर पाल अदि मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में मातृ सम्मेलन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह पर मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि समिति की सदस्या डॉ पुष्पा सिन्हा, प्रो० विनीता कुमारी, डॉ० आरती वर्मा एवं जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सरिता कुमारी ने कहा कि विद्या भारती योजनानुसार हर वर्ष विद्यालय प्रबंधन की ओर से मातृ सम्मेलन कर बच्चों में नैतिकता और संस्कार देने के लिए मातृशक्ति को प्रेरित किया जाता है प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि विद्या भारती का प्रयास छात्रों के माध्यम से एक संस्कारवान समाज देश को देना है। प्रोजेक्टर के माध्यम से माताओं को मोटिवेशनल वीडियो और विद्यालय की उपलब्धि से अवगत कराया गया। कला सज्जा, आरती, थाल सज्जा प्रतियोगिता के साथ लजीज व्यंजनों के स्टॉल बहनों द्वारा लगाये गया थे। डॉ पुष्पा सिंह ने कहा कि माओं को प्रारंभकाल से ही अपने बच्चों की देखभाल के साथ संस्कारक्षम वातावरण देना चाहिए। नारी में मातृत्व का भाव होना चाहिए। अच्छे संस्कार ही बच्चों की दिशा तय करते हैं।

प्रो विनिता कुमारी ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की धरोहर हैं। बच्चों को संस्कारी सिर्फ मातृशक्ति ही बना सकती है। विद्या भारती के विद्यालयों में संस्कार पक्ष मजबूत होता है। आवश्यकता है उसे और प्रेरित करने की। मुनिया देवी ने कहा कि भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए माता की भूमिका अहम होती है। शिक्षा के साथ संस्कार होना आवश्यक है। आरती वर्मा ने कहा कि प्रारंभकाल से ही बच्चों में अच्छी आदत डालने की प्रवृत्ति विकसित करें। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर संस्कारपूर्ण वातावरण में शिक्षा देने का काम करता हि, जो अन्यत्र कहीं नहीं मिलता है। अर्जुन मिष्टकार ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। सम्मेलन को सफल बनाने में समस्त आचार्य व दीदियों की सराहनीय भूमिका रही।

# सीपीआईएम ने बिनोद बाबू को दी श्रद्धांजलि

**दबंग हिंद संवाददाता**

**सिंदरी।** झारखण्ड आंदोलन के अग्रणी नेता रहे बिनोद बिहारी महतो के 33वें स्मरण दिवस पर बलियापुर स्थित बिनोद धाम समाधि स्थल पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में सीपीआईएम धनबाद जिला सदस्य व मजदूर नेता सुंदरलाल महतो, किसान नेता संतोष महतो सिंदरी-बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, पूर्वी झरिया लोकल कमेटी सचिव योगेंद्र महतो, जिला कमेटी सदस्य गौतम प्रसाद, जनवादी महिला समिति सिंदरी नगर सचिव मिट्ठू दास, रंजू देवी, सविता देवी, रामलायक राम, सुबल चंद्र दास, शिबू डे, नरेंद्र नाथ दास, गोपाल विश्वकर्मा, रजफ अंसारी, धनंजय ओझा, सुशील दुबे, राजू ओझा, कार्तिक ओझा, भिखारी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# एक नजर

## फिट इंडिया कार्यक्रम के समापन पर पुरुस्कार वितरण

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** आरएसपी कॉलेज, झरिया ( बेलगढ़िया ) मे फिट इंडिया कार्यक्रम का समापन हुआ। ज्ञात हो कि दो दिन से चल रहे कार्यक्रम के आखिरी दिन स्किपिंग, पुश-अप एवं प्लेंक पर प्रतियोगिता एवं ध्यानयोग का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम मे विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के पांचवें एथलीट मिट की सभी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाडियों को पुरुस्कृत किया गया।

## बीएसके कालेज में कार्यशाला का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** बीएसके महाविद्यालय में आईक्यूएसी और वूमेंस सेल द्वारा एंटी सेक्सुअल हरासमेंट अधिनियम एवं निवारण विषय पर आज कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष व वर्सर प्रोफेसर सुमिता खलखो ने किया। उन्होंने यौन हिंसा और परिवार के बीच हो रहे यौन उत्पीड़न की घटनाओं से बचने का सुझाव दिया। उन्होंने लड़कों के साथ होने वाले चाइल्ड एब्यूज पर भी विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष और आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ पी रेबेका ने वीमेन सेल को कॉलेज का अनिवार्य और पुराना अंग बताया इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ आकर्ष अकुल ने विभिन्न प्रकार के अधिनियम और निवारण का जिक्र विद्यार्थियों से साझा किया। कार्यक्रम में प्रो मनीला समद, प्रो महावीर दास, प्रो उज्जवल कुमार, प्रो निरुपमा, प्रो राजू लकड़ा, डॉ भोला प्रसाद, डॉ इशिता, डॉ शुभदीप, डॉ सुषमा, प्रो जयश्री आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में निबंध प्रतियोगिता में छात्रा अमीषा कुमारी, कल्याणी कुमारी चौधरी, आरती शाह, ट्विंकल कुमारी ने भाग लिया। सभी को सर्टिफिकेट देकर हौसला आफजाई की गयी। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ संध्या कुमारी (हिंदी विभाग की शिक्षिका) ने किया। इस कार्यक्रम के लिए प्रिंसिपल डॉ डीपी सिंह ने विद्यार्थियों और आयोजक शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## सात दिवसीय योग शिविर जारी

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** बुधवार की सुबह 6:30 से 8 बजे तक रोटरी गिरिडीह द्वारा तीसरे दिन सात दिवसीय योग शिविर जारी रहा। शिविर का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। बताया गया कि शिविर में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह द्वारा लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के प्रथम दिन मुख्य रूप से रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला, शिविर के संयोजक देवेंद्र सिंह. डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया, नरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, अमित गुप्ता, जगजीत कौर, त्रिलोचन कौर सहित कई रोटरी सदस्यों ने भाग लिया।

## जमुआ में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गिरिडीह जिले के आकांक्षी प्रखंड जमुआ में ह्लप्रशासन गांव की ओरह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी और नीति आयोग के ब्लॉक फेलो रितेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना और समुदाय में गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में 175 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य जांच की गयी और उनकी परेशानियों का मूल्यांकन किया गया। इसके माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी आदि के संबंध में पूछताछ कर जल्द ही उन्हें उपलब्ध कराने की बात कही गयी। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को महत्वपूर्ण चिकित्सा मूल्यांकन और सहायता प्रदान की गयी। इस प्रकार के आयोजन जमुआ समेत अन्य प्रखंडों में भी किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## पूर्वी झरिया क्षेत्र बना बीसीसीएल का क्रिकेट चैम्पियन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**तिसरा।** जेलगोरा खेल मैदान में जारी बीसीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में पूर्वी झरिया क्षेत्र ने चैम्पियन का खिताब जीता। फाइनल मैच में पूर्वी झरिया क्षेत्र ने ब्लॉक 2 क्षेत्र को 53 रनों से हराकर चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। पूर्वी झरिया क्षेत्र ने 20 ओवर मे 6 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाये। जवाबी पारी खेलते हुए ब्लाक 2 की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 119 रन ही बना सकी और 53 रनों से मैच हार गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वी झरिया क्षेत्र के सिद्धार्थ सुमन को पूर्वी झरिया के जीएम निखिल त्रिवेदी ने प्रदान किया। पारितोषिक वितरण लोदना एरिया के महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती और पूर्वी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक निखिल त्रिवेदी ने किया। समारोह का संचालन लोदना क्षेत्र के कार्मिक प्रबंधक दीपक कुमार सिंह ने किया। मौके पर लोदना क्षेत्र और पूर्वी झरिया क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## स्व० विनोद बाबू के विचारो को करें आत्मसात : जलेश्वर महतो

**दबंग हिंद संवाददाता**

**महुदा।** महुदा मोड़ में स्व० बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति की और से 33वी पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बिनोद बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि शोषण और अत्याचार के खिलाफ अनवरत संघर्ष करने वाले झारखंड आंदोलन के मसीहा को शत - शत नमन है। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि बिनोद बाबू का नारा था पढ़ो और लड़ो। शिक्षित होकर ही शिक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता है। इंसान मर जाता है, पर उनके विचार हमेशा जीवित रहते हैं।

## 25 को मनेगी खोरठा कवि श्रीनिवास पानुरी की जयंती

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** लोहारवरवा बरवाअड्डा में खोरठा के आदिकवि स्व० श्रीनिवास पानुरी की 104वीं जयंती 25 दिसम्बर को धूमधाम से मनायी जाएगी। उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान झारखंड सरकार से सम्मानित खोरठा के मशहूर गीतकार, साहित्यकार विनय तिवारी ने कही। इस मौके पर खोरठा के आदिकवि श्रीनिवास पानुरी के फोटो पर माल्यार्पण के बाद कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। खोरठा भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को श्रीनिवास पानुरी प्रबुद्ध सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं विशिष्ट अतिथि सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो रहेंगे। कार्यक्रम में म मदन मोहन तोरण, गणेश चौरसिया, खोरठा पत्रिका पलास फूल के संपादक महेंद्र प्रबुद्ध, मुकुंद रविदास, नारायण चंद्र मंडल, ममता बनर्जी मंजरी, मनमोहन पाठक, अमन राठौर, संदीप कुमार महतो, महेंद्र कुमार दांगी, अशोक कुमार रजक, राजेश ओझा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## तीसरे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** सेल कंपनी जीतपुर के कोलियरी गेट के समक्ष मजदूरों की पांच सूत्री मांगों को लेकर विजय कुमार गुप्ता का आमरण अनशन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। डॉक्टर की टीम ने आज श्री गुप्ता की स्वास्थ्य जांच की। आज भी सेल प्रबंधन ने असंगठित मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया, परंतु एक बार फिर वार्ता विफल रही। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल तथा सेल के अधिकारी का बीच आज सुबह से कई चक्र वार्ता हुई, परंतु कोई हल न निकल सका। देर शाम आमरण अनशन की जगह झरिया सीओ मनोज कुमार पहुंचे और सेल प्रबंधन से बात की। कल प्रतिनिधिमंडल से एक बार फिर वार्ता की जाएगी। वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक बादल मंडल, चासनाला से पहुंचे अधिकारी उदय कुलकर्णी, यूनियन प्रतिनिधि निताई महतो, राजकुमार सिंह, संजय सिंह, सुरेश सिंह, नगीना पासवान, भगलु राउत, पंकज कुमार उपस्थित थे।

## भटिंडा फॉल में नौका विहार का उद्घाटन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पुटकी।** भटिंडा फॉल में धनबाद प्रखंड प्रमुख आरती देवी के द्वारा आज सर्वप्रथम बिनोद बिहारी महतो की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात पर्यटन वृद्धि को लेकर फीता काटकर व नारियल फोड़कर नौका विहार का उद्घाटन किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष संदीप महतो, सचिव जयप्रकाश महतो, कोषाध्यक्ष सह सुरक्षा प्रहरी लखी राम बाउरी, उप सचिव मनोज महतो, मनोरंजन बाउरी, तपन महतो, नितेश महतो, सतीश महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष बने रामभजन यादव

**दबंग हिंद संवाददाता**

**निरसा।** निरसा स्थित वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय परिसर में आज अभिभावकों की बैठक कर विद्यालय प्रबन्ध समिति का पुनर्गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में सीआरसी की अनिता गुप्ता की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से रामभजन यादव अध्यक्ष एवं जनता देवी उपाध्यक्ष चुनी गयी। सदस्य के रूप में अजय कुमार राय, नारायण कुमार ठाकुर, अरविंद यादव, बिनय यादव, अस्मिता देवी, कांति देवी, ज्योत्स्ना देवी, रामदुलारी देवी, बबलू यादव, सोनी देवी चुने गये।

# जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**10 जनवरी 2025 को जिले के अलग-अलग प्रखंडों में 47 पंचायत ज्ञान केंद्रों का एक साथ होगा शुभारंभ, उपायुक्त ने दिया आदेश**



दबंग हिन्द, संवाददाता

**रामगढ़।** जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों, संचालित योजनाओं आदि की जानकारी उपायुक्त, विकास आयुक्त सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को दी गई।

पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित पंचायत भवनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए संतोष जनक कार्य नहीं किए जाने वाले पंचायतों के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय करते हुए एक सप्ताह के अंदर कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित कुल 47 पंचायत में नवनिर्मित पंचायत ज्ञान केंद्र की जानकारी देने के क्रम में उपायुक्त द्वारा सभी 47 पंचायत ज्ञान केंद्रों का उद्घाटन एक साथ 10 जनवरी 2025 को करने का निर्देश दिया गया वहीं उनके द्वारा पंचायत ज्ञान केंद्र का व्यापक प्रचार प्रसार कर स्थानीय विद्यार्थियों को इससे लाभवांवित करने का निर्देश दिया गया। डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटिल्ड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश उपायुक्त ने दिया।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया गया आयोजन



दबंग हिन्द, संवाददाता

**चाईबासा ।** 18 दिसंबर को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड के मार्गदर्शन में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण हेतु पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा जिला में जिला स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम पिल्लाई हॉल, चाईबासा में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मॉनिटरिंग हेतु पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार मनोज रतन चौथे (भा०पु०से०), पुलिस उप-महानिरीक्षक, सिंहभूम (कोल्हान) क्षेत्र, चाईबासा महोदय उपस्थित रहे। साथ ही श्री आशुतोष शेखर, (भा०पु०से०), पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा, सहायक पुलिस अधीक्षक (परीक्ष्यमान), चाईबासा, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, चाईबासा, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), चाईबासा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर / चक्रधरपुर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदर के साथ-साथ सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए विभिन्न विषयों पर जागरूकता हेतु चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा एवं मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक, सिंहभूम (कोल्हान) क्षेत्र, चाईबासा महोदय द्वारा भी आमजनों को सम्बोधन के पश्चात शिकायतों की सुनवाई एवं पंजीकरण आरंभ किया गया। आज इस कार्यक्रम में समस्त चाईबासा जिला से प्राप्त शिकायत को पंजीकरण करते हुए प्राप्ति रसीद दिया गया तथा त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित थाना प्रभारी एवं वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पिल्लाई हॉल, चाईबासा में जन शिकायतों का पंजीकरण हेतु 04 स्टॉल लगाये गये।

## एक नजर

### माता शीतला मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा संपन्न होने पर भंडारा का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा अनुष्ठान संपन्न होने पर बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पंडित रामकुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां शीतला का पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात हवन का आयोजन हुआ है। पूजा और हवण में भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण करते हुए पंडित रामकुमार पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। पंडित श्री पाठक ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है। इसलिए हर श्रद्धालु को प्रसाद जरूर ग्रहण करना चाहिए। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में अमित पाठक, किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, मोहन कुमार, मंगलम, गणेश श्रीवास्तव, नान्हू यादव, राजन नायक सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### पर्यटन और खेलकूद विकास योजनाओं का सचिव मनोज कुमार द्वारा निरीक्षण



**गुमला।** झारखण्ड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव, मनोज कुमार ने गुमला जिले का दौरा कर विभिन्न पर्यटकीय स्थलों एवं खेल से जुड़ी योजनाओं का परिभ्रमण सह निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले में पर्यटन और खेलकूद के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक पीडीआइडीए, निदेशक डीआरडीए, जिला खेल पदाधिकारी डीएलटीएस, और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**खेलकूद के क्षेत्र में निरीक्षण:** कुमार ने सर्वप्रथम भरनो स्थित निमार्णाधीन प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां संचालित योजनाओं का मूल्यांकन किया। इसके पश्चात उन्होंने ललित उरांव प्रखंड स्तरीय स्टेडियम और अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला का भी निरीक्षण किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, चंदाली का निरीक्षण कर खेल क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जिले के सभी खेल मैदानों में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने, पंचायत स्तरीय खेल समितियों के गठन, जीर्णोद्धार कार्यों की मरम्मत, और खेल मैदानों के रखरखाव के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

**पर्यटन के क्षेत्र में निरीक्षण:** कुमार ने अंजन धाम, अम्बा घाघ, नागफनी, और मसरिया डैम जैसे पर्यटकीय स्थलों का दौरा किया। उन्होंने इन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**विज्ञान केंद्र का दौरा:** निरीक्षण के दौरान, श्री कुमार ने जिला स्तरीय विज्ञान केंद्र में समय बिताया और वहां की हाई-टेक सुविधाओं की प्रशंसा की। उन्होंने जिले में विज्ञान, पर्यटन, और खेलकूद के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों को सराहा।

**सराहना और आगे की योजनाएँ:** जिले में खेल और पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए, कुमार ने जिला प्रशासन को इस दिशा में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नई योजनाओं पर चर्चा करते हुए उनके क्रियान्वयन हेतु ठोस कदम उठाने की बात कही। कुमार के इस दौरे ने गुमला जिले में खेलकूद और पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया है। उनके निर्देश और मार्गदर्शन से जिले में चल रहे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

## उचक्के ने महिला के हाथों से मोबाइल छीनकर हुआ फरार, सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद



**बड़कागांव।** बड़कागांव स्थित हजारीबाग रोड के पास संचालित दीपक बेकरी दुकान के समीप रोड किनारे मोबाइल से बात कर रहे महिला के हाथों से एक उचक्के ने मोबाइल छीनकर बाइक से फरार हो गया। यह घटना बुधवार लगभग ढाई बजे की है। पीड़िता रीना पासवान ग्राम महुदी निवासी ने बताया कि हम रोड किनारे मोबाइल से बात कर रहे थे इसी दरमियान काला रंग पल्सर मोटरसाइकिल से एक लड़का आया और मोबाइल छीन कर भाग गया। उचक्के का बाइक से भागते हुए दृश्य सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है उचक्के को पकड़ने का प्रयास हो रहा है।

## 'रेस्टोरेंट चाऊमीन सेंटर सह एसपी होटल का उद्घाटन किया गया



दबंग हिन्द, संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के नावाटांड पंचायत बनासो के मिलन चौक में रेस्टोरेंट चाऊमीन सेंटर सह एसपी होटल का उद्घाटन कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुनेश्वर पटेल के कर कामलो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष भवन निर्माण सुरेश राम, सुखदेव महतो हुए। संतोष होटल के संचालक ने बताया कि आसपास होटल नहीं रहने के कारण लोगों को अन्य चौक चौराहो में जाना पड़ता था, समोसा, पकौड़ी लड्डू, मिठाई चाऊमीन के लिए साथ में अन्य ताजा खाने के सम्मान भी मिलेगा। उद्घाटन हो जाने से नावाटांड के मिलन चौक के आसपास एवं अन्य दूरदराज से इस चौक में ठहरने वालो को चाय के अलावे खाने पीने की सुविधा मिलेगी। रेस्टोरेंट चाऊमीन सेंटर का संचालक संतोष कुमार ने बताया इस पल का इंतजार कर रहा था। और अब पूरा हो गया। में और गुणवत्ता और स्वादिष्ट को ध्यान में रखते हुए अच्छे से अच्छा सेवा देना चाहूंगा। और अपेक्षा रखूंगा आप सभी इसमें पधारे और हमें सेवा का मौका दें। उद्घाटन समारोह के मौके पर बुजुर्ग सुकर राम, तालो मांझी, जयराम मरांडी, तालो मुर्मू, मिस्त्री विजय कुमार, के अलावे कई लोग मौजूद थे।

# विधायक ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन



दबंग हिन्द, संवाददाता

**बड़कागांव।** आत्मनिर्भर बड़कागांव फार्मर्स सर्विसेज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में चंदौल पंचायत स्थित होरम गांव में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट कर किया। किसानों ने जोरदार तरीके से विधायक को फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है इनकी हर समस्याओं का समाधान करना हमारा पहली प्राथमिकता होगी। किसानो की सिंचाई की सुविधा के लिए हम प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर सदन में बात रखे हैं। और बहुत जल्द ही जहां-जहां किसानों की समस्या हैं, उसका समाधान मिल बैठकर करेंगे। सभी पंचायत में सर्वे कर सिंचाई की सुविधा के लिए सूचीबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा। हर कुआं में बिजली और जगह-जगह पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी। ताकि किसानों को खेती करने में किसी भी तरह की समस्या ना हो पाए। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान प्रवीण कुमार ने कहा कि हमारी संस्था की ओर से किसानों को 50% अनुदानित दर पर बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन हम सरकार से मांग कर रहे हैं, कि जिस तरह से आदिवासियों को 100% अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराया जाता है। उसी तरह से प्रत्येक किसानों को 90% सब्सिडी पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए। ताकि किसानों को खेती करने कोई समस्या ना हो। कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने कहा कि इतना देरी से सरकार धान की खरीदारी कर रही है की किसान नवंबर माह में लगभग 75% धान बिचौलिए के हाथों में देख चुके हैं। मात्र 25% धान बचा है जिसमें किसानों को अधिप्राप्ति केंद्र में बेचना है। पर किसानों का भुगतान 6 से 8 महीना में होता है। जिससे किसान पैक्स में धान बेचने से कतराते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदौल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सनीत महतो ने किया।

# हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला कमेटी ने जताया विरोध

## धर्मशाला में मंदिर कमेटी की हुई बैठक



दबंग हिन्द, संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपडिया बाबा धर्मशाला में मंगलवार की रात्रि मंदिर कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाने और 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर कमेटी के कई लोगो को रामगढ अनुमंडल दंडाधिकारी न्यायलय से धारा 144 लगाने को लेकर मिले नोटिस पर भी चर्चा हुई। कहा गया कि खाता संख्या 63 प्लाट नं. 767 रकबा 7 डिसमील भूमि प्लाट बताकर सुरेश उपाध्याय द्वारा धारा 144 लगवाने कार्य किया जा रहा है। जिसका मंदिर कमेटी कड़ा विरोध करता है। बैठक में कहा गया कि सुरेश उपाध्याय दिग्भ्रमित कर केवल भूमि बताकर दशको से उक्त भूमि पर अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में धारा 144 लगवाना चाहता है। ताकि मंदिर में पूजा-पाठ के साथ धर्मशाला में धार्मिक कार्यो पर रोक लगा दिया जाए। बैठक में मौजूद लोगो ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि कानूनी नोटिस का जबाब हमलोग भी कानूनी ढंग से माननीय न्यायलय में देकर सुरेश उपाध्याय के सनातन विरोधी मंशा का पदार्फाश करेंगे। बैठक में मंदिर कमेटी के प्रदीप मांझी, पंसस प्रतिनिधि रोबिन मुखर्जी, राजकिशोर पांडेय, विनय मिश्रा, महेंद्र साव, अमित शर्मा, किशोर कुमार, बाबूलाल नायक, बिट्टू गुप्ता, अशोक राम, बुधन गोस्वामी, बिल्लू अग्रवाल, संजय साव, सत्यनारायण प्रसाद, अभिषेक मिश्रा, कृष्णा यादव, पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## विभिन्न चौक चौराहों पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने की अलाव कि व्यवस्था



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों ठंड चरम सीमा पर है और पारा लगभग 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया है। वहीं रात में पाला भी गिरता है जिससे सुबह सुबह बर्फ.की चादरें देखने को मिल रहा है। ठंड से बचने के लिए बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने डेली मार्केट दुर्गा मंडप के पास, बड़कागांव मुख्य चौक तथा बड़कागांव थाना के बाहर अलाव कि व्यवस्था करवाई। ताकि लोग ठंड से बच सकें। वहीं अलाव कि व्यवस्था से समाजिक लोगों ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार को धन्यवाद दी। और आगे भी निरंतर अलाव व्यवस्था कि मांग की ताकि राहगीरों व सब्जी मार्केट में आने-जाने लोग को राहत मिल सकें।

## जराईकेला मुख्य मार्ग पारोडी के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत



दबंग हिन्द, संवाददाता

**चक्रधरपुर ।** मंगलवार देर रात मनोहरपुर जराईकेला मुख्य मार्ग स्थित पारोडी बजरंगबली मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. वहीं इस दुर्घटना में एक युवक आंशिक रूप से जख़्मी हुए हैं. मृतक युवक 37 वर्षीय बैद्यनाथ समद एवं आंशिक रूप से जख्मी 35 वर्षीय युवक जयपाल सोय मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलपोटका पंचायत के ग्राम सद्पोटका के रहनेवाले हैं. घटना के बावत मिली जानकारी के मुताबिक बाइक से तीनो युवक जराइकेल गढ़ाडोमलाई से अपने गांव सदपोटका लौट रहे थे. तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे एक पिकअप भेन ने डबल रीड बाईक सवार युवकों को टक्कर मारकर भाग गया. इस हादसे में बाइक चालक युवक बैद्यनाथ समद गंभीर रूप से घायल हो गए. जिससे उस युवक की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि एक युवक आंशिक रूप से जख़्मी हुए हैं. फौरन इस सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर जराईकेला पुलिस मौके पर पहुँचकर मृत युवक एवं आंशिक रूप से जख़्मी एक युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुँची. वहां डॉक्टरो ने गंभीर रूप से घायल युवक को मृत घोषित कर दिया है. तथा आंशिक रूप से जख़्मी एक युवक का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है. वहीं जराईकेला पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुटी हुई हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला द्वारा विधान से समाधान का कार्यशाला घाघरा में आयोजित



**घाघरा।** झालसा के निदेर्शानुसार तथा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्रा के निर्देश पर घाघरा प्रखंड सभागार में 'विधान से समाधान' कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डी एन ओहदार, शंभू सिंह, घाघरा प्रखंड के प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए माननीय सचिव महोदय ने कहा की विधान से समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को जागरूक करना कानून संबंधी जानकारी देना मुख्य उद्देश्य है। उपस्थित महिलाओं से उन्होंने कहा कि हमारे सुविधा के लिए संरक्षण के लिए बहुत सारे कानून बनाए गए हैं जिसको हमें जानने की जरूरत है, अगर हमको जान जानकारी रहेगी तो हम स्वयं का भी मदद कर पाएंगे और दूसरों का भी मदद करेंगे। हमारे क्षेत्र में मानव तस्करी, डायन बीसही, शराब सेवन, बाल विवाह आदि बहुत सारी कुप्रथाएं हैं जिसको कि हमें जागृति के द्वारा दूर करना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर की पहला शिक्षक होती हैं और किसी भी परिवार का स्तंभ होती है। महिलाएं बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें और बच्चों को पढ़ाई लिखाई कराये। गांव में डायन नाम का कोई चीज नहीं होती है इसलिए कोई बीमार पड़ता है तो उसे अस्पताल ले जाएं और इलाज करावे अस्पताल में सरकारी इलाज मुफ्त में होता है माननीय सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले सभी सुविधाओं को विस्तृत रूप से चर्चा की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी विकास कार्य में चल रहे सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अन्य अतिथियों ने भी सभा को संबोधित किया।

# खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने वाला खेल प्रेमियों का शहर है गुमला: मनोज कुमार



दबंग हिन्द, संवाददाता

**गुमला ।** समाज सेवी संतोष झा के नेतृत्व में गुमला जिला के प्रबुद्ध जनों के साथ गुमला में खेल प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की स्थापना के निमित्त एक बैठक आयोजित हुई जिसमें पूर्व खिलाड़ी सैयद जुनू रेन एवं खेल प्रशिक्षक मनोज साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर खेल के कई क्षेत्र में अपना योगदान देने वाला गुमला जहां दो-तीन दशक पहले राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) विद्यमान था समय के साथ राष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ियों का निर्माण इस भूमि पर हुआ परंतु दुर्भाग्य बस इसकी धार कुंद करने के उद्देश्य से सरकार स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया को धीरे-धीरे यहां से समाप्त कर दिया शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी नर्सरिया ने कहा कि खिलाड़ियों की धारकुंद हो रही है फिर भी क्रिकेट फुटबॉल वॉलीबॉल हॉकी तीरंदाजी एथलीट आदि के क्षेत्र में यहां के खिलाड़ी अपना राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं दूसरे राज्य के बच्चे जिस उम्र में खिलौनों से खेलते हैं उसे उम्र में गुमला के निकटवर्ती जिला सिमडेगा रांची लोहरदगा चतरा आदि के बच्चे अपनी मां से हॉकी फुटबॉल वॉलीबॉल दौड़ के लिए जूते मांगा करते हैं यह बात अलग है कि गरीबों के करण इस क्षेत्र के बच्चों को वह सभी सुविधाएं नहीं मिल पाती जो उसके प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक है समाजसेवी संतोष झा ने कहा कि समाज के सभी क्षेत्र के लोगों को गुमला खेल के क्षेत्र में हब बन सके इसलिए एक होकर संघर्ष करना पड़ेगा सभी मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालयों में प्रतिभावान खेल शिक्षक की बहाली हो इसके लिए सरकार को बाध्य करना पड़ेगा ज्यादातर खेल विद्यालय सिर्फ डिग्री बांटने का काम कर रहे हैं उसे उसे सर्टिफिकेट से नौकरी पाने वाले शिक्षक कभी भी प्रतिभावान खिलाड़ी का निर्माण नहीं कर सकते विनम्र यह है कि सरकार के पास ऐसी कोई विद्यालय या संस्थान नहीं है सभी रजिस्टर्ड संस्थान प्राइवेट है जहां फर्जी डिग्री पैसे के बल पर बांटी जा रही है इन्हीं सब डिग्रियों के बल पर पैरवी पैगाम के बल पर जब खेल शिक्षक नियुक्त हो रहे हैं तो खिलाड़ी की प्रतिभा भी कुंद हो रही है इन्हीं सब पीड़ाओं और प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए खेल प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की आवश्यकता महसूस करते हुए विश्वविद्यालय निर्माण हेतु संघर्ष के उद्देश्य से चर्चा परिचर्चा आंदोलन निवेदन पत्राचार आदि की रणनीति बनाने हेतु यहां बैठक की गई बैठक में सर्वसम्मति से सामाजिक सरोकार रखने वाले पत्रकार दुर्जय पासवान जी को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई जिससे जल्द से जल्द यह विचार आंदोलन का स्वरूप ले सके बैठक में सबों ने निर्णय लिया इस संबंध में समाज के विविध क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों से राय मशवरा लेते हुए आगे सकारात्मक प्रयास किया जाएगा

## परियोजना प्रमुख ने बानादाग साइडिंग से बीस हजारवीं रैंक का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



दबंग हिन्द, संवाददाता

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी यात्रा के पड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर छूलिया है। आज परियोजना के बनादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वीं रैक को हरी झंडी दिखाकर परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने रेलवे विभाग, टऊ्ड, रअ्छ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रवाना किया। यह अनूठा कीर्तिमान रचने वाला पकरी बरवाडीह ठळढउ की पहली कोयला खनन परियोजना है। गौरतलब है कि 16 मई 2016 मैं अपनी स्थापना के बाद से पकरी बरवाडीह ने साल दर साल कई कीर्तिमान छुए हैं लेकिन आज 20 हजारवीं कोल रैक को रवाना करना उन सभी कीर्तिमानों से सबसे ऊपर है। आपको यह भी बताया था कि 17 फरवरी 2017 को पहली रैक परियोजना के बानादाग रेलवे साइडिंग से रवाना किया गया था। पहली रवानगी से लेकर अब तक परियोजना में 76 MMT से अधिक कोयला देश की 23 विद्युत परियोजनाओं को डिस्पैच किया है जिससे आज देश का हर कोना रोशन हो रहा है।

## डीएमएफटी के तहत सम्पूर्ण शिक्षा कवच का उपायुक्त ने किया शुभारंभ



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में शिक्षा को सुदृढ़ और उन्नत करने की दिशा में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के मार्गदर्शन में डीएमएफटी के तहत 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। यह कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक क्रांतिकारी पहल है, जिसमें उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर काउंसलिंग और तकनीकी सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही साथ इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 24 X 7 शिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिक्षक, उप जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शैक्षणिक संस्था फिलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों और विज्ञान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के प्रत्येक छात्र का जीवन बेहतर बनाया जाए। सम्पूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम इसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इसके तहत विद्यार्थियों को 247 किसी भी समय, कहीं भी लाइव शिक्षकों से जुड़ने और अपनी शैक्षणिक समस्याओं को हल करने का अवसर मिलेगा।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची, पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुदुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# किसान आंदोलन : शुरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद


निर्मल रानी

पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संगठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी?

पंजाब- हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एनपी) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब-हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं।

काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि-' हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। ₹ यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फर्जी संगठनों को किसान संग्ठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी।



परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता जरूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ्य समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि-' किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं। " राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफा नुक़्सान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है।

पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संग्ठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फर्जी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगण्डे नहीं किये गये? इन्हें आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी, देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित 'आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी व देशद्रोही' किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन। अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की कवायद फिर से शुरू हो चुकी है।

## संपादकीय

# सदन में निरर्थक चर्चा

देश में संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर संसद के दोनों सदनों में सत्तारुढ़- गठबंधन और विपक्ष के बीच एक बार फिर टकराव, तीखी बहस और एक बार फिर टकराव देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर यदि दोनों पक्ष चाहते तो संविधान और उसके महत्त्व पर एक सार्थक बात हो सकती थी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। विडंबना देखिए कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास प्रकट करते हैं, लेकिन दोनों ही उसे कमजोर करने का एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। लोक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्ता पक्ष के दूसरे नेताओं ने संविधान के प्रति पूरी निष्ठा प्रदर्शित की और कांग्रेस पार्टी पर संविधान को कुचलने और कमजोर करने का आरोप लगाया जबकि दूसरी ओर राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में संविधान अनुच्छेद 370 सहित समान नागरिक कानून संहिता आदि मुद्दों पर चर्चा करते हुए गांधी परिवार को निशाना बनाया और पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर समिति इंदिरा गांधी तक को संविधान पर कुठाराघात करने के लिए कठघरे में खड़ा किया। राज्य सभा में भी संविधान पर बहस के दौरान इसी तरह का दृश्य नजर आया। राज्य सभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के बीच तीखी बहस हुई। लोक सभा और राज्य सभा दोनों सदनों में वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए इतिहास और अतीत के पात्रों का सहारा लिया। जाहिर है ऐसे संवादों से प्रचारगत रणनीति का पलड़ा भले भारी हो सकता है, लेकिन इससे संविधान और लोकतंत्र का भला नहीं हो सकता। लोकतंत्र में संविधान एक ऐसा महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है जो नागरिकों के अधिकारों का रक्षक माना जाता है। संविधान के इन 75 साल के इतिहास में कई अवसर ऐसे भी आए हैं जब अपनी कुर्सी और सत्ता के लिए इसका बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश की। इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में आपातकाल थोपना और उसके बाद संविधान का 42 वां संशोधन ऐसा ही अधिनायकवादी कृत्य था। बहस तो इस बात पर होनी चाहिए थी कि देश के गरीब नागरिकों को न्याय कैसे मिले, प्रशासनिक तंत्र को इतना पारदर्शी और न्यायपूर्ण कैसे बनाया जाए कि गरीब और अमीर के बीच भेद-भाव समाप्त हो। कहा जा सकता है कि संसद में संविधान पर चर्चा निरर्थक साबित हुई?



## चिंतन-मनन

# नदी और सागर

सुखदेव ऋषि के आश्रम में कई शिष्य रहते थे। उनमें अनुज नामक शिष्य काफी तेज था। धीरे-धीरे वह स्वयं को अन्य शिष्यों से श्रेष्ठ मानकर दूसरों को हीन समझने लगा। ऋषि उसके अंदर छिपे अहं को समझ गए और उसे एक दिन अपने साथ एक सागर के पास ले गए। विशालकाय सागर अत्यंत आकर्षक दिख रहा था। उसकी लहरें जब अठखेलियां करतीं तो मन प्रसन्न हो जाता। ऋषि ने अनुज से सागर का पानी पीने के लिए कहा। अनुज ने जैसे ही पानी मुंह में डाला, वैसे ही उसने बुरा सा मुंह बनाकर पानी बाहर निकाल दिया और बोला, गुरुजी, यह पानी तो खारा है। मेरा मुंह का स्वाद कसैला हो गया।

ऋषि उसकी बात सुनकर मुस्कराए। वह उसे अपने साथ लेकर आगे बढ़ते रहे। आगे एक छोटी सी नदी आई। नदी का जल शांत था। ऋषि ने अनुज से नदी का जल पीने के लिए कहा। अनुज ने जैसे ही जल मुंह में डाला, वैसे ही उसके मन को अत्यंत तृप्ति मिली। वह बोला, गुरुजी, नदी के जल ने मुंह का स्वाद बढ़ा दिया है। इतना ठंडा और मीठा जल बहुत कम देखने को मिलता है, जबकि इतने बड़े सागर का पानी एकदम खारा था।

उसके ऐसा ही कहते ही ऋषि बोले, पुत्र, देखा तुमने, छोटे-बडे से कुछ नहीं होता। हर व्यक्ति को अपने व्यवहार और सद्कार्यो से अपने लिए जगह बनानी पड़ती है। तुमने सागर के अहं को देखा। वह सब कुछ अपने में ही भरे रहता है। लेकिन इसका जल खारा होता है। जबकि छोटी सी नदी जो पाती है उसका अधिकांश बांटती है, इसलिए उसके जल में मिठास है।

व्यक्ति को बड़े होने पर भी अहं को अपने पास नहीं फटकने देना चाहिए अन्यथा उसका हाल भी सागर की तरह ही होता है। मेरे विचार में तुम मेरी बातों का अर्थ अच्छी तरह समझ गए हो। अनुज को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने अपने भीतर से अपना अहं निकाल फेंका।

# भारत में दान करने की प्रथा से गरीब वर्ग का होता है कल्याण


प्रहलाद सबनानी

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में दान दक्षिणा की प्रथा का अलग ही महत्व है। भारत में विभिन्न त्यौहारों एवं महापुरुषों के जन्म दिवस पर मठों मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर समाज के सम्पन्न नागरिकों द्वारा दान करने की प्रथा अति प्राचीन एवं सामान्य प्रक्रिया है। गरीब वर्ग की मदद करना ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है। समाज में आपस में मिल बांटकर खाने पीने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है और यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत आम है। परिवार में आई किसी भी खुशी की घटना को समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपस में बांटने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है। इस उपलक्ष में कई बार तो बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे जन्म दिवस मनाना, परिवार में शादी के समारोह के पश्चात समाज में नाते रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मिलने वालों को विशेष आयोजनों में आमंत्रित करना, आदि बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत के विभिन्न मठों, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर प्रतिदिन 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया जाता है।

साथ ही, पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें निवासरत नागरिक, चाहे वह कितना भी गरीब से गरीब क्यों न हो, अपनी कमाई में से कुछ राशि का दान तो जरूर करता है। भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हिंदू सनातन संस्कृति के अनुरूप, महर्षि दधीच ने तो, देवताओं को असुरों पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से, अपने शरीर को ही दान में दे दिया था, जिसे इतिहास में उच्चत्तम बलिदान की संज्ञा भी दी जाती है।

आज के युग में जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में आज भारत के टाटा उद्योग समूह के श्री रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। इस सूची में टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेदजी टाटा का नाम भी बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में 8.29 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। इसी प्रकार, श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वर्ष 2021 तक 8.59 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। आप अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब वर्ग की सहायतार्थ दान में दे देते थे। श्री रतन टाटा केवल भारत स्थित संस्थानों को ही दान नहीं देते थे बल्कि वैश्विक स्तर पर समाज की भलाई के लिए कार्य कर रहे संस्थानों को भी दान की राशि उपलब्ध कराते थे। आपने वर्ष 2008 के महामंदी के दौरान अमेरिका स्थित कार्नेल विश्वविद्यालय को 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का दान प्रदान किया था। श्री रतन टाटा ने आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जे. एन. टाटा एंडाउमेंट, सर रतन टाटा स्कॉलर्शिप एवं टाटा स्कॉलर्शिप की स्थापना कर दी थी। श्री रतन टाटा चूंकि अपनी कमाई का बहुत बड़ा भाग दान में दे देते थे, अतः उनका नाम कभी भी अमीरों की सूची में बहुत ऊपर उठकर नहीं आ पाया। इस सूची में आप सदैव नीचे ही बने रहे। श्री रतन टाटा जी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने जीवन काल में इतनी बड़ी राशि का दान किया था कि आज विश्व के 2766 अरबपतियों के पास इतनी सम्पत्ति भी नहीं है।

यूं तो टाटा समूह ने भारत राष्ट्र के निर्माण में बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, परंतु कोरोना महामारी के खंडकाल में श्री रतन टाटा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था, उस समय श्री रतन टाटा ने न केवल भारत बल्कि विश्व के कई अन्य देशों को भी आर्थिक सहायता के साथ साथ वेंटिलेटर, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, मास्क और दस्ताने आदि सामग्री उपलब्ध कराई। श्री रतन टाटा के निर्देशन में टाटा समूह ने इस खंडकाल में 1000 से अधिक वेंटिलेटर और रेस्पिरेटर, 4 लाख पीपीई किट, 35 लाख मास्क और दास्ताने और 3.50 लाख परीक्षण किट चीन, दक्षिणी कोरिया आदि देशों से भी आयात के भारत में उपलब्ध कराए थे।

श्री रतन टाटा के पूर्वज पारसी समुदाय से थे और ईरान से आकर भारत में रच बस गए थे। श्री रतन टाटा ने न केवल भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपने जीवन में उतारा, बल्कि इन संस्कारों का अपने पूरे जीवनकाल में अक्षरशः अनुपालन भी किया। इन्हीं संस्कारों के चलते श्री रतन टाटा को आज पूरे विश्व में सबसे बड़े दानदाता के रूप में जाना जा रहा है।

टाटा समूह का वर्णन तो यहां केवल उदाहरण के रूप में किया जा रहा है। अन्यथा, भारत में ऐसे कई औद्योगिक घराने हैं जिन्होंने अपनी पूरी संपत्ति को ही ट्रस्ट के माध्यम से समाज के उत्थान एवं समाज की भलाई के लिए दान में दे दिया है। प्राचीन भारत में यह कार्य राजा महाराजाओं द्वारा किया जाता रहा हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के विभिन्न शास्त्रों में यह वर्णन मिलता है कि ईश्वर ने जिसको सम्पन्न बनाया है, उसे समाज में गरीब वर्ग की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। यह सहायता गरीब वर्ग को सीधे ही उपलब्ध कराई जा सकती है अथवा ट्रस्ट की स्थापना कर भी गरीब वर्ग की मदद की जा सकती है। वर्तमान में तो निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर - कोरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) के सम्बंध में कानून की बना दिया गया है। जिन कम्पनियों की सम्पत्ति 500 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक व्यापार 1000 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक शुद्ध लाभ 5 करोड़ से अधिक है, उन्हें इस कानून के अंतर्गत अपने वार्षिक शुद्ध लाभ के दो प्रतिशत की राशि का उपयोग समाज की भलाई के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं पर खर्च करना आवश्यक होता है। इन विभिन्न मदों पर खर्च की जाने वाली राशि का प्रतिवर्ष अंकेक्षण भी कराना होता है, ताकि यह जानकारी प्राप्त की जा सके राशि का सदुपयोग समाज की भलाई के लिए किया गया है एवं इस राशि का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं हुआ है।



भारत में गरीब वर्ग/परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में समाज में सम्पन्न वर्ग द्वारा किए जाने वाले दान आदि की राशि से भी बहुत मदद मिलती है। निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) योजना के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ भी समाज के गरीब वर्ग को ही मिलता है। अतः विश्व में शायद भारत ही एक ऐसा देश है जहां सरकार एवं समाज मिलकर गरीब वर्ग की भलाई हेतु कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। इसीलिए ही अब यह कहा जा रहा है कि हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार यदि वैश्विक स्तर पर होता है तो, इससे पूरे विश्व का ही कल्याण हो सकता है एवं बहुत सम्भव है कि वैश्विक स्तर पर गरीबी का नाश होकर चहुं ओर खुशहाली फैलती दिखाई दे।

(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक )

# एक देश एक चुनाव : दलगत राजनीति से उठें सियासी दल


अखिलेश आर्येन्दु

केंद्र सरकार की तरफ से कानून मंत्री अर्जुनदेव मेघवाल ने बहुप्रतीक्षित बिल एक देश एक चुनाव को लोक सभा में 17 दिसम्बर को पेश किया, लेकिन विपक्षी दलों के विरोध के चलते हो हंगामा हुआ। इसी के बीच इसकी चर्चा और पारित किए जाने को लेकर मतदान कराया गया। मतदान में बिल के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया है।

यह पहली बार है जब किसी बिल पर विपक्ष के विरोध की वजह से मत विभाजन कराया गया। विपक्ष इससे संविधान पर असर पड़ने की बात कर रहा है तो सरकार इस आशंका को निराधार बता रही है, लेकिन इतना तो इस बार हुआ कि विपक्ष की एक जुटना की वजह से सरकार ने इसे जेपीसी को भेजा, लेकिन सवाल यह है कि क्या वाकई में इससे संविधान पर असर पड़ेगा या यह विपक्ष का महज प्रोपोगंडा भर है। दो माह पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल के जरिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (ओएनओपी) को मंजूरी दिए जाने पर तमाम राजनीतिक दलों और राजनीति के जानकारों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई थीं, लेकिन ज्यादातर लोगों ने निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर इसका खैरमकदम किया। इस साल आम चुनाव में भाजपा ने ओएनओपी की प्रणाली चुनाव जीतने के बाद लागू करने का वादा किया था। यह उसी वादे को इस दिशा में अगला कदम है।

जानकारों का मानना है कि रिपोर्ट में लिखी गई बातें, सिफारिशें और नियम सभी राष्ट्र को मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के अनुरूप हैं। हालांकि कुछ पार्टियां या बुद्धिजीवी कहे जाने वाले लोग इसे महज भाजपा का एक ध्यान हटाने का एजेंडा कह रहे हैं। यह उनकी सतही सोच का परिणाम ज्यादा लगता है। हकीकत से बहुत दूर। दरअसल, जब देशहित में कोई निर्णय केंद्र सरकार लेती है तो उस निर्णय का भविष्य में होने वाले सभी क्षेत्रों पर असर और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक असर पर भी गौर करती है। विपक्ष को यह नही भूलना चाहिए कि सबसे पहले देश है फिर कोई दल या मजहब। जो लोग ओएनओपी को विकास का मिशन बता रहे हैं उनके तर्क को भी बगैर दुराग्रह-आग्रह के समझा जाना चाहिए। तभी तो सोच और चिंतन निष्पक्ष माने जाएंगे। एक सकारात्मक तर्क इसके पक्ष में यह भी दिया जा रहा है कि इससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और मतदान का प्रतिशत बढ़ सकता है, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। मिसाल के तोर पर चुनाव आयोग की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के चुनावों के दौरान तकरीबन 60 हजार करोड़ रुपए की हैरान करने वाली राशि का उपयोग किया गया था। इसमें चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाली राजनीतिक पार्टियों के जरिए वहन की गई लागत और चुनावों के आयोजन में भारत के चुनाव आयोग का खर्च शामिल है। इसके अलावा सुरक्षाकर्मियों की बार-बार तैनाती और स्थानांतरण से जुड़ी पर्याप्त और जाहिर लागतें हैं। ओएनओपी ऐसा दूरगामी देश नवनिर्माण का मिशन होगा जिससे साल भर चलने वाले चुनावों से तकरीबन छुटकारा मिल जाएगा। जाहिर तौर पर बार-बार के चुनाव से जहां विकास और प्रगति में जबरदस्त रुकावट आती है वहीं पर धन-जन-संसाधनों की बेतहाशा बबार्दी को रोकने में मदद मिलेगी। चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त ओपी रावत कुछ सुझाव देते हैं। वे सरकार को इसके लिए चार काम करने की बात कहते हैं, जिसमें संविधान के उन अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा, विधान सभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की जगह रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो ताकि पुरानी सरकार गिरने के बाद नई सरकार के साथ विधान सभा या लोक सभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके। ऐसे भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि इसके लागू होने के बाद केंद्र और राज्य सरकारों के बीच टकराहट बढ़ जाएगी। लोक सभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी का मानना है कि एक देश एक चुनाव का मुद्दा व्यावहारिक नहीं है क्योंकि इसके लिए जरूरी है कि देश की सभी विधान सभाएं एक साथ भंग हों, जो संभव ही नहीं है।



वहीं पर पूर्व मुख्य चुनाव अयुक्त एस.वाई. कुरैशी का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने का मतलब है आपको स्थानीय निकायों के चुनाव भी साथ कराने होंगे। ऐसे में जनता एक बार बटन दबाए या तीन बार दबाए, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि राज्य में चुनाव के बाद किसी एक दल या गठबंधन को बहुमत न मिले तो ऐसे हालात में राजनीतिक अस्थिरता खड़ी हो सकती है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सवाल किए जा रहे हैं। देखना यह है कि केंद्र सरकार ऐसा कौन सा रास्ता व कदम उठाती है जिससे सबकी सहमति हासिल हो जाए।

# समतामूलक समाज के ध्वजवाहक थे भिखारी ठाकुर : डॉ. शैलेश

- डी.बी. कॉलेज में 137 वीं जयंती पर नई पीढ़ी और भिखारी ठाकुर विषय पर परिचर्चा का आयोजन
- केंद्र सरकार भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा दे, यही भिखारी ठाकुर जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी
- स्त्रियों के भाव, वियोग और उनकी व्यथाओं का सहज चित्रण किया था भिखारी ठाकुर ने : डॉ. बरखा अग्रवाल
- अंतरात्मा के मौलिक स्वरूप का साक्षात चित्रण किया भिखारी ठाकुर ने : डॉ. अखिलेश



**दबंग हिंद संवाददाता**

**जयनगर।** भोजपुरी के शेक्सपियर के रूप में विख्यात लोक कलाकार और समाज सुधारक भिखारी ठाकुर की 137वीं जयंती जयनगर अनुमंडल स्थित डी.बी. कॉलेज के सभागार में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ह्लनई पीढ़ी और भिखारी ठाकुरह्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख शिक्षाविदों, साहित्यकारों और छात्र-छात्राओं ने भिखारी ठाकुर के योगदान और उनके विचारों की सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार विमर्श किया।

समारोह की शुरूआत भोजपुरी साहित्य विकास मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता और वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने भिखारी ठाकुर के रचनात्मक योगदान को सराहा और कहा, भिखारी ठाकुर ने अपने नाटकों और गीतों के माध्यम से समाज में समता और समानता की बात की थी। उन्होंने अपनी रचनाओं में सामाजिक कुरीतियों, असमानताओं और स्त्रियों के अधिकारों को प्रमुखता से उठाया, जो आज भी हमारे समाज में प्रासंगिक हैं। उनका दृष्टिकोण आज के समय में भी समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण है। डॉ. शैलेश ने विशेष रूप से भोजपुरी को संविधान में आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार करने की आवश्यकता पर जोर दिया और इसे भिखारी ठाकुर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कहा, भिखारी ठाकुर ने जिस भोजपुरी भाषा को अपने नाटकों और गीतों के माध्यम से जीवित रखा, वही भाषा आज एक समृद्ध संस्कृति का प्रतीक बन चुकी है। यदि सरकार भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा देती है, तो यह उनके योगदान को सम्मानित करने का सर्वोत्तम तरीका होगा। समारोह में मनोविज्ञान विभाग की वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. बरखा अग्रवाल ने भिखारी ठाकुर के नाटकों में स्त्रियों के दर्द और व्यथा का उल्लेख करते हुए कहा, भिखारी ठाकुर ने अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में महिलाओं के संघर्षों और संवेदनाओं को अत्यंत सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। उनके नाटक न केवल महिलाओं के आंतरिक भावनाओं को चित्रित करते हैं, बल्कि समाज के समक्ष उनके संघर्षों को भी उजागर करते हैं। उनकी रचनाएं समाज की मानसिकता को बदलने में सहायक रही हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव ने भिखारी ठाकुर को भारतीय समाज के लोकधर्मी विचारक के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, भिखारी ठाकुर ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की आवाज उठाई और उनके दर्द को समाज के सामने लाया। उन्होंने भारतीय संस्कृति की मौलिक भावनाओं को गहराई से समझा और समाज के हर वर्ग के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। आज भी उनकी रचनाएं समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक सुधार के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। समारोह में अन्य उपस्थित प्रमुख शिक्षाविदों में डॉ. शिंकु कुमारी, डॉ. स्वीटी कुमारी, डॉ. मधुरंजन, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अनंतेश्वर यादव ने भी अपने विचार साझा किए। सभी ने भिखारी ठाकुर के कार्यों की सराहना करते हुए उनके विचारों को वर्तमान समाज में लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह के समापन पर डॉ. अनंतेश्वर यादव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और भिखारी ठाकुर की शिक्षाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, भिखारी ठाकुर की रचनाएं न केवल साहित्यिक धरोहर हैं, बल्कि समाज सुधार के लिए एक अमूल्य धरोहर भी हैं। हमें उन्हें आगे बढ़ाकर समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में काम करना चाहिए।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षाविद और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### शोक संतप्त बजरंग दल के पूर्व संयोजक से मिलने पहुंचे फारबिसगंज भाजपा विधायक



विधायक विद्यासागर केसरी ने जताया शोक और परिजनों को दी सांत्वना

**दबंग हिंद संवाददाता**

**फारबिसगंज।** बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी के 66 वर्षीय पिता योगेंद्र स्वर्णकार के निधन के बाद फारबिसगंज भाजपा विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी, भाजपा नेता पूर्व जिला परिषद शंभू शाह सहित कई अन्य नेता बुधवार को उनके पैतृक घर घूरना बाजार पहुंचे। इस दुख की घड़ी में विधायक श्री केसरी ने श्री सोनी को सांत्वना दी और पिताजी से जुड़ी बातें पूछते हुए कहा कि वह इस दुख में पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं। योगेंद्र स्वर्णकार का 12 दिसंबर 2024 को निधन हो गया था। वे लंबे समय से किडनी, प्रोस्टेट, हार्ड और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। विधायक श्री केसरी ने मनोज सोनी को संतान देते हुए उनके दुख में भागीदारी व्यक्त की और परिवार को हिम्मत देने की कोशिश की। इस मौके पर विधायक श्री केसरी के साथ जनप्रतिनिधि मनोज झा, भाजपा नेता दिनेश केसरी, छात्र नेता सूरज चौधरी, व्यवसायी अनिल गुप्ता, विष्णु मुखिया, अरुण मुखिया सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### बिहार को विकास के मामले में अग्रणी राज्य बनाएंगे: तेजस्वी यादव



महिलाओं, बेरोजगारों और किसानों के लिए कई योजनाओं की घोषणा

नीतीश कुमार पर तंज : 'प्रगति यात्रा' नहीं, 'अलविदा यात्रा'

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा ।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को अररिया में एक प्रेस वार्ता के दौरान अपने सरकार बनने पर बिहार को विकास के मामले में देश का सबसे अ०?वल राज्य बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने महागठबंधन की सरकार बनने के बाद कई अहम घोषणाएं कीं, जिनमें वृद्धा पेंशन में वृद्धि, महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता, मुफ्त बिजली, और रोजगार के अवसर देने की बात की।

तेजस्वी यादव का विजनः बिहार को देश का सबसे विकसित राज्य बनाना

तेजस्वी यादव ने कहा, बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हम इसे देश के सबसे विकसित राज्य के रूप में बदलने का हर संभव प्रयास करेंगे। हमारी सरकार बनने पर सबसे पहले हम वृद्धा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करेंगे और साथ ही सभी नागरिकों को सरकार की ओर से मुफ्त 200 यूनिट बिजली दी जाएगी। यह कदम बिहार के विकास को गति देगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा।

उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए काम करना है। इसके लिए हम 'माई-बहिन मान योजना' के तहत बिहार की सभी महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 2500 रुपये भेजेंगे। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने परिवार की भलाई के लिए अपनी जरूरतें पूरी कर सकें।

**महिलाओं के लिए माई-बहिन मान योजना की घोषणा**

तेजस्वी यादव ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए अपनी योजनाओं को साझा करते हुए कहा, ₹हमारी सरकार बनने पर हम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए माई-बहिन मान योजना शुरू करेंगे। इस योजना के तहत हर महिला को महीने में 2500 रुपये मिलेंगे। यह कदम महिलाओं की जिंदगी को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

**केंद्र सरकार पर हमलाः बिहार को नजरअंदाज किया जा रहा है**

तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा,केंद्र सरकार ने बिहार के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है। बिहार के विकास के लिए जो भी कदम उठाए गए हैं, वे राज्य सरकार की ओर से उठाए गए हैं। केंद्र से राज्य को कभी भी उचित मदद नहीं मिली। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के लोग केंद्र की नीतियों से लगातार परेशान हैं और अब उन्हें बदलाव की आवश्यकता है।

**नीतीश कुमार पर तंजः 'प्रगति यात्रा' नहीं, 'अलविदा यात्रा'**

तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला बोला और कहा कि उनकी 'प्रगति यात्रा' दरअसल एक विदाई यात्रा बन चुकी है। उन्होंने कहा, ₹नीतीश कुमार का समय अब समाप्त हो चुका है, वे अब राजनीति से संन्यास लेने के बारे में सोचें। इस बार उनका सत्ता से बाहर होना तय है।

**केंद्र की नीतियों पर तंजः लोकतंत्र और संविधान खतरे में**

तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरे का कारण बन चुकी है। उन्होंने कहा, ₹आज देश में जाति और धर्म के नाम पर नफरत और भय का माहौल फैलाया जा रहा है। भाजपा सरकार आरएसएस के एजेंडे पर काम कर रही है। वे संविधान और लोकतंत्र से खेल रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करना पूरी तरह से गलत है।

कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रमः जमीनी मुद्दों पर चर्चा

तेजस्वी यादव ने अररिया में राजद कार्यकताओं से मिलकर 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से क्षेत्रीय समस्याओं, पार्टी के हित और कार्यकताओं के सम्मान को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यकताओं से संपर्क करना और उनकी समस्याओं को समझना है। मैं यह चाहता हूं कि हर कार्यकर्ता को पार्टी में सम्मान मिले और उनकी मेहनत का सही मूल्यांकन हो।

राजद नेताओं की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में तेजस्वी यादव के साथ राजद के कई प्रमुख नेता भी उपस्थित थे। इनमें राजद के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, विधायक शाहनवाज आलम, राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष मधु मंजिली, पूर्व विधायक अनिल यादव, राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव, प्रदेश महासचिव अरुण यादव, मंडल अविनाश आनंद, मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव, युवा अध्यक्ष बसीर उद्दीन, नरपतगंज प्रखंड प्रमुख मनोज यादव, जिला राजद एससी एसटी के अध्यक्ष बाल कृष्ण राज चौधरी, पलासी प्रखंड प्रमुख सदानंद यादव, ई. आयुष अग्रवाल, कमरुज्जमा, चंदन सिंह, सरवर आलम, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शत्रुघ्न मंडल, प्रो. क्रांति कुंवर, राकेश विश्वास, प्रखंड राजद अध्यक्ष मो. नसीम, सिकटी अध्यक्ष विकास यादव सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

तेजस्वी यादव ने इस संवाद कार्यक्रम में बिहार की राजनीति और भविष्य की योजनाओं पर गहरे विचार किए और महागठबंधन की सरकार बनने के बाद बिहार को एक नई दिशा देने का वादा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार महिलाओं, बेरोजगारों और किसानों के लिए कई योजनाओं की शुरूआत करेगी, जो बिहार के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी।

कुल मिलाकर, तेजस्वी यादव ने इस कार्यक्रम के दौरान महागठबंधन की सरकार बनने पर बिहार के लोगों के लिए कई अहम कदम उठाने का भरोसा दिलाया और एक ऐसे बिहार की तस्वीर पेश की, जहां विकास हर वर्ग तक पहुंचे।

# मध्यप्रदेश के पाठ्यक्रम में शामिल हुई डॉ. सुधांशु शेखर की पुस्तक 'गांधी-विमर्श'

## उच्च शिक्षा विभाग ने गांधी दर्शन पर आधारित पुस्तक को दर्शनशास्त्र पाठ्यक्रम में किया शामिल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर की पुस्तक गांधी-विमर्श अब मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य अध्ययन का हिस्सा बन गई है। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा इसे दर्शनशास्त्र (प्रतिष्ठा) पाठ्यक्रम के लिए अनुशंसित पुस्तकों की सूची में शामिल किया गया है। यह पुस्तक विभागीय वेबसाइट पर जारी पाठ्यक्रम में गांधी दर्शन की प्रमुख अवधारणा के तहत गांधी-विमर्श शीर्षक में पंक्तिबद्ध की गई है।




डॉ. शेखर ने बताया कि गांधी दर्शन पर आधारित अध्ययन हेतु पांच पुस्तकें अनुशंसित की गई हैं, जिनमें उनकी पुस्तक गांधी-विमर्श भी शामिल है। अन्य अनुशंसित पुस्तकों में सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा (महात्मा गांधी), गांधी दर्शन (संगम लाल पांडे), महात्मा गांधी का समाज दर्शन (डॉ. महादेव प्रसाद) और गांधी जी का दर्शन₹ (प्रताप सिंह) शामिल हैं। गांधी-विमर्श में डॉ. शेखर ने गांधी जी के दर्शन को समग्र दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है, जिसमें राष्ट्र, सभ्यता, धर्म, राजनीति, स्वराज, शिक्षा, स्त्री, दलित, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास और भूमंडलीकरण जैसे सामाजिक और समकालीन मुद्दों पर गांधी की गहरी और प्रासंगिक विचारधारा को व्याख्यायित किया गया है। यह पुस्तक न केवल गांधी और समकालीन विमर्श में रुचि रखने वाले शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए, बल्कि आम पाठकों के लिए भी अत्यधिक उपयोगी है। इस उपलब्धि पर डॉ. शेखर ने मध्यप्रदेश शासन के राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे पुस्तक का अध्ययन करें और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें। डॉ. शेखर की लेखन यात्रा में सामाजिक न्यायः अंबेडकर विचार और आधुनिक संदर्भ (2014), गांधी-विमर्श (2015), भूमंडलीकरण और मानवाधिकार (2017), और गांधी-अंबेडकर और मानवाधिकार (2024) जैसी पुस्तकों का योगदान है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आठ संपादित पुस्तकें, दो दर्जन से अधिक शोध-पत्र और कई लोकप्रिय आलेख भी प्रकाशित किए हैं। लेखन और शोध के अलावा, डॉ. शेखर विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाते रहे हैं। वे 3 जून, 2017 से ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी, उपकुलसचिव (अकादमिक) और उपकुलसचिव (स्थापना) के पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

# अभाविप से जुड़े प्राध्यापकों ने किया राज्यपाल का स्वागत



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मधेपुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, मधेपुरा से जुड़े शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के महामहिम राज्यपाल और कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शिक्षकों ने राज्यपाल को अंगवस्त्र और सिंहेश्वर मंदिर की तस्वीर भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही, प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें सामाजिक न्याय : अंबेडकर-विचार और आधुनिक संदर्भ और गांधी विमर्श पुस्तकें भी भेंट की, जो उनके समर्पण और सामाजिक सुधार के प्रति दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री और नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने राज्यपाल से बिहार के उच्च शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की सराहना की। उन्होंने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए राज्यपाल द्वारा किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया और बीएनएमयू (बिहार नारायण मंडल विश्वविद्यालय) में शिक्षा की वर्तमान स्थिति के बारे में भी जानकारी दी। राज्यपाल ने इस मुलाकात के दौरान सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार के उच्च शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सभी मुद्दों पर ठोस पहल का आश्वासन दिया और शिक्षकों को राजभवन में मिलने का निमंत्रण दिया।

# सशस्त्र सीमा बल और एसबीआई (आरसेटी) अररिया द्वारा महिला सिलाई प्रशिक्षण का समापन

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया

**दबंग हिंद संवाददाता**

**अररिया।** बुधवार को 52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और एसबीआई (आरसेटी) अररिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम 19 नवंबर 2024 से 18 दिसंबर 2024 तक एसबीआई (आरसेटी) अररिया में संचालित किया गया था, जिसमें 30 सीमावर्ती महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान 22 महिलाएं और युवतियां सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर पाई। कार्यक्रम के समापन पर 52वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री महेन्द्र प्रताप ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को पेटीकोट, ब्लाउज, सूट, सलवार, पटियाला पायजामा, फ्रॉक आदि बनाने की कला सिखाई गई। यह प्रशिक्षण



एसबीआई (आरसेटी) के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण पूरा करने वाली सभी महिलाएं और युवतियां को एसबीआई (आरसेटी) अररिया द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 13 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा एक-एक सिलाई मशीन प्रदान की गई। यह कदम महिलाओं के आर्थिक उत्थान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर एसएसबी के उप कमांडेंट श्री उदय कुमार, आनंद प्रकाश यादव और एसबीआई (आरसेटी) के निदेशक किशोर कुमार, शशांक शेखर, राम मोहन झा, रिशु सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों की महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें रोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# कुलाधिपति के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर वित्त रहित शिक्षकों का विरोध

## सीनेट बैठक में नारेबाजी और कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित वित्त रहित कालेजों के शिक्षकों ने बुधवार को सीनेट की बैठक में भाग लेने आए कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए काला बिल्ला लगाकर काम किया। इस दौरान शिक्षकों ने कुलपति प्रो. डॉ. विमलेंदु शेखर झा के खिलाफ नारेबाजी की और उनके कार्यकाल को विकासहीन बताया। वित्त रहित शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के यूनिवर्सिटी अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर, प्रोफेसर मनोज कुमार झा, और प्रोफेसर बिनायक प्रसाद यादव ने कहा कि इस कुलपति के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीनेट की बैठक में वित्त रहित शिक्षकों



और कर्मचारियों की समस्याओं पर कोई चर्चा नहीं की गई और न ही कुलाधिपति से इस संबंध में समाधान के लिए कोई बात की गई, जो बेहद निराशाजनक है। साथ ही, शिक्षकों ने बैठक में मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगाने का भी विरोध किया और चौथे स्तंभ को अपमानित करने का आरोप लगाया। काला बिल्ला लगाकर विरोध करने वाले शिक्षकों में शामिल थेः प्रो. दिनेश प्रसाद दास, प्रो. लोकेश चंद्र खां, प्रो. गोपी मिश्रा, प्रो. आलोक सिन्हा, प्रो. अनंत कुमार, प्रो. विश्वनाथ चौधरी, प्रो. आभा रानी, प्रो. सत्येंद्र यादव, प्रो. सच्चिदानंद सचिव, प्रो. ब्रजेश मंडल, प्रो. अभय कुमार, प्रो. कामेश्वर यादव, प्रो. रत्नाकर भारती, प्रो. कुमकुम भारती, प्रो. रीमा कुमारी, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. ललिता कुमारी, और प्रो. बंदना कुमारी। यह प्रदर्शन शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर उनके असंतोष और विरोध का प्रतीक है, जो उन्होंने कुलाधिपति और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति व्यक्त किया।

# अररिया में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक

## धान अधिप्राप्ति, कृषि योजनाओं, उद्योग व आपूर्ति व्यवस्थाओं की समीक्षा

**दबंग हिंद संवाददाता**

**अररिया।** जिला पदाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित परमान सभागार में धान अधिप्राप्ति, जिला आपूर्ति टास्क फोर्स, जिला खाद्य सुरक्षा समिति, जिला कृषि टास्क फोर्स एवं जिला उद्योग टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की गहन समीक्षा की गई, जिसमें धान अधिप्राप्ति, कृषि योजनाओं, उद्योगों के लिए योजनाओं तथा आपूर्ति व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में धान अधिप्राप्ति वर्ष 2024-25 से संबंधित मुद्दों की चर्चा की गई, जिसमें प्रमादी समितियों का निकट/अन्य क्रियाशील पैक्स के साथ टैगिंग, प्रखंडवार चयनित क्रियाशील एवं अक्रियाशील समितियों की सूची की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति हेतु विभागीय लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया और यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि लाभान्वित किसानों को समय पर भुगतान किया जाए।




जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक में रबी 2024-25 फसल आच्छादन, खरीफ 2024 में फसल क्षति के परिणामस्वरूप कृषि इनपुट अनुदान, डीजल अनुदान, फसल अवशेष प्रबंधन, रबी फसल सर्वेक्षण, उर्वरक की प्राप्ति एवं उपलब्धता, उर्वरक कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सूक्ष्म सिंचाई, बागवानी और अन्य कृषि योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पूरा लाभ देने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

दूसरी ओर, जिला उद्योग टास्क फोर्स की बैठक में मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, महिला और युवा उद्यमियों के लिए योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना शामिल थीं। जिलाधिकारी ने संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का निपटान करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में आपूर्ति टास्क फोर्स के अंतर्गत जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पूर्व बैठक में दिए गए निदेशों की प्रगति पर चर्चा की, जिसमें खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड, डोर स्टेप डिलीवरी, निरीक्षण और पर्यवेक्षण आदि मुद्दों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी मार्केटिंग ऑफिसर को पीडीएस दुकानों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अररिया और फारबिसगंज, वरीय उप समाहर्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया और संबंधित विभागों के जिला/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# राजद युवा नेता मंडल अविनाश आनंद ने तेजस्वी यादव को भेंट किया पोट्रेट




**दबंग हिंद संवाददाता**

**अररिया।** राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष और युवा नेता मंडल अविनाश आनंद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को एक पोट्रेट भेंट कर उनका अभिवादन किया। तेजस्वी यादव राजद के सांगठनिक पदाधिकारियों से संवाद करने के लिए कार्यकर्त्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम में अररिया पधारे थे। इस अवसर पर अविनाश आनंद ने तेजस्वी यादव को जन जन के महानायक के रूप में संबोधित किया और कहा कि बिहारवासियों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं, क्योंकि उन्होंने राज्य के विकास और जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संकल्प लिया है। राजद नेता श्री आनंद ने बताया कि तेजस्वी यादव ने माई-बहिन मान योजना के तहत सभी महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने, समाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी और 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया है। उनका यह कदम बिहार की महिलाओं और समाज के अन्य वर्गों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव ने कार्यकताओं से संगठित रहने, समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों से संपर्क बनाने और उनकी समस्याओं को मुखरता से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकताओं को सांगठनिक ढांचा मजबूत करने और एकजुट रहने का मूलमंत्र दिया।

इस कार्यक्रम में तेजस्वी यादव ने अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए समाज के हर वर्ग के लिए सरकार की योजनाओं को समर्पित किया और कार्यकताओं को जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को प्राथमिकता देने की सलाह दी।



# इंडस्ट्री में आत्मसम्मान को भी घमंड समझा जाता है

अभिनेता मनोज बाजपेयी करीब तीन दशक से इंडस्ट्री में हैं। आज वे जहां हैं, उन्होंने वह जगह खुद अपनी मेहनत के दम पर बनाई है। मनोज बाजपेयी इंडस्ट्री की मुख्यधारा के कई चलनों से खुद को दूर रखते हैं। इस पर वे खुलकर बात भी करते नजर आते हैं। हाल ही में मनोज बाजपेयी इंडस्ट्री में अपने सफर पर बात करते दिखे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें घमंडी समझा जाता है। इसकी वजह है।

### पार्टी में क्यों नहीं जाते एक्टर?

हाल ही में एक मीडियो इंटरव्यू के दौरान मनोज बाजपेयी से पूछा गया कि वह विवादों से कैसे दूर रहते हैं और पार्टियों में जाने भी बचते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, मेरा कोई बड़ा विवाद नहीं रहा है, लेकिन हां, मैं किसी पार्टी में नहीं जाता हूं। अब लोग मुझे आमंत्रित भी नहीं करते हैं, क्योंकि उन्हें समझ आ गया है कि मेरे न जाने से नाराज और अपमानित होने की क्या जरूरत है, जिससे मैं बहुत खुश हूं। कृपया मुझे फोन न करें। मै रात को दस से साढ़े दस के बीच सो जाता हूं। सवेरे जल्दी उठता आया हूं हमेशा।

### कौन है इंडस्ट्री में दोस्त?

अभिनेता ने आगे कहा, मैं कुछ लोगों से मिलने जाता हूं, मेरे कुछ निर्देशक मित्र हैं। शारिब हाशमी हैं, लेकिन अभिनेता मेरे ज्यादा दोस्त नहीं हैं। मैं के के मेनन को जानता हूं और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। यहां तक कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी को भी, लेकिन अक्सर हमारी मुलाकात नहीं होती है। हम सभी बहुत व्यस्त लोग हैं।

### घमंडी समझते हैं लोग

मनोज बाजपेयी ने आगे कहा, जो लोग मुझे नहीं जानते हैं, वे मेरे प्रति एक धारणा बनाए बैठे हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि मैं बहुत घमंडी हूं, क्योंकि मैं रिजर्व रहता हूं। अलग-थलग रहता हूं। मैं  अपनी निजता का सम्मान करता हूं। अगर किसी को लगता है कि मैं घमंडी हूं, तो ऐसा ही सही। जिस दिन वे मेरे साथ बैठेंगे और मुझे जानेंगे, इन सभी बातों को समझ जाएंगे। मैं घमंडी नहीं हूं, लेकिन मैं आत्म-सम्मान खा ख्याल रखता हूं। मनोज बाजपेयी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म डिस्पैच हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई है। इसे जी5 पर देखा जा सकता है।



# संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट में प्रभास के अपोजिट नजर आएंगी मृणाल ठाकुर?

संदीप रेड्डी वांगा ने दो हिट फिल्मों कबीर सिंह और एनिमल के साथ बॉलीवुड में अपने लिए जगह बनाई है। और अब, वह पैन इंडिया स्टार प्रभास की मुख्य भूमिका वाली एक और बड़ी फिल्म स्पिरिट बनाने के लिए तैयार हैं। फिल्म में प्रभास एक पुलिस वाले के किरदार में होंगे और इसके 2025 की पहली तिमाही में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। इसी बीच फिल्म की स्टारकास्ट पर आए नए और बड़े अपडेट ने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है।  स्पिरिट की टीम वर्तमान में प्री-प्रोडक्शन के साथ-साथ फिल्म के लिए कास्टिंग भी कर रही है। रिपोर्ट की मानें तो निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और निर्माता भूषण कुमार इस एक्शन फिल्म की फीमेल लीड के लिए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### करीना-सैफ की जोड़ी भी मचाएगी धमाल



फिल्म स्पिरिट भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी और प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसके निर्माता कथित तौर पर फिल्म में सर्वश्रेष्ठ और सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं को शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। खबरें तो यह भी हैं कि इसमें रियल लाइफ कपल करीना कपूर खान और सैफ अली खान भी नजर आएंगे। फिल्म में दोनों की नकारात्मक भूमिका होने की अटकलें हैं।

### स्पिरिट में होंगे कुछ ग्रे एलिमेंट्स

स्पिरिट को एसआरवी और हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बताया जा रहा है। यह पुलिस आधारित फिल्मों को आम तौर पर देखने के तरीके को बदलने का उनका प्रयास माना जा रहा है। फिल्म में अच्छे-बुरे किरदार के साथ-साथ कुछ ग्रे एलिमेंट्स भी हैं, जिनके लिए वांगा को जाना जाता है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

इस फिल्म में भी हर्षवर्धन रामेश्वर संगीत दे रहे हैं, जिन्होंने संदीप की पिछली ब्लॉकबस्टर एनिमल में संगीत दिया था। स्पिरिट का निर्माण भद्रकाली पिक्चर्स और टी-सीरीज द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। स्पिरिट के 2026 में रिलीज होने की संभावना है। फिल्म की समाप्ति के तुरंत बाद संदीप रेड्डी वांगा रणबीर कपूर के साथ एनिमल पार्क की शूटिंग के लिए आगे बढ़ेंगे।



# थेरी की रीमेक है बेबी जॉन? वरुण धवन ने उठाया सच से पर्दा

वरुण धवन की अगली फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर खबरें हैं कि यह 2016 की तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है। हालांकि, अब वरुण धवन ने इन रिपोर्ट्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। वरुण ने साफ किया है कि फिल्म रीमेक नहीं बल्कि एक रूपांतरण है। वरुण धवन के अनुसार, फिल्म के प्लॉट में बड़ा बदलाव किया है। बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है वहीं एटली इसके निर्माता हैं।



**समीरा रेड्डी जब फिल्मों में आई थीं, तो उनके चेहरे की मासूमियत ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। आगे उन्होंने अपने बोल्ड अंदाज से भी दर्शकों को हैरान किया। लेकिन लंबे समय से यह एक्ट्रेस फिल्मों से दूर है। आखिर क्या कर रही हैं, समीरा इन दिनों? एक्टिंग नहीं कर रही हैं, तो कहां व्यस्त हैं?**

# एक्टिंग से दूर होकर भी चर्चा में रहती हैं समीरा

कुछ साल ही फिल्मों में नजर आई समीरा रेड्डी ने साल 2002 में फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह कई बड़ी हिंदी फिल्मों में नजर आईं। साथ ही समीरा ने अलग-अलग दक्षिण भारतीय भाषा की फिल्में भी कीं। साल 2013 में वह आखिर बार एक दक्षिण भारतीय फिल्म में नजर आई थीं। साल 2014 में समीरा ने अक्षय वर्दे नाम के एक बिजनेस मैन से शादी कर ली और वह गोवा में बसी गईं। समीरा और अक्षय के दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी। एक्ट्रेस समीरा पूरी तरह से अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गईं। अब बनी गई सोशल मीडिया इस समय भी समीरा फैमिली लाइफ पर ध्यान दे रही हैं, साथ ही एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी बन चुकी हैं। वह अपने फैंस से, ऑडियंस से कनेक्ट रहती हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लेती हैं। समीरा इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं, वह शानदार वीडियो बनाकर पोस्ट करती हैं। साथ ही इस प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों की जिंदगी में एक पॉजिटिव चेंज भी ला रही हैं। समीरा एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं तो लोग उनकी बातों को गंभीरता से लेते हैं। खासकर उनकी फैन फॉलोइंग में महिलाओं की संख्या बहुत अधिक है। ऐसे में समीरा लंबे समय से बॉडी पॉजिटिविटी पर बात करती हैं। वह आम महिलाओं को सेल्फ लव की सलाह देती हैं।



# तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरुबा के तीसरे पार्ट को लेकर आया बड़ा अपडेट

तापसी पन्नू की हसीन दिलरुबा फ्रेंचाइजी ने 2021 में नेटफ्लिक्स पर अपनी शुरुआत के बाद से बहुत प्रशंसा हासिल की है। यह रोमांस और अपराध का एक रोमांचक मिश्रण था और दर्शकों द्वारा इतना पसंद किया गया कि यह एक बड़ी हिट बन गई। पन्नू के साथ, विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, फिल्म की मनोरंजक कहानी और नाटकीय मोड़ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरे पार्ट में सनी कौशल की एंट्री हुई वह भी हिट रही। वहीं, अब इसके तीसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। जानकारी के अनुसार, फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिलने वाला है।

### थिएटर में दस्तक देगी हसीन दिलरुबा की तीसरी किस्त

हसीन दिलरुबा के निर्माताओं ने इस साल की शुरुआत में इसका सीक्वल फिर आई हसीन दिलरुबा रिलीज किया। ओरिजनल फिल्म की तरह दूसरी किस्त को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर दर्शक मिले और चार्ट में शीर्ष स्थान पर रही। अब, इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों ने खुलासा किया है कि हसीन दिलरुबा के निर्माता अब फिर से ओटीटी मार्ग का अनुसरण करने के बजाए सिनेमाघरों में तीसरी किस्त जारी करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### थिएटर रिलीज की बढ़ी डिमांड

जानकारी के अनुसार, हसीन दिलरुबा फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्में ओटीटी पर इतनी सफल हुईं कि विभिन्न वितरकों ने निर्माताओं से तीसरी फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए कहना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि तापसी पन्नू स्टारर इस फिल्म के तीसरे पार्ट की थिएटर रिलीज की काफी डिमांड है। निर्माता अब हसीन दिलरुबा की तीसरी किस्त को सिनेमाघरों में लाने पर विचार कर रहे हैं।

### दर्शकों की उम्मीदें बढ़ीं

अगर तीसरी फिल्म वास्तव में सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो यह प्रशंसकों को बड़े पर्दे पर हसीन दिलरुबा के रहस्य और नाटक का अनुभव करने का मौका देगी। ओरिजिनल और उसके सीक्वल दोनों की सफलता को देखते हुए, तीसरे भाग से उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। संभावना है कि दर्शकों को इसके नाटकीय रिलीज की घोषणा का बेसब्री से इंतजार होगा।

### हसीन दिलरुबा फ्रेंचाइजी की सफलता

विनिल मैथ्यू द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित पहली फिल्म में तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे ने अभिनय किया था। यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई और उस वर्ष मंच पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी फिल्म बन गई, जो 22 देशों में शीर्ष 10 में रही। जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित अगली कड़ी फिर आई हसीन दिलरुबा ने पांच साल बाद कहानी जारी रखी, जिसमें तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल ने अभिनय किया। फिल्म को इसकी अनूठी कहानी और तापसी पन्नू के प्रदर्शन के लिए सराहा गया, वहीं इसकी गति और कुछ कथानक मोड़ के लिए इसे आलोचना भी मिली।













# जनवरी में बजेगा साउथ-बॉलीवुड की फिल्मों का डंका, कंगना रनौत-राम चरण की फिल्म भी शामिल

**अगले साल जनवरी में कई धमाकेदार बॉलीवुड और साथ ही साउथ की धमाकेदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन सभी फिल्मों की रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर राम चरण तक की फिल्में शामिल हैं। आइए जानते हैं जनवरी 2025 में रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट।**

इस लिस्ट में बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में शामिल हैं। जनवरी 2025 में रिलीज होने वाली इन फिल्मों में राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेंम चेंजर, अजय देवगन और राशा की फिल्म आजाद, कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी और सोनू सूद और जैकलीन की फतेह शामिल हैं।

### गेम चेंजर

पैन इंडिया स्टार राम चरण की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर की रिलीज का दर्शकों काफी लंबे समय से इंतजार है। फिल्म के टीजर, ट्रेलर और गानों ने प्रशंसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। फिल्म के शानदार गाने और धमाकेदार ट्रेलर पहले ही दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। गेम चेंजर में राम चरण एक आईएएस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में वो बाप और बेटे दोनों का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी, अंजलि, समुथिरकानी, एसजे सूर्या, श्रीकांत, प्रकाश राज और सुनील भी नजर आएंगे। गेम चेंजर सभी दक्षिण भारतीय भाषाओं और हिंदी में रिलीज होगी। राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी।

### आजाद

निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद में अजय देवगन के अलावा राशा थडानी और अमन देवगन ने मुख्य अभिनय निभाया है। फिल्म आजाद 17 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म में अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपना डेब्यू कर रही हैं। आजाद का टीजर रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को बेहद पसंद भी आया। इस फिल्म का निर्माण रॉनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर कर रहे हैं। फिल्म में अजय, राशा और अमन के अलावा इसमें डायना पेंटी, पीयूष मिश्रा और मोहित मलिक जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

### फतेह

फतेह एक आगामी बॉलीवुड एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन खुद सोनू सूद कर रहे हैं। फिल्म में सोनी के अलावा जैकलीन नजर आएंगी। यह पहली फिल्म है, जिसका निर्देशन सोनू ने किया है। सोनू और जैकलीन के अलावा फिल्म में शिव ज्योति राजपूत और नसीरुद्दीन शाह भी नजर आएंगे। इस फिल्म का टीजर 16 मार्च को रिलीज हुआ था। फिल्म फतेह 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज होगी। इस फिल्म में अभिनेत्री कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में अभिनय करने के अलावा कंगना फिल्म की निर्माता-निर्देशक भी हैं। इस फिल्म में कंगना के अलावा अनुपर खेर, महिमा चौधरी, श्रेयस तलपदे जैसे सितारे नजर आएंगे।

# बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच हुआ ड्रा

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये तीसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन बुधवार को भारत की दूसरी पारी में शुरु हुई बारिश के कारण ड्रा घोषित कर दिया गया। ट्रैविस हेड को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवजा गया। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें एक-एक मैच जीत कर बराबरी पर है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर मिली 185 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन पर घोषित कर भारत को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया था।

ऑस्ट्रेलिया के 275 रनों के लक्ष्य के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 2.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आठ रन बनाये थे कि तेज बारिश शुरु हो गई। चायकाल के समाप्त होने बावजूद हो रही हल्की बारिश के कारण अम्पायरों ने मैच को ड्रा घोषित कर दिया। यशस्वी जायसवाल (नाबाद चार) और के एल राहुल (नाबाद चार) रन क्रीज पर थे।

भारत ने सुबह के सत्र में आज नौ विकेट पर 252 रनों से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में आठ रन और जुड़े थे कि ट्रैविस हेड ने आकाश दीप को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट कराकर 260 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। आकाश दीप ने 44 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली। वहीं जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के स्कोर के आधार पर 185 रनों की बढ़त मिली।

इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम तेजी से रन बनाने के प्रयास में लगातार अपने विकेट खोती रही। उस्मान ख्वाजा (आठ), मार्नस लाबुशेन (एक) को बुमराह ने अपना शिकार बनाया। नेथन मैकस्वीनी (चार), मिचेल मार्श (दो) को आकाश दीप ने आउट किया। ट्रैविस हेड (17) और स्टीव स्मिथ (चार) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। 18वें ओवर में बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (22) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने तीन, आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाये थे।



# ऑस्ट्रेलिया टीम ने अश्विन को दी स्पैशल टीशर्ट, कमिंस बोले- वह बेहतरीन खिलाड़ी है



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस नहीं मानते कि यहां तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद 5 मैच की श्रृंखला में लय भारत के पक्ष में बन गई है और उन्हें इस बात की खुशी है कि उनकी टीम ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में पहली पारी में भारतीय टीम को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। तीसरे टेस्ट मैच में अधिकतर समय अपना पलड़ा भारी रखने वाले ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां अपनी दूसरी पारी 7 विकेट पर 89 रन पर समाप्त घोषित करके भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन बारिश के कारण आखिर में यह मैच ड्रॉ रहा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों ने अश्विन को एक विशेष जर्सी भेंट की जिसपर सभी क्रिकेटरों के हस्ताक्षर थे।

कमिंस ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि मैं कभी लय को लेकर परेशान रहा। वास्तव में मैं इसकी कभी परवाह नहीं करता। मुझे लगता है कि इस सप्ताह के अपने प्रदर्शन से हम काफी कुछ हासिल कर सकते हैं। हमारे बल्लेबाजों ने दो शानदार साझेदारियां निभाई। हमने नए विकेट पर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर 450 (445) रन बनाए और जब विकेट से बल्लेबाजों को थोड़ा मदद मिल रही थी तब भारत को 250 (260) रन पर आउट करने में सफल रहे। अपने इस प्रदर्शन से हम काफी प्रेरणा दे सकते हैं।

अब जबकि श्रृंखला 1-1 से बराबर है तब भारत के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा करके सबको चौंका दिया, जिनमें कमिंस भी शामिल हैं।



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा कि निश्चित तौर पर यह थोड़ा चौंकाने वाला रहा। वह निश्चित तौर पर बेहतरीन खिलाड़ी है। ऐसे बहुत कम ऑफ स्पिनर हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ी। इसकी गणना सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हमेशा शानदार प्रतिस्पर्धी रहा। ऑस्ट्रेलिया और भारत में हमारे और उसके बीच काफी रोचक प्रतिस्पर्धा हुई। हमारी टीम उसका बहुत सम्मान करती है।

कमिंस ने बारिश के कारण ड्रॉ रहे तीसरे टेस्ट मैच को निराशाजनक बताया क्योंकि खिलाड़ियों को कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। मुझे याद नहीं कि अतीत में कभी ऐसा हुआ होगा। यह निराशाजनक था। कमिंस ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण श्रृंखला में आगे नहीं खेल पाएंगे लेकिन उन्हें उम्मीद है कि ट्रैविस हेड अगले मैच तक फिट हो जाएंगे जिनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। उन्होंने कहा कि जोश आगे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे जो कि निराशाजनक है। जहां तक ट्रैविस का सवाल है तो वह जल्द ही फिट हो जाएगा। उसकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है लेकिन वह मेलबर्न टेस्ट (26 दिसंबर से) तक फिट हो जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका ने आगामी पाकिस्तान सीरीज के लिए टेस्ट टीम की घोषणा की

**केप टाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अपनी आगामी पाकिस्तान सीरीज के लिए टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है। अनकैप्ड कॉर्बिन बॉश को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। बॉश के पास 40 से अधिक की प्रथम श्रेणी बल्लेबाजी औसत और 36.75 की गेंदबाजी औसत के साथ एक ऑल-राउंड संभावना है, और पुरुष अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले उभरते हुए तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को शामिल किया है। दो मैचों की टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर को सेंचुरियन में शुरू होगी। सीरीज का दूसरा और अंतिम मैच 3 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा।



वियान मुल्डर, जो इस सीजन की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से चूक गए थे, को भी टीम में शामिल किया गया है क्योंकि वह अपनी उंगली में फ्रैक्चर से उबरने के अंतिम चरण को पूरा कर रहे हैं। अगर ऑलराउंडर को पहले टेस्ट के लिए चुना जाता है, तो बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के को टीम से बाहर कर दिया जाएगा। पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व कमर में गंभीर खिंचाव वाले स्पिनर केशव महाराज भी टीम में हैं, लेकिन उन्हें आगे के परीक्षणों से गुजरना होगा। दक्षिण अफ्रीका के रेड-बॉल कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को देखते हुए सकारात्मक परिणाम हासिल करने पर केंद्रित है। फिलहाल दक्षिण अफ्रीका स्टैंडिंग में सबसे आगे है। आईसीसी ने शुकरी कॉनराड के हवाले से कहा, %हम इस सीरीज में स्पष्ट लक्ष्य के साथ उतरेंगे, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाना होगा। हमने ऐसी टीम चुनी है जो हमें इसे हासिल करने का सबसे अच्छा मौका देती है। यह दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक रोमांचक समय है और हम विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं। वे हमेशा अपने प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों के साथ एक मजबूत चुनौती पेश करते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।''

**दक्षिण अफ्रीका टीम**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जेनसन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

# आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया। आज यहां अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी उनके साथ थे। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे। इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे।

अश्विन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सभी प्रारूपों में ये मेरा आखिरी मैच था। मेरे अंदर अभी भी क्रिकेट शेष है, लेकिन वो अब मैं क्लब स्तर क्रिकेट में दिखाना चाहूंगा। मैंने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। रोहित और बाकी खिलाड़ियों के साथ काफी यादे है। मैं बीसीसीआई और साथी खिलाड़ियों का धन्यवाद करना चाहूंगा। कुछ लोगों के नाम भी लेना चाहूंगा। सभी कोच जो इस यात्रा का हिस्सा रहे। रोहित, विराट, रहाणे, जिन्होंने कई सारे कैच पकड़े और मुझे मेरे विकेटों को लेने में मदद की। ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम को भी धन्यवाद, मैंने उनके खिलाफ खेलना हमेशा एंजॉय किया।÷




अश्विन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट लिए है। उन्होंने 37 बार पांच विकेट और आठ बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट लिये। वहीं 65 टी-20 मैचों में 72 विकेट चटकाए। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल छह टेस्ट शतक लगाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके नाम कुल आठ शतक रहे। एकदिवसीय क्रिकेट में 707 रन और टी-20 में उनके नाम 184 रन हैं।

## वेस्टइंडीज ने भारत को 9 विकेट से हराया, महिला टी20 सीरीज 1-1 से बराबर

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज महिला टीम ने कप्तान हेले मैथ्यूज की शानदार पारी की बदौलत भारत को 9 विकेट से हराकर टी20 सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। यह मुकाबला नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेला गया। मैथ्यूज ने 47 गेंदों में 85 रनों की विस्फोटक पारी खेली और अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में मामूली स्कोर बनाया, जिसे वेस्टइंडीज ने आसानी से एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। हार के बाद भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अपनी योजनाओं को सही ढंग से लागू नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में ऐसा होता है। परिस्थितियां हमारे पक्ष में नहीं थीं और पिच पर नमी थी, लेकिन यह कोई बहाना नहीं हो सकता। हमें गेंदबाजी में अपनी रणनीति बेहतर करनी होगी। ओस की वजह से चुनौतियां थीं, लेकिन हमें अगले मुकाबले में मजबूत वापसी करनी होगी। वहीं, वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पिछले मैच में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक था, इसलिए आज हमें बेहतर करना जरूरी था। हमने खेल पर नियंत्रण रखा और यह तय किया कि हम इसे मजबूती से खत्म करना है। भारत को सीमित स्कोर पर रोककर हमें लगा कि लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। विंडीज की ऑलराउंडर डिआंड्रा डॉटिन ने भी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे दृढ़ संकल्प और बुनियादी क्रिकेट पर टिके रहने का नतीजा है।

# रोहित अगर रन नहीं बनाते है तो कप्तानी छोड़ सकते है : सुनील गावस्कर



ब्रिसबेन। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि आगामी मैचों में अगर कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म जारी रही तो वह कप्तान छोड़ देंगे। बुधवार को यहां एक खेल चैनल से गावस्कर ने कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित को निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में खेलने का मौका मिलेगा, यह पक्का है। लेकिन सीरीज के अंत में अगर वह रन नहीं बना पाए तो मुझे ऐसा लग रहा है कि रोहित कुछ फैसला करेंगे। वह बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ क्रिकेटर है, वह टीम पर बोझ नहीं बनना चाहेगा। उन्हें शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों द्वारा सामना किए जाने वाले दबावों की गहरी समझ है।' उन्होंने कहा, 'वह एक ऐसा क्रिकेटर है जो भारतीय क्रिकेट की बहुत परवाह करता है। इसलिए अगर वह अगले कुछ मैचों में रन नहीं बनाता है, तो मुझे लगता है कि वह खुद ही पद छोड़ देंगे।' उल्लेखनीय है कि रोहित एडिलेड टेस्ट में भारतीय टीम से जुड़े। इस टेस्ट में उन्होंने 23 गेंदों पर तीन रन और 26 गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए। रोहित ने तीसरे टेस्ट में भी मध्यक्रम में ही उतरने का फैसला किया। तीसरे दिन बारिश के कारण रोहित को ज्यादा देर क्रीज पर समय बिताने का मौका नहीं मिला। चौथे दिन मंगलवार को रोहित 10 रन बनाकर आउट हुए थे। रोहित इस साल प्रदर्शन खराब रहा है और उन्होंने इस साल अब तक 24 पारियों में 26.39 के औसत से 607 रन बनाए हैं।

# शमीम हुसैन, मेहदी हसन मिराज के शानदार प्रदर्शन के दम पर जीता बांग्लादेश

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त

**सेंट विंसेंट (एजेंसी)।** शमीम हुसैन (नाबाद 35), मेहदी हसन मिराज (26) रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 27 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही बंगलादेश ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। बांग्लादेश के 129 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 102 रनों पर ढ़ेर हो गई। वेस्टइंडीज के लिए रॉस्टन चेज ने सर्वाधिक (32) रनों की पारी खेली। अकील हुसैन ने (31) और जॉनसन चार्ल्स ने (14) रन बनाए।



वेस्टइंडीज के बाकी आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश के लिए तसकीन अहमद ने तीन विकेट झटके। महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन को दो-दो विकेट हासिल किए। हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया। शमीम हुसैन को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इसके पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज 11 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। कप्तान लिटन कुमार दास (तीन) और तंजिद हसन (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सौम्य सरकार भी (11) रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने पारी संभालने का प्रयास किया। मेहदी हसन मिराज (26) और जाकेर अली (21) रन बनाकर आउट हुए। शमीम हुसैन ने बंगलादेश के लिए 17 गेंदों में (35) रनों की पारी खेली। बांग्लादेश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 129 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने दो विकेट लिए। अकील हुसैन, रॉस्टन चेज, अल्जारी जोसेफ और ओबेद मकॉए ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खराब फॉर्म और प्रदर्शन के चलते पृथ्वी शॉ विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर

नई दिल्ली। टीम इंडिया से लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को विजय हजारे ट्रॉफी की मुंबई टीम से भी हटा दिया है। खराब फॉर्म और प्रदर्शन के चलते पृथ्वी को टीम से बाहर कर दिया गया है। विजय हजारे ट्रॉफी 21 दिसंबर से शुरू होने वाली है। पृथ्वी शॉ, जिन्हें कभी भारतीय क्रिकेट का भविष्य कहा जाता था और जिन्होंने टेस्ट डेब्यू में शतक जड़ा था, फिलहाल मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। इस सत्र में उनका प्रदर्शन बेहद साधारण रहा है। रणजी ट्रॉफी के दौरान उन्हें अनुशासन और फिटनेस संबंधी कारणों से बीच टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए उनकी वापसी हुई और मुंबई ने यह खिताब जीता, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर शॉ के प्रदर्शन में सुधार नहीं दिखा। नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी में भी शॉ को बड़ा झटका लगा था, जब किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें खरीदने में रुचि नहीं दिखाई। घरेलू क्रिकेट में भी वह प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सत्र में उन्होंने औसत प्रदर्शन किया था और इस बार टीम में उनको जगह नहीं मिली। मुंबई टीम से बाहर किए जाने के बाद पृथ्वी शॉ ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि भगवान, मुझे बताओ कि मुझे और क्या देखना है? लेकिन मैं आप पर भरोसा बनाए रखूंगा और उम्मीद है कि लोग मुझ पर विश्वास करेंगे, क्योंकि मैं निश्चित रूप से वापसी करूंगा। मुंबई टीम की कमान इस बार श्रेयस अय्यर संभालेंगे, जो 17 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी शामिल किया है। वहीं, अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी को टीम में जगह नहीं मिली है।



# गूगल बुमराह का दीवाना, पोस्ट में लिखा- मैं जस्सी भाई पर यकीन करता हूं

### -दक्षिण अफ्रीका में जसप्रीत को सिराज ने दिया था जस्सी भाई नाम

नई दिल्ली,। ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का चौथा दिन टीम इंडिया के लिए संघर्ष भरा था। भारतीय गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को फॉलोऑन न देकर संभावित और शर्मनाक पारी की हार को टाल दिया। फॉलो-ऑन और संभावित पारी की हार से बचने की चुनौती के साथ, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों के साथ-साथ बुमराह और आकाश दीप के बीच साझेदारी ने भारत को चौथे दिन का अंत 252/9 पर करने में मदद की। इन पारियों ने भारत को टेस्ट में लड़ने का मौका दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 76 रन देकर छह विकेट लेने के बाद फैंस बुमराह के रनों का शुक्रिया अदा नहीं कर सके। आभार में शामिल होते हुए गूगल इंडिया ने भी बुमराह के लिए एक प्रशंसा पोस्ट साझा की, जिसे प्यार से जस्सी भाई कहा जाता है। गूगल इंडिया की एक पोस्ट में लिखा है- मैं केवल जस्सी भाई पर विश्वास करता हूं। एक्स पर पोस्ट में एक ट्विटर उपयोगकर्ता के पोस्ट को उद्धृत करता है, जिसने बुमराह के पहले पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस वीडियो को कैप्शन के साथ साझा किया था। गूगल इट से बेहतर वापसी का नाम बताएं। बता दें कम लोगों को ही पता है कि बुमराह को जस्सी भाई नाम सबसे पहले मोहम्मद सिराज ने दिया था। दक्षिण अफ्रीका में भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद, सिराज ने आंखों में आंसू लेकर कहा था- मुझे पता था कि केवल जस्सी भाई ही भारत के लिए ऐसा कर सकते हैं और उन्होंने हमारे लिए यह किया।



# ओलंपिक की बात करते थे तो मजाक बनाते थे : योगेश्वर दत्त

नई दिल्ली। पूर्व रेसलर योगेश्वर दत्त ने बताया कि जब वह ओलंपिक की बात करते थे तो लोग उनका मजाक बनाते थे। योगेश्वर दत्त ने साल 2012 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। हाल ही में एक चैनल की समिट में पूर्व रेसलर भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संघर्ष पर बात की। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कुश्ती की इमेज खराब की। ओलंपिक मेडलिस्ट ने कहा,' कुश्ती में मेडल जीतने के लिए मैं बता नहीं सकता कि मैंने कितना संघर्ष किया है। हमें इतनी ज्यादा इंजरी हुई है। हम ये गिन गिनते भी भूल जाते हैं। हम दिन भर के 7-8 घंटे मेहनत करते थे। राजनीति भी मुश्किल है। हर खिलाड़ी चाहते हैं कि वे मेडल जीते लेकिन जिसकी किस्मत अच्छी होती है वो वहीं ओलंपिक में मेडल जीतता है।' दत्त ने आगे कहा,'जब आप किसी दूसरे के हाथ में खेलने लग जाते हो तो ऐसा ही होता है। पहलवानों ने आंदोलन किया। उन्होंने बृजभूषण पर केस किया। आरोप लगाए। मैं मानता हूं कि जो दोषी हो उसे सजी मिलनी चाहिए। लेकिन पहलवानों ने कुश्ती को बदनाम किया। कांग्रेस ने ये सब किया। बाद में सच भी सामने आ गया कि यहां कौन गलता था।' ' योगेश्वर दत्त ने आगे कहा,' मैं और सुशील कुमार एक साथ आए हैं जब हम ओलंपिक की बात करते थे तो लोग हमारा मजाक बनाते थे। जब हमारे कोच कहते थे कि हम मेडल लेकर आएंगे तो लोगों को लगता था कि ये झूठ बोल रहे वे मजाक बनाते थे। हमने मेहनत की और मेडल जीता। लड़कियां भी कुश्ती में अच्छा कर रही हैं वो जहां भी जा रही मेडल जीतकर आ रही है।' बता दें कि योगेश्वर दत्त को 2013 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। योगेश्वर दत्त ने सितंबर 2019 में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की थी। 2012 के ओलंपिक में उन्होंने 60 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उन्होंने 2010 और 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी मेडल जीते थे।



# आईसीसी रैंकिंग : जो रूट ने एक हफ्ते में हैरी ब्रूक से छीनी टेस्ट की बादशाहत, ये खिलाड़ी बना नंबर वन टी20 गेंदबाज

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को टेस्ट और टी20 प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट फिर से नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एक हफ्ते में हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली। रूट के खाते में फिलहाल 895 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड वर्सेस न्यूजीलैंड तीसरे टेस्ट में 54 और 32 रन की पारी खेली थी। वहीं ब्रूक का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा। उन्होंने मैच में महज एक रन बनाया। उनका पहली पारी में खाता नहीं खुला था। ब्रुक 876 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उन्हें 22 अंकों का नुकसान हुआ।

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट में शानदार शतक जमाया था और न्यूजीलैंड ने 434 रनों से विशाल जीत दर्ज की। विलियमनस 33वीं टेस्ट सेंचुरी ठोकने के बाद रूट से 28 रेटिंग अंक पीछे हैं। उनके 867 अंक हैं। टॉप-10 में भारत के दो बल्लेबाज हैं। यशस्वी जायसवाल चौथे और ऋषभ पंत नौवें नंबर पर हैं। भारत के खिलाफ गाबा टेस्ट में सेंचुरी मारने वाले ट्रैविस हेड पांचवें नंबर पर हैं। भात के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 20वें और कप्तान रोहित शर्मा 30वें स्थान पर मौजूद हैं।

**अकील हुसैन बने टी20 के नंबर 1 गेंदबाज**

वहीं वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के नए नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। उनके 707 अंक हो गए हैं। वह इंग्लैंड के आदिल रशीद को पछाड़कर टॉप पर पहुंचे हैं। रशीद के खाते में 701 अंक हैं और अब दूसरे नंबर पर हैं। अकील ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में 13 रन देकर 2 विकेट चटाकए थे। हालांकि, वेस्टइंडीज को बांग्लादेश के हाथों 7 रन से हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा तीसरे और ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। टी20 गेंदबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में अर्शदीप सिंह एकमात्र भारतीय हैं। वह 657 अंकों के साथ आठवें पायदान पर हैं।



## राष्ट्रद्रोह मामले में कंगना रनौत आगरा कोर्ट में फिर नहीं हुईं हाजिर, अब जनवरी की दी गई तारीख

आगरा । राष्ट्रदोह के वाद में सांसद कंगना रनौत अदालत में न तो खुद आईं और न ही उनकी ओर से कोई हाजिर हुआ। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख नियत कर दी है। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का वाद दायर किया था। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए ने अधिवक्ताओं के बयान दर्ज होने के बाद विपक्षी को हाजिर होने का नोटिस भेजा था। बताई गई ट्रैक रिपोर्ट के अनुसार नोटिस उनके दोनों पतों पर डिलीवर हुए थे। कंगना रनौत पर 26 अगस्त को टीवी चौनलों पर दिए साक्षात्कार में किसानों पर अभद्र टिप्पणी करने और इसके पहले 16 नवंबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का मजाक उड़ाने का आरोप है।

## आरजेडी के वरिष्ठ नेता का विवादित बयान, अमित शाह को पागल मंत्री बता

पटना । आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवचंद्र राम ने केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर विवादित बयान दिया है। पटना में आरजेडी कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने अमित शाह को पागल मंत्री बताया है। दरअसल राज्यसभा में गृह मंत्री ने कहा था कि अंबेडकर-अंबेडकर करना फैशन हो गया है। इतना नाम अगर भगवान का लेते, तब सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता। इस बयान पर बिहार में सियासत गर्म हो चुकी है। पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से देश की 90 प्रतिशत आबादी दुखी है। उनके बयान का राष्ट्रीय जनता दल घोर निंदा करती है। यह देश के गृह मंत्री नहीं, देश के पागल मंत्री हैं। जब बाबा साहेब का अपमान हो रहा था, तब सदन में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी हंस रहे थे। यह दो नेता सिर्फ अपने परिवार के लिए जीते हैं। इन्हें दलित और महादलित से कोई मतलब नहीं है। राजद नेता शिवचंद्र राम ने कहा कि शाह के बयान से पिछड़ा और अति पिछड़ा के मन में बड़ी चोट पहुंची है। बीजेपी वाले संविधान के खिलाफ हैं। संविधान पर चोट पहुंचाते हैं।

## मुंबई से एलीफेंटा जा रही नाव पलटी, 30 लोग डूबे, एक की मौत

मुंबई। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही एक नाव समुद्र में पलट गई जिससे एक यात्री की डूबने से मौत होने की खबर है। ये नाव एलीफेंटा जा रही थी और नाव पर 30-35 यात्री सवार थे। इस बीच यात्रियों का बचाव अभियान जारी है। दुर्घटनाग्रस्त नाव का नाम नीलकमल है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि हादसा दो नावों के आपस में टकराने के कारण हुआ। नौसेना की 11 नावें, 3 समुद्री पुलिस नावें और एक तटरक्षक नौका मौके पर पहुंच गई है। नावों के साथ चार हेलीकॉप्टरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने समुद्र किनारे के नागरिकों की मदद ली है। कोस्ट गार्ड से मिली जानकारी के मुताबिक 21 यात्रियों को बचा लिया गया है। इनमें से 1 यात्री को मृत घोषित कर दिया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, नौका नीलकमल उरण के करंजा के पास पलट गई। प्रारंभिक जानकारी है कि इसमें 30 से 35 यात्री सवार हैं। नौसेना, तटरक्षक बल, येलोगेट पुलिस स्टेशन और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से बचाव अभियान चल रहा है।

## बिहार के 17 जिलों में शीतलहर और कोहरा का अलर्ट, टोल फ्री नंबर जारी

पटना। बिहार में शीतलहर जारी है। मौसम विभाग ने राज्य में 17 जिलों में शीतलहर और कोहरा का अलर्ट जारी किया है। उत्तर पश्चिम भारत में भीषण शीतलहर का असर बिहार में देखने को मिलेगा। भीषण ठंड को देखते हुए आपदा विभाग ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक गुरुवार को पटना, शेखपुरा, नालंदा, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, सारण, सिवान, बक्सर, वैशाली, दरभंगा, बेगूसराय, समस्तीपुर, मधेपुरा, जमुई, भागलपुर और कटिहार के ज्यादतर हिस्सों में देर रात और सुबह में घना कोहरा छाया रहेगा। शीतलहर को देखते हुए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र पर संपर्क करें। हेल्पलाइन नंबर -0612-2294204/205 टोल फ्री नंबर-1070 पर किसी भी तरह की आपात स्थिति की जानकारी दे सकते हैं। बता दें कि पिछले 24 घंटे में रोहतास का डेहरी सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा वाल्मीकि नगर 11.9, गोपालगंज 10, सीतामढ़ी के पुपरी 9.3, मधुबनी 10.2, सुपौल 12.8, मुजफ्फरपुर 9.6, मधेपुरा 9.3, इन सभी जिलों में न्यूनतम तापमान में 0.1 से 0.6 डिग्री की गिरावट आई।

## वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, कटरा किया बंद

कटरा। वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बुधवार को कटरा बंद किया। समिति ताराकोट रोपवे परियोजना का विरोध कर रही है। परियोजना को लेकर लोग सड़क पर उतर आए और इसका विरोध किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी, ऑटो चालकों समेत सभी दुकानदार एकत्रित हुए। इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस और पीडीपी ने भी समर्थन दिया है। श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें इसे अपनी आजीविका पर कुठाराघात बताया है। परियोजना का विरोध कर रहे लोगों का दावा है कि रोपवे कटरा के बाजार को बायपास कर देगा, जिससे तीर्थयात्रियों के आवागमन पर निर्भर हजारों दुकानदारों पर असर पड़ेगा।

# वन नेशन-वन इलेक्शन~ जेपीसी में कांग्रेस और अन्य दलों के नामों की सिफारिश



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा गया है। अब जेपीसी का गठन लोकसभा स्पीकर को करना है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने समिति के लिए अपने-अपने सदस्यों के नाम फाइनल कर दिए हैं।

कांग्रेस ने जेपीसी में शामिल करने के लिए जिन नेताओं के नामों को फाइनल किया है, उनमें प्रियंका गांधी का नाम भी शामिल है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस ने जेपीसी के लिए चार नाम सुनिश्चित किए हैं, जिनमें मनीष तिवारी जो कि अनुभवी वकील और वरिष्ठ नेता हैं। दूसरा नाम प्रियंका गांधी का है जो पार्टी की महिला नेतृत्व का चेहरा हैं। तीसरे हैं सुखदेव भगत जो आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता हैं और चौथे रणदीप सुरजेवाला का नाम हैं जो पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार और वकील हैं। ये चारों नेता वन नेशन-वन इलेक्शन पर कांग्रेस का पक्ष जेपीसी के मंच पर रखेंगे।

यदि अन्य दलों के संभावित सदस्यों की बात करें तो सूत्र बता रहे हैं कि डीएमके से पी. विल्सन (मशहूर वकील), टी. सेल्वागेथी हो सकते हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से धर्मेंद्र यादव का नाम हो सकता है, जिन्होंने इससे पहले भी सपा का पक्ष रखा है। तृणमूल कांग्रेस से कल्याण बनर्जी, साकेत गोखले हो सकते हैं।

### जेपीसी का गठन और कार्यप्रणाली

जेपीसी में राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य शामिल होंगे। आमतौर पर लोकसभा के सदस्य राज्यसभा के मुकाबले दोगुने होते हैं। यह समिति प्रस्तावित बिल या मुद्दे की गहन समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करती है। जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार संशोधित बिल को संसद में पेश करती है।

### वन नेशन-वन इलेक्शन की संवैधानिक चुनौती

यह प्रस्ताव एक संवैधानिक संशोधन की मांग करता है, जिसके लिए सरकार को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होगी। जेपीसी का गठन इस दिशा में आम सहमति बनाने और विपक्ष के विचारों को शामिल करने की कोशिश के तहत किया गया है।

### आगे का रास्ता

जेपीसी की रिपोर्ट और चर्चा के बाद ही वन नेशन-वन इलेक्शन बिल को संसद में पेश किया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि विभिन्न राजनीतिक दल इस मुद्दे पर अपनी क्या राय रखते हैं और क्या सरकार विपक्ष के साथ सहमति बना पाती है।

## पंजाब के इस्लामाबाद में जोरदार धमाका! बाल-बाल बची लोगों की जान

**- खालिस्तानी आतंकी हैप्पी के करीबी गैंगस्टर ने ली हमले की जिम्मेदारी!**

अमृतसर । अमृतसर के थाना इस्लामाबाद में रात 3~15 पर एक जबरदस्त ब्लास्ट होने के बाद पुलिस ने तत्काल थाने के गेट बंद कर लिए। ब्लास्ट में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन मौके पर तनाव महसूस किया जा रहा है। खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पसिया के करीबी गैंगस्टर जीवन फौजी ने सोशल मीडिया पर अपनी जिम्मेदारी ली है और इस घटना के पीछे अपना नाम जोड़ रखा है। जीवन फौजी ने दावा किया है कि वह पंजाब पुलिस के अनुवाद के खिलाफ बदला चाहते हैं। पुलिस कमिश्नर ने एक वीडियो में बताया कि उन्होंने आवाज सुनी थी और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने भी चेतावनी जारी की है कि पंजाब में पुलिस थानों पर आतंकी हमलों की संभावना है। इस घटना के पीछे का सच सामने आने के लिए आगे की जांच जारी है। लोगों में घबराहट और खौफ बन रहा है जबकि सुरक्षा बारें में ज्यादा जानकारी की मांग की जा रही है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी एनआईए ए पहले ही पंजाब पुलिस को अलर्ट कर चुकी है जिसमें एनआईए द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट में साफ किया गया है कि पंजाब में पुलिस थानों पर आतंकी हमले की साजिश हो रही है और पुलिस को तर्क रहने की जरूरत है रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खालिस्तानी आतंकी 1984 में इस्तेमाल किए गए डैड ड्रॉप मॉडल की तर्ज पर हमला करेंगे जिसे लेकर केंद्र की सुरक्षा जनसंख्या पूरी तरह से हाई अलर्ट पर है और पंजाब पुलिस को भी अलर्ट रहने की चेतावनी दी गई थी।

## अमित शाह के बयान पर विवाद के बाद बोलीं मायावती-दलितों के लिए बस एक ही भगवान आंबेडकर



नई दिल्ली (एजेंसी)। लखनऊ (ईएमएस)। गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में भीम राव आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर अब राजनीति गर्मा गयी है। अब इस विवाद पर बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की भी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व सीएम मायावती ने इस पूरे मामले को लेकर बीजेपी और कांग्रेस पर हमला बोला है। पूर्व सीएम मायावती ने एक्स पर लिखा-'कांग्रेस व बीजेपी एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन दलितों व अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र इनके भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर हैं, जिनकी वजह से ही इन वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले हैं, तो उसी दिन इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था।'

बसपा सुप्रीमो ने आगे लिखा-'अतः कांग्रेस, बीजेपी आदि पार्टियों का दलित व अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा. इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव. इनके कार्य दिखावटी ज्यादा, ठोस जनहितैषी कम. बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बीएसपी सरकार में ही मिल पाया।' गौरतलब है कि राज्यसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर..अंबेडकरकृअंबेडकर कहना। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिलता। अमित शाह के इस बयान पर विपक्ष बीजेपी पर निशाना साध रहा है और अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग कर रहा है।

# पांच गांवों में बाघों की दहशत, लोगों की नींद हुई हराम... वन विभाग दिन-रात जांच में जुटा

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ के करीब घूम रहा बाघ बुधवार सुबह कटौली, जमालनगर, बनिया खेड़ा, लीला खेड़ा और लक्ष्मण खेड़ा गांवों में दिखाई दिया। इससे इन गांवों में दहशत का माहौल है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पगमार्क का निरीक्षण कर थर्मल ड्रोन कैमरे से काफी देर निगरानी की, लेकिन बाघ दिखाई नहीं दिया। इसके पहले एक बाग में नीलगाय के बच्चे का शिकार भी किया था। फिलहाल अफसरों का अनुमान है कि बाघ सीतापुर से जंगल के रास्ते लखनऊ में दाखिल हुआ है।

वन विभाग की टीम दोपहर में जमालनगर भी पहुंची और लोगों को जागरूक किया। जमालनगर गांव निवासी ने बताया कि सुबह करीब 7~30 बजे खेतों की तरफ बाघ आया नजर आया। वहीं डीएफओ सितांशु पांडे ने बताया कि काकोरी के गुरदीनखेड़ा, गोहरामऊ और करझन में बाघ के पगमार्क मिले थे। इस तरह केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के 10 किमी के दायरे वाले गांवों में ही बाघ के पगमार्क मिले हैं। उस रेस्क्यू करने के लिए 12 ट्रैप कैमरे और दो पिंजरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पगमार्क 13×14 सेमी के हैं। इससे माना जा रहा है कि बाघ वयस्क है। उसकी उम्र तीन साल से अधिक है।

डीएफओ पांडेय ने बताया कि अभी बाघ को ट्रैप करने की कोशिशें जारी हैं। विभाग की टीमें दिन-रात निगरानी कर रही हैं। फिलहाल बाघ को पिंजरे में ट्रैप करने की कोशिश की जा रही है। ट्रैंकुलाइजर को आखिरी विकल्प के तौर पर रखा गया है। लखनऊ जू के पूर्व निदेशक आरके सिंह ने बताया कि आमतौर वयस्क होने के बाद बाघ को कुनबे से अलग किया जाता है। इसके बाद वे अपना नया इलाका बनाने के लिए निकलते हैं, लेकिन रास्ते की समझ न होने के कारण कई बार भटक जाते हैं। अमूमन सीतापुर, पीलीभीत और लखीमपुर से बाघ लखनऊ आते हैं। बाघ के लिए गोमती किनारे-किनारे लखनऊ आना भी आसान होता है। बाकी जिलों में रेस्क्यू किए गए बाघ आमतौर पर पीलीभीत के जंगल से भटके थे। बाघ का मूवमेंट रात में होता है। ये दिन में छिपकर रहते हैं और आसपास के इलाके में एडजस्ट कर लेते हैं। थोड़ा सा भी खतरा महसूस होने पर घंटों बिना आवाज किए छिपे रहते हैं। इनके पंजे गद्दीदार होते हैं। ऐसे में चलने पर आवाज भी नहीं होती। वहीं रहमानखेड़ा में दिखे बाघ ने अभी तक किसी मवेशी का शिकार नहीं किया है। वह जंगली जानवर का ही शिकार कर रहा है। नीलगाय मारकर खाने के बाद वह कई दिन आराम से छिपकर रह सकता है। इस कारण भी वह ट्रेस नहीं हो पा रहा। इंसानी बस्ती में बाघ के आदमखोर होने की आशंका ज्यादा रहती है, लेकिन हर बाघ के आदमखोर होने की बात सही नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक, जिस बाघ में ज्यादा उम्र के कारण शिकार करने की ताकत नहीं होती या जो शारीरिक रूप से कमजोर या बीमार हो, वे आदमखोर बनते हैं।

## बच्चों का रंग रूप बदलकर नि:संतान दंपत्ति को बेचने वाला गिरोह धराया

**`* देश भर में मानव तस्करी से जुड़ा है ये गिरोह**

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो छोटे बच्चों को चुराकर और कृत्रिम रूप से उनका रंग-रूप बदलकर उन्हें जरूरतमन्दों को बेच देता था. मुंबई की माटुंगा पुलिस के जाँच में ये खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने तीन लड़कियों और दो लड़कों को 3.8 लाख रुपये में बेचा था. यह गिरोह बच्चों के रंग और चेहरे-मोहरे के आधार पर पैसे तय करता था। बाद में इन बच्चों को जरूरतमंदों को बेच दिया जाता था। बच्चों को अधिक सुंदर, गोरा और बड़ा दिखाने के लिए विभिन्न प्रकार के बेबी हार्मोन का उपयोग किया जाता था। पुलिस के मुताबिक गिरोह में नौ महिलाओं के साथ दस अन्य आरोपी शामिल हैं. नौ महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है. यह बात सामने आई है कि ये नौ महिलाएं और दस अन्य देश भर में मानव तस्करी से जुड़े हुए हैं. ये लोग मानव तस्करी गिरोह के लिए काम करते हैं. इसके अलावा यह गिरोह ऐसे लोगों को भी ढूंढता है जो निस्संतान हों। ऐसे लोग तलाश कर इन चुराए गए बच्चों को ऊंची कीमत पर बेच देते हैं. इसके अलावा, गिरोह पीड़ितों को वेश्यावृत्ति, भीख मांगने और अन्य शोषणकारी गतिविधियों के लिए मजबूर करता है। लड़कियों को समय से पहले बड़ा किया जाता है, हार्मोन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं और फिर बेच दिया जाता है। अब इस पूरे मामले में पुलिस को इन आरोपियों से मानव तस्करी के शिकार लड़के, लड़कियों, किशोरों और कुछ वयस्कों की सूची मिली है और सूची के अनुसार जांच चल रही है. वहीं पुलिस ने कर्नाटक से अपहृत बच्चे को छुड़ा लिया है और 10 लोगों को हिरासत में लिया है. बताया गया है कि माटुंगा पुलिस को दादर के तिलक ब्रिज के नीचे फुटपाथ पर रहने वाली एक महिला की एक महीने की बेटी को 1 लाख रुपये में बेचा जा रहा है। जांच करने पर पुलिस को जानकारी मिली कि महिला के पति को पुलिस ने एक मामले में गिरफ्तार किया था. उसकी जमानत के लिए एक लाख रुपये की जरूरत थी. पैसे नहीं होने पर महिला ने अपनी बेटी को बेच दिया। इस जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि पूरे गिरोह का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है.

# एमवीए की हार के बाद सपा का ऐलान, बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेंगे

*** महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी का दावा- अखिलेश से हो चुकी बात**



नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने दावा किया कि बीएमसी चुनाव सपा अकेले ही लड़ेगी। महाविकास अघाड़ी से पूरी तरह से किनारा करने पर अबू आजमी ने कहा कि हम सेक्युलर लोग हैं। बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया, ऐसा करने वाले लोगों को कोर्ट अपराधी मानता है, वहीं कुछ लोग कहेंगे कि हम उनको बधाई देना चाहते हैं। यह संविधान के खिलाफ है और ऐसे लोगों के साथ समाजवादी पार्टी नहीं रह सकती है। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से इस पर बात हो गई। बीएमसी का चुनाव सपा अकेली लड़ेगी।

महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठ रहे मुद्दे को लेकर अबू आजमी ने कहा कि हमने बस ड्राइवरों का मुद्दा उठाया। कुर्ला में एक बस एक्सीडेंट में 8 की मौत हो गई और 43 लोग घायल हुए थे। पता चला कि ड्राइवर एक्सपर्ट नहीं था और उसकी ट्रेनिंग सही तरीके से नहीं हुई थी। वहीं मानखुर्द शिवाजी नगर में हुए एक एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने दिखाया कि बस रोकर शराब खरीदी जा रही है। कई लोगों ने दिखाया कि बस की सीट के नीचे शराब की बोतल रखी है। ऐसे में यह लापरवाही है और लोगों की जान जा रही है। हमारी मांग है कि जो कंपनी ड्राइवर को ट्रेनिंग दे रही है, उसको ब्लैकलिस्ट किहया जाए और हत्या का मुकदमा चलाया जाए।

महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर एनसीपी के वरिष्ठ नेता शरद पवार की नाराजगी के सवाल पर अबू आजमी ने कहा कि अजित पवार महायुति का हिस्सा हैं। वह उपमुख्यमंत्री हैं, लेकिन कहीं दिख नहीं रहे हैं। मंत्रियों की नाराजगी को लेकर उन्होंने कहा कि यह फैसला मुख्यमंत्री का होता है। उन्हें अच्छे से पता होगा कि उनके लिया क्या बेहतर है। मेरा कहना है कि जो भी आएं, वह समाज के सभी लोगों के साथ इंसाफ करें, जैसी शपथ उन्होंने ली है।

# निर्दलीय सांसद पप्पू यादव का आरोप, विभाजनकारी राजनीति करती है भाजपा



पटना (एजेंसी)। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भाजपा पर मुद्दों के राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाकर कहा कि यह लोग कब्रिस्तान, शमशान, ईद, जिन्ना और पाकिस्तान जैसे मुद्दों को लेकर राजनीतिक लाभ अर्जित करने जुटे हैं।

उन्होंने कहा, देश में हर चुनाव के वक्त यह मुद्दे फिर से उठाए जाते हैं, ताकि लोगों के बीच नफरत फैला सके और एक विभाजन हो, ताकि वोट बैंक की राजनीति हो सके। उन्होंने कहा, आप देखिए, बीजेपी के नेता हरियाणा जाते हैं, तब जाट को, पंजाब जाते हैं, तब सिख को, महाराष्ट्र जाते हैं, तब मराठी को, यूपी और बिहार जाते हैं, तब यादव को, इन सभी को यह अपने हिसाब से ढालने की कोशिश करते हैं। हर राज्य में अलग-अलग मुद्दे खड़े किए जाते हैं, ताकि हर जगह धर्म और जाति के नाम पर चुनावी फायदे की राजनीति हो। यह जो काम है, यह किसी भी देश या समाज में स्थिरता नहीं ला सकता है, बल्कि यह समाज को और अधिक विभाजित करता है।'

उन्होंने कहा, अगर आप अमेरिका, जर्मनी, जापान जैसे देशों में जाते हैं, तब वहां पर किसी भी धर्म पर विवाद नहीं होता। वहां विकास, शिक्षा, रोजगार पर चर्चा होती है। लेकिन, यहां पर हमारे नेताओं का ध्यान केवल धर्म, जाति और नफरत फैलाने पर है। उन्होंने कहा, जब बात आती है आरक्षण की, तब मैं यह कहना चाहता हूं कि जो 67 फीसदी आरक्षण की बात हो रही है, वह पूरी तरह से सही है। हम यह नहीं कह रहे कि मुसलमानों को आरक्षण चाहिए, बल्कि हम यह कह रहे हैं कि दलितों, आदिवासियों, और अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों को सम्मान देना चाहिए।'

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि किसानों का मुद्दा, बेरोजगारी का मुद्दा, यह सब छुपा दिया जाता है। चुनावी समय में सिर्फ इसतरह के मुद्दे उठाए जाते हैं जो समाज में घृणा फैलाते हैं। असल मुद्दों पर कभी बात नहीं होती। उन्होंने कहा, ÷चुनाव आयोग की भूमिका भी हमेशा संदिग्ध रही है। जब चुनाव आयोग को शक्ति देने की बात होती है, तब उसका दुरुपयोग हो सकता है।

# 9वीं क्लास के छात्रों का पसंदीदा विषय बना एआई, सीबीएसई स्कूलों में हो रहा बहुत लोकप्रिय

नई दिल्ली (एजेंसी)। आधुनिक एजुकेशन में एक बड़ा बदलाव दिख रहा है। अब 9वीं क्लास के छात्र आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को एक लोकप्रिय और पसंदीदा विषय के रूप में अपना रहे हैं। मोदी सरकार ने एआई वर्चुअल रियालिटी (वीआर) और मिक्स्ड रियलिटी (एमआर) जैसी उभरती तकनीकों को स्किल इंडिया इकोसिस्टम में शामिल किया है, ताकि छात्रों को बेहतर करियर के मौके मिल सकें। ये नई तकनीकें अब छात्रों के कौशल को निखारने और भविष्य की चुनौतीपूर्ण दुनिया के लिए उन्हें तैयार करने में मदद कर रही हैं।

2019 में सीबीएसई ने अपने स्कूलों में एआई विषय की शुरुआत की थी और अब ये विषय स्कूलों में बेहद लोकप्रिय होता जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2024-25 सत्र में 4538 स्कूलों के 7,90,999 छात्रों ने 9वीं-10वीं में एआई को विकल्प के रूप में चुना है। इसके अलावा 944 स्कूलों के 50,343 छात्रों ने सीनियर सेकंडरी लेवल पर एआई को विषय के रूप में चुना है। स्कूलों में एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) कोर्स की डिमांड बढ़ रही है। कई छात्र एआई और एमएल में स्पेशलाइजेशन के बाद बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) जैसे कोर्स कर रहे हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी ने 11वीं क्लास की कंप्यूटर साइंस की किताबों में एआई और एमएल को शामिल किया है जिससे छात्रों को इन तकनीकों के बारे में गहरी समझ मिल रही है।

### यूनिवर्सिटी स्तर पर उभरती तकनीकों का विकल्प

यूनिवर्सिटी स्तर पर भी एआई, एमएल, 3डी मशीनिंग, बिग डेटा एनालिसिस और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते हुए कोर्सेज की बहुत डिमांड है। ये कोर्स छात्र को नई तकनीकों के बारे में ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें आने वाले समय में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करते हैं। सीबीएसई से जुड़े करीब 30,373 स्कूलों में से 29,719 स्कूलों में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार है जो 98 प्रतिशत स्कूलों के बराबर है। इसका मतलब है कि सीबीएसई के अधिकांश स्कूलों में छात्रों को एआई और एमएल जैसे तकनीकी विषयों को सीखने के लिए जरूरी उपकरण और संसाधन उपलब्ध हैं।

एआई और एमएल जैसे तकनीकी कोर्सेज की बढ़ती मांग के कारण इनकोर्सेज में छात्रों की रुचि लगातार बढ़ रही है। साथ ही एमआर (मिक्स्ड रियलिटी) एक उभरती हुई तकनीक है जो वीआर (वर्चुअल रियलिटी) और एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) का संयोजन करके एक नया अनुभव प्रदान करती है। इसमें वास्तविक दुनिया की जानकारी को डिजिटल जानकारी के साथ मिलाकर छात्रों को नई तकनीकी दुनिया का अनुभव कराया जाता है।

